
YouTube kanwhizztimes
@kanwhizztimes lucknow
@kanwhizztimes
www.kanwhizztimes.com

# कैनविज टाइम्स
सिर्फ सच

वर्ष-11 | अंक-316 | बुधवार, 20 दिसम्बर 2023 | नगर संस्करण | लखनऊ से प्रकाशित एवं दिल्ली, पंजाब और उत्तराखंड में प्रसारित | मूल्य- ₹ 3.00 | पृष्ठ-12



इंस्टाग्राम पर, श्रीमान चिदम्बरम, आपकी पार्टी ने एक वीडियो डाला था जिसे बाद में हटा लिया गया, यह शर्मनाक है। आपने मुझे अपमानित करने, मेरा अपमान करने, एक किसान के रूप में मेरी पृष्ठभूमि का अपमान करने,सभापति के रूप में मेरे पद का अपमान करने के लिए (कांग्रेस) पार्टी के आधिकारिक प्रवक्ता के ट्विटर हैंडल का इस्तेमाल किया गया।

जगदीप धनखड़

तकनीकी ज्ञान के साथ-साथ जीवन कौशल प्राप्त करें छात्र : मुर्मु 11

अमृतसर में 970 ग्राम हेरोइन सहित दो ड्रोन बरामद 12

## संक्षेप

### उप्र में दो आईपीएस अफसरों के तबादले

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में लगातार शासन की ओर से प्रशासनिक और पुलिस अधिकारियों के तबादले किए जा रहे हैं। इसी क्रम में मंगलवार को दो आईपीएस अधिकारियों के तबादले हुए हैं। शासन से मिली जानकारी के मुताबिक, पुलिस अधीक्षक रेलवे में तैनात आईपीएस पूजा यादव को पुलिस मुख्यालय से सम्बद्ध किया गया है। साथ ही उनकी जगह पर देवरंजन वर्मा को पुलिस अधीक्षक एसआईटी के पद से हटाकर एसपी रेलवे लखनऊ की जिम्मेदारी सौंपी गई है।

### आडवाणी, जोशी को मिला अयोध्या आने का निमंत्रण

**नयी दिल्ली।** अयोध्या में 22 जनवरी 2024 को श्री राम जन्मभूमि मंदिर में रामलला के नवीन विग्रह की प्राण प्रतिष्ठा के कार्यक्रम में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के वरिष्ठ नेता लालकृष्ण आडवाणी और डॉ मुरली मनोहर जोशी को आमंत्रित किया गया है।
विश्व हिन्दू परिषद के अंतर्राष्ट्रीय कार्याध्यक्ष आलोक कुमार ने दोनों वरिष्ठ नेताओं से भेंट करके उन्हें अयोध्या आने का निमंत्रण दिया। दोनों नेताओं ने कार्यक्रम में आने का पूरा प्रयास करने की बात कही है। श्री आलोक कुमार ने आज यहां कहा ल्लराम मंदिर आंदोलन के पुरोधा आदरणीय लाल कृष्ण आडवाणी जी और आदरणीय डॉ मुरली मनोहर जोशी जी को अयोध्या में 22 जनवरी 2024 को राम मंदिर के प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम में आने का निमंत्रण दिया। रामजी के आंदोलन के बारे में बात हुई। दोनों वरिष्ठों ने कहा कि वह आने का पूरा प्रयास करेंगे।

### आईपीसी, सीआरपीसी और एविडेंस एक्ट में बदलाव से जुड़े नए विधेयक लोकसभा में पेश

**नई दिल्ली।** भारतीय दंड संहिता (आईपीसी), दंड प्रक्रिया संहिता (सीआरपीसी) और साक्ष्य अधिनियम (एविडेंस एक्ट) में बदलाव से जुड़े तीन नए विधेयकों को मंगलवार को लोकसभा में पारित किए जाने के लिए पेश किया गया। पिछले हफ्ते विधेयकों को नए सिरे से संसद के विचार हेतु रखा गया था। केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने भारतीय न्याय (द्वितीय) संहिता, 2023, भारतीय नागरिक सुरक्षा (द्वितीय) संहिता, 2023 और भारतीय साक्ष्य (द्वितीय) विधेयक, 2023 लोकसभा में पेश किया। विधेयक पर चर्चा जारी है। कल गृह मंत्री इस पर हुई चर्चा का जवाब दे सकते हैं। गृहमंत्री ने पिछले सप्ताह विधेयकों को पेश करते हुए कहा था कि पिछली बार पेश विधेयकों को गृह विभाग की स्थायी समिति को भेजा गया था। समिति ने विधेयकों में कई बदलाव सुझाए थे। इनमें से बहुत से बदलावों को स्वीकार किया गया है। ऐसे में विधेयकों से जुड़े संशोधन लाने की बजाय नए ढंग से विधेयक लाए गए हैं। तीनों विधेयकों को आज सदन के समक्ष चर्चा और पारित किए जाने हेतु रखा गया है।

## योगी सरकार पीजीआई में बनाएगी प्रदेश का पहला एडवांस्ड पीडियाट्रिक सेंटर

**कैनविज टाइम्स ब्यूरो**

**राहत**

- 575 बेड का होगा सेंटर, 20 से अधिक विभाग और 6 यूनिट करेंगी काम
- सेंटर में बच्चों से जुड़ी सभी बीमारियों का अलग-अलग पीडियाट्रिक एक्सपर्ट करेंगे इलाज

लखनऊ। योगी कैबिनेट ने मंगलवार को प्रदेश के पहले एडवांस्ड पीडियाट्रिक सेंटर की स्थापना का अहम निर्णय लिया है। यह सेंटर पीजीआई में स्थापित किया जाएगा। यह प्रदेश का पहला ऐसा सेंटर होगा, जहां बच्चों से जुड़ी सभी बीमारियों का इलाज अलग-अलग पीडियाट्रिक एक्सपर्ट करेंगे। यह सुविधा अभी तक प्रदेश के किसी भी इंस्टीट्यूट और मेडिकल कॉलेज में उपलब्ध नहीं है। इसके लिए योगी सरकार 199 करोड़ 10 लाख 52 हजार रुपये खर्च करेगी।

एसजीपीजीआई के निदेशक प्रो. डॉ. आरके धीमान ने बताया कि वर्तमान में प्रदेश में 40 प्रतिशत आबादी 0-18 वर्ष की आयु के बच्चों और किशोरों की है। ऐसे में लंबे समय से उनके बेहतर इलाज के लिए एडवांस्ड पीडियाट्रिक सेंटर की स्थापना की आवश्यकता महसूस की जा रही थी। इस पर योगी सरकार को एक प्रस्ताव भेजा गया था, जिसे मंगलवार को कैबिनेट में मंजूरी दे दी गयी। ऐसे में पीजीआई में 575 बेड का एडवांस्ड पीडियाट्रिक सेंटर की स्थापना की जाएगी, जिसमें 20 से अधिक विभाग और 6 यूनिट काम करेंगी। सेंटर की स्थापना दो फ़ेज में की जाएगी। पहले फ़ेज में 310 बेड की स्थापना की जाएगी, जिसमें 12 विभाग और 4 यूनिट काम करेंगी। इसमें 163 बेड नॉर्मल, ● शेष पेज 11 पर

## ज्ञानवापी-विश्वनाथ मंदिर विवाद का निस्तारण जरूरी : हाईकोर्ट

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

- वाराणसी ज्ञानवापी मस्जिद और विश्वेश्वर मंदिर मामले में सभी याचिकाएं खारिज
- हाईकोर्ट ने छह माह में वाद तय करने का दिया निर्देश
- हिन्दुओं की तरफ से वाराणसी में दाखिल वाद पोषणीय



प्रयागराज। इलाहाबाद हाईकोर्ट ने ज्ञानवापी परिसर के स्वामित्व विवाद को लेकर महत्वपूर्ण फैसला दिया है। हाईकोर्ट ने सिविल वाद को पोषणीय माना है और कहा है कि प्लेसेस आफ वर्शिप एक्ट 1991 से सिविल वाद बाधित नहीं है। आदेश 7 नियम 11सिविल प्रक्रिया संहिता के तहत सिविल वाद निरस्त नहीं किया जा सकता।

यह आदेश न्यायमूर्ति रोहित रंजन अग्रवाल ने अंजुमन इंतजामिया मसाजिद कमेटी व सुन्नी सेंट्रल वक्फ बोर्ड की तरफ से दाखिल याचिकाओं को खारिज करते हुए दिया है। कोर्ट ने कहा यह सिविल वाद राष्ट्रीय महत्व का है। दो व्यक्तिगत पक्षों के बीच विवाद नहीं है। यह दो बड़े समुदायों को प्रभावित करता है। कोर्ट ने कहा 32 साल से सिविल वाद लंबित है। पिछले 25 साल तक अंतरिम आदेश के कारण सुनवाई रुकी रही। कोर्ट ने कहा राष्ट्र हित में सिविल वाद यथाशीघ्र तय होना चाहिए। दोनों पक्ष सुनवाई में देरी के बगैर सुनवाई में सहयोग करें। कोर्ट ने अधीनस्थ अदालत को यथासंभव छः माह में वाद तय करने का निर्देश दिया है और कहा है कि सुनवाई अनावश्यक रूप से स्थगित न की जाय। ऐसी दशा में पक्ष पर भारी हर्जाना लगाया जाय। कोर्ट ने ए एस आई को साइंटिफिक सर्वे रिपोर्ट अदालत में पेश करने का निर्देश दिया और कहा कि जरूरी होने पर सर्वे जारी रखा जाय। अधीनस्थ अदालत आदेश जारी करें। कोर्ट ने अंजुमन इंतजामिया मसाजिद कमेटी व सुन्नी सेंट्रल वक्फ बोर्ड की सभी याचिकाएं खारिज कर दी है । हाईकोर्ट का यह फैसला ज्ञानवापी स्थित स्वयंभू भगवान विश्वेश्वर नाथ मंदिर के जीर्णोद्धार का मार्ग प्रशस्त करने की दिशा में मील का पत्थर साबित होगा। ए एस आई सर्वे रिपोर्ट के आधार पर ज्ञानवापी परिसर के स्वामित्व विवाद का हल निकल सकेगा। करोड़ों हिंदुओं की आस्था जीवंत हो उठेगी। कोर्ट ने सभी अंतरिम आदेश भी समाप्त कर दिए हैं। कोर्ट ने कहा कि प्लेसेस आफ वर्शिप एक्ट 1991मे धार्मिक चरित्र परिभाषित नहीं किया गया है केवल पूजा स्थल व बदलाव को परिभाषित किया गया है। किसी स्थान का धार्मिक चरित्र क्या है यह दोनों पक्षों के दावे प्रतिदावे व पेश सबूतों के आधार पर सक्षम अदालत तय कर सकती है। विवादित मुद्दा तथ्य व कानून का है। कोर्ट ने कहा ज्ञानवापी परिसर का हिंदू धार्मिक चरित्र है या मुस्लिम धार्मिक चरित्र, साक्ष्यों के आधार पर प्रारंभिक कानूनी मुद्दे नियत कर अदालत तय कर सकती हैं। ● शेष पेज 11 पर

# संसद की घटना पर विपक्षी दलों के बयान खतरनाक

### भाजपा सांसदों की 2023 की अंतिम संसदीय दल की बैठक में बोले पीएम मोदी

**एजेंसी**



नयी दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने लोकसभा के सदन में दो युवकों के कूदने की घटना पर विपक्ष के बयानों को इस घटना जितना ही खतरनाक और लोकतंत्र विरोधी करार दिया है और कहा है कि आगामी आम चुनाव में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के सदस्यों की संख्या से पूरा सदन भर जाएगा और विपक्ष का संख्या क्या होगी, सबको अंदाजा है।

भाजपा संसदीय दल की वर्ष 2023 की अंतिम बैठक के बाद संसदीय कार्य मंत्री प्रल्हाद जोशी ने यहां संवाददाताओं को बताया कि प्रधानमंत्री श्री मोदी ने बैठक में सभी भाजपा सांसदों को संबोधित करते हुए कहा कि यह वर्ष 2023 की अंतिम संसदीय दल बैठक है। उन्होंने कहा कि वह वर्ष 2014 से यदि दिल्ली में रहे हैं तो एक भी संसदीय दल की बैठक से अनुपस्थित नहीं रहे। इसका कारण यह है कि उनके मन में कार्यकर्ता का भाव अब भी जीवित है। विचार के लिए जीना और उसी के लिए कार्य करने से उन्हें सुखानुभूति होती है।

श्री जोशी ने बताया कि प्रधानमंत्री श्री मोदी ने विपक्षी के इंडी गठबंधन की आज होने वाली बैठक का उल्लेख करते हुए कहा कि 'आज गठबंधन कुछ लोग मिल रहे हैं, इनका मकसद सरकार को उखाड़ फेंकना है जबकि हम सब जो यहां बैठे हैं, हमारा विचार भारत के उज्ज्वल भविष्य के लिए काम करना है। हम भारत के उज्ज्वल भविष्य के लिए जीयेंगे।' श्री मोदी ने वाराणसी में विकसित भारत संकल्प रैली में भाग लेने के अनुभव को साझा किया और

**आत्मचिंतन**

- अपने आचरण के कारण 2024 में और भी कम संख्या के साथ विपक्ष में ही रहेंगे विपक्षी दलः मोदी

कहा कि लोगों की प्रतिक्रिया देख कर हमारा विश्वास कई गुना बढ़ गया है।

पूर्व केन्द्रीय मंत्री रविशंकर प्रसाद ने कहा कि बैठक में प्रधानमंत्री ने कहा कि इस समय हॉल में भाजपा सांसदों से ढाई ब्लॉक भरते हैं लेकिन आने वाले चुनाव के बाद 2024 में पूरा ब्लॉक भाजपा सांसदों से भर जाएगा। विपक्ष के लोगों की संख्या क्या होगी, यह सबको पता है। श्री जोशी ने कहा कि प्रधानमंत्री ने सीमावर्ती गांवों के बारे में चर्चा की और कहा कि गुजरात में पाकिस्तान की सीमा से लगे कच्छ जिले के रन में स्थित सीमावर्ती गांवों में रनोत्सव चल रहा है। सांसद बड़ी संख्या में उसे देखने जाएं। श्री मोदी ने सूरत में हीरा उद्योग के लिए डायमंड पार्क के उद्घाटन का ज़िक्र किया और कहा कि कुछ वर्षों पहले विश्वास नहीं होता था कि ऐसे भवन भारत में बन भी सकेंगे या नहीं। संसदीय कार्य मंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री ने संसद में हुई घटना पर कहा कि जो भी व्यक्ति लोकतंत्र में विश्वास करता है, उसे इसकी घोर निंदा करनी चाहिए। लेकिन कुछ पार्टियां हाल के चुनावों के नतीजों से निराश एवं हताश हो कर संसद की घटना के समर्थन की भाषा बोल रहे हैं। यह उतना ही खतरनाक है जितनी वह घटना थी। प्रधानमंत्री श्री मोदी ने भाजपा के सांसदों से शीतकालीन सत्र के बाकी दिनों में सदन में मौजूद रहने को कहा ताकि आवश्यक विधेयक पारित हो सकें। उन्होंने कहा कि कुछ विधेयक ऐसे हैं जिनका प्रभाव आने वाले सौ डेढ़ सौ साल तक समाज पर पड़ेगा।

# हंगामा करने पर विपक्ष के 49 सदस्य लोकसभा से निलंबित

**एजेंसी**



नयी दिल्ली। लोकसभा में सुरक्षा के मुद्दे पर सदन में भारी हंगामा करने वाले विपक्ष के 49 सांसदों को शीतकालीन सत्र की शेष अवधि के लिए निलंबित कर दिया गया और कार्यवाही दो बजे तक के लिए स्थगित कर दी गई। सुप्रिया सुले, फारूक अब्दुल्ला, शशि थरूर, कार्ति चिदंबरम, डिंपल यादव, एस. टी हसन, दानिश अली और मनीष तिवारी सहित कुल 49 सासंदों को निलंबित किया गया है।

दो बार के स्थगन के बाद साढ़े बारह बजे सदन की कार्यवाही शुरू होते ही विपक्षी सदस्य हंगामा करने लगे। पीठासीन अधिकारी राजेंद्र अग्रवाल ने हंगामा कर रहे कंग्रेस समेत विपक्षी सदस्यों का नाम लिया। उसके बाद संसदीय कार्य मंत्री अर्जुन राम मेघवाल ने सुप्रिया सुले, फारूक अब्दुल्ला, शशि थरूर, कार्ति चिदंबरम, डिंपल यादव, एस. टी हसन, दानिश अली और मनीष तिवारी सहित 49 सासंदों का नाम लिया और निलंबन का प्रस्ताव पारित हो गया। इससे एक बार स्थगन के बाद सदन की कार्यवाही साढ़े बारह बजे शुरू होते ही विपक्षी सदस्य हंगामा करने लगे। पीठासीन अधिकारी राजेंद्र अग्रवाल ने हंगामा कर रहे सदस्यों को शांत रहने की अपील की। उन्होंने कहा कि तख़्तियाँ दिखाना उचित नहीं है। हंगामा नहीं रुकने पर सदन को लोकसभा की कार्यवाही बारह बजकर 30 मिनट तक स्थगित कर दी गई। ● शेष पेज 11 पर

## अटल की जयंती पर बटेश्वर को मिलेगा 100 करोड़ का तोहफा

लखनऊ। भारत रत्न एवं पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी बाजपेयी की जयंती के अवसर पर 25 दिसम्बर को उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ बटेश्वर (आगरा) में 100 करोड़ की विभिन्न परियोजनाओं का शिलान्यास एवं लोकार्पण करेंगे। पर्यटन मंत्री जयवीर सिंह ने मंगलवार को बताया कि यह सारी परियोजनायें संस्कृति एवं पर्यटन विभाग की है। इस अवसर पर आगरा एवं मथुरा के लिए हेलीपोर्ट सेवाओं का शुभारम्भ भी किया जायेगा। श्री बाजपेयी की जन्मस्थली बटेश्वर में 101 प्राचीन एवं विख्यात मंदिरों का समूह है। यहाँ दूर-दूर से लोग दर्शन एवं पूजन करने के लिए आते हैं। यहां पर स्थित शंकर जी का प्राचीन मंदिर भी है। लाखों लोगों की ● शेष पेज 11 पर

## सांसदों के निलंबन के खिलाफ इंडी गठबंधन का शुक्रवार को देशव्यापी प्रदर्शन

**एजेंसी**




- इंडी गठबंधन के घटक दलों ने मिलकर काम करने का फैसला किया, हमारी पहली चिंता चुनाव जीतना और सदस्य संख्या बढ़ाना हैः खड़गे

नयी दिल्ली। विपक्षी दलों के इंडी गठबंधन ने संसद के दोनों सदनों से विपक्ष के सदस्यों के निलम्बन के खिलाफ शुक्रवार (22 दिसंबर) को देशभर में विरोध प्रदर्शन करने का फैसला किया है।

गठबंधन के नेताओं की मंगलवार को यहां हुई बैठक में घटक दलों ने अगले आम चुनाव में जीत के लिए मिलकर काम करने और प्रदेश स्तर पर सीटों के तालमेल को मजबूत के उपाय करने का फैसला किया है। बैठक के बाद कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने कहा कि इंडी गठबंधन विपक्ष के सदस्यों के संसद से निलम्बन के खिलाफ 22 दिसम्बर को देशभर में विरोध प्रदेश करेगा। कांग्रेस प्रवक्ता जयराम रमेश ने कहा राज्यसभा और लोकसभा के कुल 151 विपक्षी सदस्यों को निलम्बित किया गया है और जैसा कि खडगे जी ने कहा है कि हम 22 दिसंबर को हर राज्य में इसके विरोध में मिलकर प्रदर्शन करेंगे। श्री खड़गे ने बैठक की जानकारी देते हुए यह भी कहा हमारी मुख्य चिंता चुनाव ● शेष पेज 11 पर

**नयी आबकारी नीति**

## शादी-ब्याह व अन्य कार्यक्रमों में शराब परोसने का लाइसेंस सिर्फ 12 घंटे के लिए ही मिलेगा

**कैनविज टाइम्स ब्यूरो**

- पुलिस पर लगा अंकुश, बीयर की दुकानों में पिलाने का होगा इंतजाम
- अगले साल पहली अप्रैल से देसी व अंग्रेजी शराब, बीयर व भांग के शौकीनों को और ढीली करनी पड़ेगी जेब
- हवाई अड्डों, मैट्रो व रेलवे स्टेशनों पर बिकेगी महंगी अंग्रेजी शराब

लखनऊ। प्रदेश में शराब के शौकीनों को पहली अप्रैल से देसी, अंग्रेजी शराब, बीयर व भांग के लिए अपनी जेब और ढीली करनी पड़ेगी। मंगलवार को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की अध्यक्षता में हुई कैबिनेट की बैठक में वर्ष 2024-25 के लिए नई आबकारी नीति को मंजूरी दे दी गई। इसके तहत लाइसेंस फीस में वृद्धि कर दी गई है।

अब अंग्रेजी शराब, बीयर, भांग, मॉडल शॉप की दुकानों की वित्तीय वर्ष 2024-25 के लिए वार्षिक लाइसेंस फीस 10 प्रतिशत बढ़ा दी गई है। देसी शराब की लाइसेंस फीस 254 रुपये प्रति लीटर और ड्यूटी 30 रुपये से बढ़ा कर 32 रुपये प्रति लीटर तय की गई है। देसी शराब के पउव में पांच रुपये के गुणांक में अधिकतम खुदरा मूल्य यानि एमआरपी तय होगी।

साथ उत्तर प्रदेश में शादी ब्याह, ईवेंट व अन्य कार्यक्रमों में अब सिर्फ 12 घंटे के दरम्यान या रात 12 बजे तक ही शराब परोसी जा सकेगी। नई नीति में शादी-ब्याह, ईवेंट या अन्य कार्यक्रमों में शराब परोसने के लिए लिए जाने वाले ओकेजनल बार लाइसेंस की अवधि 12 घंटे या रात 12 बजे तक तय की गई है। राज्य की बीयर की फुटकर की दुकानों में अगर 100 वर्गमीटर अलग से जगह है, तो 5000 रुपये का शुल्क अदा कर लाइसेंसी वहां लोगों को बीयर पिलाने का भी इंतजाम कर सकेगा। इसके लिए जिलाधिकारी के अनुमोदन के लिए जिला आबकारी अधिकारी द्वारा अनुमति दी जाएगी। ● शेष पेज 11 पर

# प्रदेश के 57 जनपदों में खुलेंगे साइबर क्राइम थाने

**कैनविज टाइम्स ब्यूरो**

- साइबर क्राइम के बढ़ते मामलों पर नकेल लगाने के लिए योगी सरकार का बड़ा निर्णय
- लोकभवन में आयोजित कैबिनेट की बैठक में साइबर थानों की स्थापना पर लगी मुहर
- निर्णय से प्रदेश के सभी जनपदों में साइबर क्राइम थानों की मौजूदगी का रास्ता होगा साफ
- पुलिस अधीक्षक होंगे जनपदों में स्थापित होने वाले साइबर क्राइम थानों के इंचार्ज
- एनसीआर के 2.40 लाख आवंटियों को योगी सरकार की बड़ी राहत, लाखों आवंटियों के मकानों की हो सकेगी रजिस्ट्री



लखनऊ। उत्तर प्रदेश में बढ़ते हुए साइबर क्राइम के मामलों को देखते हुए योगी सरकार ने मंगलवार को बड़ा फैसला किया है। इसके तहत प्रदेश के 57 जनपदों में साइबर क्राइम थाने स्थापित किए जाएंगे। सीएम योगी की अध्यक्षता में लोकभवन में आयोजित कैबिनेट बैठक में इस प्रस्ताव पर मुहर लग गई।

इस निर्णय के साथ ही प्रदेश के सभी जनपदों में साइबर क्राइम थानों की मौजूदगी हो जाएगी। फिलहाल, प्रदेश के सभी 18 मंडलों में साइबर क्राइम थाने मौजूद हैं। अभी तक आईजी स्तर का अधिकारी इन थानों को देखता था, लेकिन सभी जनपदों में साइबर क्राइम थाने स्थापित होने के बाद पुलिस अधीक्षक इसकी जिम्मेदारी निभाएंगे।

यूपी सरकार ने नोएडा, ग्रेटर नोएडा के लाखों आवंटियों को राहत देने का निर्णय लिया है। जिन आवंटियों ने बिल्डर को पूरा पैसा जमा कर दिया है और कब्जा नहीं मिला है, उन्हें कब्जा दिलाकर उनके फ्लैट की रजिस्ट्री होगी। जो लोग फ्लैट में रह रहे हैं, उनके मकानों की भी रजिस्ट्री हो सकेगी। कोरोनो काल को जीरो पीरियड मानते हुए बिल्डरो को ब्याज नही देना पड़ेगा। यह निर्णय मंगलवार को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की अध्यक्षता वाली कैबिनेट की बैठक में लिया गया।

लोकभवन के मीडिया सेंटर में वित्त एवं संसदीय कार्य मंत्री सुरेश खन्ना ने कैबिनेट के निर्णयों की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि बढ़ते साइबर क्राइम को देखते हुए सभी 75 जनपदों में साइबर थानों की जरुरत महसूस की जा रही थी। 18 मंडल मुख्यालयों में पहले से ही साइबर थाने मौजूद हैं, बल्कि अब बाकी बचे 57 जनपदों में भी थाने स्थापित करने का निर्णय लिया गया है। इसकी स्थापना पर सरकार पर लगभग एक अरब, 27 करोड़, 24 लाख, 51 हजार रुपये से अधिक की धनराशि का ● शेष पेज 11 पर

### योगी सरकार बढ़ायेगी अधिवक्ता कल्याण निधि

लखनऊ। उत्तर प्रदेश सरकार ने अधिवक्ता कल्याण निधि में 100 करोड़ रुपये के इजाफ़े के प्रस्ताव को मंजूरी प्रदान कर दी है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की अध्यक्षता में मंगलवार को मंत्रिमंडल की बैठक में यह फैसला किया गया। वित्त मंत्री सुरेश खन्ना ने बैठक के बाद पत्रकारों को यह जानकारी देते हुये बताया कि सरकार ने अधिवक्ताओं को राहत देते हुए अधिवक्ता कल्याण निधि में 100 करोड़ रुपए के इजाफ़े के प्रस्ताव को भी मंजूरी दे दी है। उन्होने बताया कि अधिवक्ता की मृत्यु पर इस निधि से उसके परिजनों की मदद की जाती है। पहले यह राशि 1.5 लाख रुपए थी, जिसे बढ़ाकर पांच लाख कर दिया गया था। फिलहाल यह निधि 200 करोड़ रुपए की है, जिसे 500 करोड़ तक ले जाने का लक्ष्य है।

### दूसरे प्रदेश के व्यापारियों को यूपी में कारोबार के लिए लाइसेंस दिये जाने के प्रस्ताव को मंजूरी

लखनऊ। कैबिनेट ने ई-नाम योजना जिसमें राष्ट्रीय स्तर पर बाजार उपलब्ध कराने की व्यवस्था है, को प्रभावी बनाने के लिए प्रदेश के बाहर के व्यापारियों को भी यूपी में कारोबार के लिए मंडी एक्ट में संशोधन संबंधी प्रस्ताव को मंगलवार को मंजूरी प्रदान कर दी है। इससे अब प्रदेश के बाहर के व्यापारी भी यहां का लाइसेंस लेकर प्रदेश के किसानों के साथ कारोबार कर सकते हैं। इसके लिए उत्तर प्रदेश कृषि उत्पादन मंडी नियमावली को संशोधित कर अब उत्तर प्रदेश कृषि उत्पादन मंडी नियमावली-2023 प्रख्यापित किया जा सकेगा। इसमें बाहरी व्यापारियों को एक विशेष सुविधा यह होगी कि अगर वे दूसरे प्रदेश में पंजीकृत होंगे या लाइसेंसधारी होंगे तो उस आधार पर ही बिना किसी अन्य कागजात के यूपी में लाइसेंस जारी किया जा सकेगा। प्रदेश में स्थानीय व्यापारियों को यूपी की मंडियों में कारोबार के लिए पहले लाइसेंस लेना होता है, उसके बाद ही वे व्यापार कर पाते हैं संशोधित नियमावली के बाद बाहरी व्यापारियों को उनके गृह राज्य के लाइसेंस के आधार पर ही यूपी का भी लाइसेंस जारी किया जा सकेगा।

# उप्र ने नल कनेक्शन देने में राष्ट्रीय औसत को भी किया पार

## जल शक्ति मंत्री स्वतंत्र देव ने विभाग की पूरी टीम को दी बधाई

कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ। उत्तर प्रदेश में रोजाना युद्धस्तर पर दिए जा रहे नल कनेक्शन का असर अब आंकड़ों में भी दिखने लगा है। उप्र में नल कनेक्शन देने की रफ्तार अब राष्ट्रीय औसत से अधिक हो गई है। यूपी ने मंगलवार को 72.2 प्रतिशत ग्रामीण परिवारों तक नल से जल पहुंचाने का लक्ष्य पूरा किया है जबकि राष्ट्रीय स्तर पर देश में 72 प्रतिशत नल कनेक्शन दिये गये हैं।

इस उपलब्धि को हासिल करने वाला उत्तर प्रदेश अकेला राज्य है। इस उपलब्धि पर जल शक्ति मंत्री स्वतंत्र देव सिंह ने नमामि गंगे एवं ग्रामीण जलापूर्ति विभाग और जल निगम (ग्रामीण) की पूरी टीम को बधाई दी है। उन्होंने कहा है कि उत्तर प्रदेश निरंतर जल जीवन मिशन की हर घर जल योजना में बुलंदियां हासिल कर रहा है। हम बहुत जल्द उप्र के एक-एक ग्रामीण परिवार तक नल से शुद्ध पेयजल पहुंचाने का लक्ष्य भी पूरा करेंगे। 2019 में जब हर घर नल योजना की शुरुआत हुई तब उप्र में महज 1.96 प्रतिशत घरों में नल कनेक्शन था।



वही 2019 में राष्ट्रीय औसत 16.81 प्रतिशत था। इस दौरान दो साल तक कोरोना महामारी के बाद भी महज चार साल में उप्र का औसत राष्ट्रीय औसत से अधिक हो गया है। राज्य सरकार के एक प्रवक्ता का कहना है कि ग्रामीण क्षेत्रों में प्रतिदिन 40 हजार से अधिक नल कनेक्शन दिये जा रहे हैं। बुंदेलखंड के अधिक्तर जिलों में 90 प्रतिशत से अधिक ग्रामीण परिवारों तक स्वच्छ पेयजल की सप्लाई दी गई है। महोबा में 97.57 प्रतिशत, ललितपुर में 97.33 प्रतिशत, झांसी में 96.40 फीसद और बांदा में 95.39 प्रतिशत ग्रामीण परिवारों को हर घर जल की सौगात मिली है। वहीं विंध्य क्षेत्र में भी तेजी से नल कनेक्शन दिये जा रहे हैं। मीरजापुर जिले में 96.27 प्रतिशत प्रतिशत नल कनेक्शन दिये गये हैं। पश्चिम क्षेत्र की बात करें तो बागपत जिले में 93.77 प्रतिशत, शामली में 92.94 फीसद, मेरठ 91.32 प्रतिशत और पूरब के वाराणसी में ग्रामीण परिवारों को 90 प्रतिशत से ऊपर नल कनेक्शन प्रदान कर स्वच्छ पेयजल की सप्लाई भी शुरू करा दी गई है। प्रवक्ता ने बताया कि बुंदेलखंड और विंध्य के जिलों में हर घर तक नल से जल पहुंचाने के बाद अब सरकार का फोकस आगरा, मथुरा और फिरोजाबाद पर है। योजना के चतुर्थ फ़ेज के तहत इन जिलों में गंगा और यमुना नदियों से पानी देने का विषेश अभियान चलाया जा रहा है। इन जिलों में जल सप्लाई पहुंचाने का कार्य दिसम्बर 2024 तक पूरा किया जाना है। सरकारी प्रवक्ता के अनुसार उत्तर प्रदेश में जल जीवन मिशन की ग्रामीण परिवारों को हर घर जल पहुंचाने की योजना का कार्य युद्ध स्तर पर पूरा किया जा रहा है। योजना से ग्रामीण युवाओं को रोजगार के मौके भी दिये जा रहे हैं। अब तक सात लाख से अधिक युवाओं को प्लंबर, इलेक्ट्रीशियन, मोटर मैकेनिक, फिटर, राजमिस्त्री और पम्प ऑपरेटर्स का प्रशिक्षण दिया जा रहा है। 4,80,000 से अधिक ग्रामीण महिलाओं को पानी जांच की ट्रेनिंग दी जा चुकी है।

# बाबा विश्वनाथ की काशी में पर्यटकों की संख्या में उत्तरोत्तर बढ़ोत्तरी

कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ। बाबा विश्वनाथ की नगरी वाराणसी में पिछले दो वर्षों के दौरान पर्यटकों की संख्या में उल्लेखनीय वृद्धि दर्ज की जा रही है। आधिकारिक सूत्रों ने मंगलवार को बताया कि इस साल की शुरुआत से दो दिसंबर के बीच वाराणसी में पांच करोड़ 38 लाख से अधिक पर्यटकों की आमद हुई, वहीं दो वर्ष में बनारस पहुंचने वालों का आंकड़ा 13 करोड़ से अधिक रहा। पर्यटकों की संख्या में बढोत्तरी से यहां रोजगार, व्यापार व कारोबार ने नई तेजी पकड़ ली है।

उन्होने बताया कि दो दिसंबर तक यहां भारतीय पर्यटकों की संख्या 5 करोड़ 37 लाख 87 हजार के आसपास रही तो विदेशी पर्यटकों की संख्या 13 हजार 700 से अधिक रही। इसके बाद भी यहां आने वाले पर्यटकों की संख्या में निरंतर वृद्धि हो रही है। 2023 में सर्वाधिक पर्यटक अगस्त में आए। अगस्त में 9722206 पर्यटक काशी आए, जबकि जुलाई में यह आंकड़ा 7262891 रहा। जनवरी 2023 में 4429590, फरवरी में 4134807, मार्च में 3781060, अप्रैल में 4267858, मई में 3225476, जून में 3696346 पर्यटकों ने पीएम मोदी की काशी का अवलोकन किया। सितंबर में 3897844, अक्टूबर में 4255674, नवंबर में 4826776 पर्यटकों का आगमन काशी में हुआ। वहीं दो दिसंबर तक के आंकड़ों पर नजर दौड़ाएं तो यह 307430 रहा। दो दिसंबर के बाद नव वर्ष तक भी यहां निरंतर पर्यटकों व श्रद्धालुओं का आवागमन जारी रहेगा।

# गांधी का जीवन, विचार एवं कर्म सभी के लिए प्रासंगिक एवं प्रेरक : प्रो. मनमोहन कृष्ण

कैनविज टाइम्स संवाददाता

प्रयागराज। इलाहाबाद विश्वविद्यालय के गांधी विचार एवं शांति अध्ययन संस्थान में 'गांधी संगत' के अंतर्गत विशिष्ट व्याख्यान एवं प्रमाण पत्र वितरण कार्यक्रम हुआ। मुख्य अतिथि वरिष्ठ गांधीवादी विचारक प्रो. मनमोहन कृष्ण ने गांधी को याद करते हुए केवल तथ्य प्राप्त करने तक सीमित न रहकर उसके अन्वेषण पर कार्य करने पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि गांधी का जीवन हमारे सामने असीम सम्भावनाओं के द्वार खोलता है। गांधी का जीवन, विचार और कर्म आज हम सभी के लिए बेहद प्रासंगिक एवं प्रेरक हैं।

उन्होंने युवाओं को गांधी के कार्य से बहुत कुछ सीखने की सलाह दी। साथ ही युवा पीढ़ी को संकेत किया कि आप केवल गांधी के बारे में सुनने पर विश्वास ना करें बल्कि स्वयं किताबों, पत्रिकाओं और उपलब्ध व्याख्यानों को सुनें। उन्होंने गांधी के राजनीतिक गुरु गोपाल कृष्ण गोखले के



उपदेश का भी जिक्र किया जिसमें उन्होंने गांधी को भारत में कोई भी काम करने से पहले पूरे देश का भ्रमण करने की सलाह दी थी। उन्होंने कहा गांधी किसी भी सभा में बोलने से पहले फील्ड वर्क बहुत करते थे। गांधी कहते थे कि जो व्यक्ति शारीरिक श्रम नहीं करता, उसका सीधा सा अर्थ है वह दूसरों के श्रम का दुरुपयोग करता है। दूसरों का शोषण करता है। उन्होंने कहा कि मानव समाज कैसा होना चाहिए यही गांधी के चिंतन का सार है। स्वयं की आलोचना सुनना हमें गांधी से सीखने की जरूरत है। गांधी को बहुत बड़ा जादूगर बताते हुए कहा ल्लगांधी ऐसा जादूगर था, जो कह देता था वह हो जाता था।ल्ल पूरा देश उनके पीछे चल देता था।

प्रारम्भ में संस्थान के निदेशक प्रोफ़ेसर संतोष भदौरिया ने संस्थान में पिछले एक वर्ष में सम्पन्न अनेक गतिविधियों से अवगत कराया। उन्होंने संगोष्ठी, कार्यशाला, गांधी सप्ताह, विशिष्ट व्याख्यान, किशोर केंद्रित कार्यशाला, अनुवाद कार्यशाला, किताब पर बात आदि कार्यक्रमों का जिक्र किया। व्याख्यान के बाद 'गांधी सप्ताह' के प्रतिभागी विजेताओं को प्रमाण पत्र प्रदान किए गए। संचालन संस्थान के असिस्टेंट प्रोफ़ेसर डॉ. तोषी आनंद एवं धन्यवाद ज्ञापन डॉ सुरेंद्र कुमार ने किया।

## सांस्कृतिक गतिविधियां हमारे आने वाली पीढ़ी की प्रतिभाओं को बढ़ाने में कारगर: वीके सिंह

गाजियाबाद। केंद्रीय सड़क परिवहन राजमार्ग एवं नगर विमानन राज्यमंत्री जनरल डॉक्टर विजय कुमार सिंह ने मंगलवार को कहा कि सांस्कृतिक गतिविधियां हमारे आने वाली पीढ़ी की प्रतिभाओं को बढ़ाने में कारगर साबित हो रही हैं। श्री सिंह यहां दीनदयाल उपाध्याय ऑडिटोरियम में आयोजित सांसद सांस्कृतिक समागम कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि बोल रहे थे। कार्यक्रम में प्रदर्शनी, लोक संगीत, लोक नृत्य, लोक कथा मंचन, शास्त्रीय नृत्य, नुक्कड़ नाटक, मुशायरा, कविता गायन, रंगोली कार्यक्रम आयोजित किया गया। मंत्री ने उपस्थित सभी बच्चों को कार्यक्रम में पहुँचने व प्रतिभाग करने वाले सभी बच्चों को संबोधित करते हुए कहा कि इस तरह के मैं जिला प्रशासन के तमाम अधिकारियों को धन्यवाद का पत्र मानता हूं जिन्होंने इतना अच्छा और सुंदर कार्यक्रम गाजियाबाद में आयोजित किया है। इस कार्यक्रम में लगी प्रदर्शनी में बच्चों द्वारा हस्त निर्मित उत्पादों को देख डॉ. वीके सिंह ने प्रसन्नता व्यक्त की ।

# तकनीकी संस्थानों में कौशल विकास पर ध्यान केंद्रित कर रही योगी सरकार

कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ। उत्तर प्रदेश सरकार ने राज्य में नए बने आईटीआई व पॉलिटेक्निक संस्थानों के संचालन तथा प्रशिक्षुओं की ट्रेनिंग प्रणाली की प्रक्रिया विकसित करने पर फोकस किया है।

आधिकारिक सूत्रों ने मंगलवार को बताया कि डिपार्टमेंट ऑफ वोकल एजुकेशन, स्किल डेवलपमेंट, आंत्रप्रेन्योरशिप व डिपार्टमेंट ऑफ टेक्निकल एजुकेशन (यूपीवीईएसडीएंडटीई) ने उत्तर प्रदेश के विभिन्न जिलों में नए बने आईटीआई व पॉलिटेक्निक संस्थानों के संचालन तथा प्रशिक्षुओं की ट्रेनिंग व कौशल विकास की प्रणाली को सुचारू रूप से क्रियानवित करने के लिए एजेंसियों के चयन की प्रक्रिया शुरू कर दी है। इस संबंध में यूपीवीईएसडीएंडटीई की ओर से रिक्वेस्ट फॉर प्रपोजल (आरएफपी) माध्यम से एजेंसियों के निर्धारण के लिए आवेदन मांगे गए हैं जो कि पब्लिक प्राइवेट पार्टनरशिप (पीपीपी) मोड बेस्ड होगी। यूपीवीईएसडीएंडटीई द्वारा चयनित एजेंसी को प्रदेश के विभिन्न नए बने आईटीआई व पॉलिटेक्निक्स में संस्थानागत बुनियादी ढांचे की सुविधाओं में इजाफा करने, ट्रेनिंग की आवश्यकताओं को देखते हुए तंत्र विकसित करने, संस्थानों की कार्यप्रणाली को मॉडर्न टेक्नोलॉजिकल अपग्रेडेशन से लैस करने तथा उचित संचालन जैसे कार्य दायित्वों का निर्वहन करना होगा।

यूपीवीईएसडीएंडटीई द्वारा किए गए समझौते के तहत लागू कानूनों के प्रावधानों के अनुसार संस्थान का संचालन, रखरखाव और प्रबंधन का कार्य भी एजेंसी को पूर्ण करना होगा। इसके अतिरिक्त, एजेंसी को इन कार्यों के निर्वहन के लिए निर्धारित समयावधि के अंतर्गत कुछ प्रावधानित आर्थिक लाभ व रियायतें भी मिलेंगी। परियोजना के अंतर्गत जिन प्रस्तावित आईटीआई व पॉलिटेक्निक्स में वर्तमान में निर्माण कार्य जारी हैं उनमें निर्धारित परियोजनाओं को पूर्ण करने के लिए भी एजेंसी को तमाम तरीके की सुविधाएं दी जाएंगी। वह यह भा सुनिश्चित करेगा कि यदि कोई निर्दिष्ट उपकरण, सामग्री या कोई प्रक्रिया जो बौद्धिक संपदा कानूनों के तहत कवर/संरक्षित है, तो ऐसे उपकरणों, सामग्रियों या प्रक्रियाओं के उपयोग के लिए सभी आवश्यक अधिकार व लाइसेंस लागू कानूनों के अनुसार ही प्रयोग में लाया जाए। एजेंसी द्वारा फैकल्टी मेंबर्स व अन्य स्टाफ का भी चयन व निर्धारण किया जा सकता है तथा समय-समय पर उनकी मॉनिटरिंग की जा सकेगी। इसके अतिरिक्त, फैकल्टी मेंबर्स और परिचालन कर्मचारियों की नियुक्ति में इस बात का विशेष ध्यान रखा जाएगा कि ऐसे व्यक्ति विधिवत योग्य हैं और पर्याप्त अत्याधुनिक प्रशिक्षण का तजुर्बा रखते हैं। जाहिर है, इन प्रक्रियाओं को पूर्ण करने पर आईटीआई व पॉलिटेक्निक्स में मॉडर्न इक्विप्मेंट्स के साथ टेक्नॉलोजिकल एडवासमेंट में वृद्धि होगी।

# मनरेगा श्रमिकों को आधार बेस्ड पेमेंट सिस्टम से किया जाय भुगतान: केशव

कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ। उत्तर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने ग्राम्य विकास विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि मनरेगा श्रमिकों को आधार बेस्ड पेमेंट सिस्टम से पारिश्रमिक का भुगतान समय से किया जाये। श्रमिकों के पारिश्रमिक भुगतान में लापरवाही या हीलाहवाली किसी भी दशा में क्षम्य नहीं होगी।

उप मुख्यमंत्री ने निर्देश दिया है कि मनरेगा श्रमिकों के भुगतान संबंधी कार्यों में उदासीनता या लापरवाही करने वाले अधिकारियों के विरुद्ध सख्त कार्यवाही की जाये। कहा है कि मनरेगा में जब भी कोई जॉब कार्ड धारक काम की मांग करें तो उन्हें तत्काल काम दिया जाये और काम के बदले उसके पारिश्रमिक का भुगतान विभाग द्वारा निर्धारित प्रक्रिया के तहत समय से किया जाए। मनरेगा श्रमिकों को आधार बेस्ड पेमेंट सिस्टम के कार्यों में उदासीनता पाये जाने पर ग्राम्य विकास विभाग के आयुक्त जी.एस. प्रियदर्शी द्वारा 03 जनपदों



के उपायुक्तों (श्रम रोजगार) को कारण बताओ नोटिस जारी किया है। उप मुख्यमंत्री की ओर से विषय की संवेदनशीलता को देखते हुए लगातार इसकी समीक्षा की गयी और अधिकारियों का मार्गदर्शन किया जाता रहा, जिसके कारण बहुत ही उत्कृष्ट व उल्लेखनीय प्रगति हुई है। माह सितंबर में प्रदेश का औसत प्रगति 74 फीसदी थी जो अब 91 फीसदी पर पहुंच गई है। विभाग द्वारा भी जिलों को पत्राचार, दूरभाष एवं साप्ताहिक वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से लगातार दिशा निर्देश जा रहे हैं।

# सुशांत गोल्फ सिटी थाने पर किसानों का अनिश्चित कालीन धरना

कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ। थाना सुशांत गोल्फ सिटी के सामने भारतीय किसान यूनियन का धरना चालू हो गया है।धरने का नेतृत्व संगठन के मंडल अध्यक्ष सुरेंद्र कुमार वर्मा ने किया।उन्होंने किसानो को संबोधित करते हुए कहा कि संगठन के कार्यकर्ता संदीप पाल पुत्र सत्य नारायण पाल निवासी माढर मऊ की भूमि तहसील प्रशासन की ओर से चिन्हित करने के बाद उस पर बाउंड्री वॉल का निर्माण करा दिया गया था।उस भी पर एक भू माफिया ने कब्जा कर लिया।इस मामले मे थाने की पुलिस पीड़ित के बजाय आरोपी के पक्ष मे खड़ी नजर आ रही है।थाने की पुलिस ऐसे ही लोगो का साथ दे रही है।शिकायत कर्ताओं का दर्द सुनने के बजाय उनको पुलिस प्रताड़ित करने का काम कर रही है।पुलिस के खिलाफ इसी तरह के अन्य तमाम मामले सामने है लेकिन पुलिस पीड़ितो को हो पीड़ा पहुंचाने



का काम कर रही है।मजबूर होकर भाकियू को धरना प्रर्दशन करना पड़ रहा है।भाकियू के धरने मे वीरू गुप्ता उर्फ करन,मंडल महामंत्री दिलराज सिंह,किसान नेता राज कमल सोनी,जिला वरिष्ठ उपाध्यक्ष श्रवण यादव,मंडल सचिव पंकज गुप्ता,युवा जिला अध्यक्ष मनीष काका,जिला सचिव शारदा प्रसाद पटेल,जिला अध्यक्ष राजेश कुमार रावत ब्लाक अध्यक्ष गोसाईगंज लालता प्रसाद पटेल,ब्लाक महा मंत्री देवेंद्र सिंह,महिला ब्लाक अध्यक्ष नीतू सिंह शर्मा,कल्लू रावत,ब्लाक अध्यक्ष सरोजिनी नगर मेवालाल प्रजापति,ब्लाक उपाध्यक्ष सरोजिनी नगर,हनुमान रावत,ग्राम अध्यक्ष जौखंडी नौमीलाल,शिव सागर धीमान,महिला किसान नेता मिथलेश,पिंकी,ज्योति कुमारी,श्रीमती दीपा,सुनीता,प्रियंका देवी, व लाल बहादुर पाल सहित अन्य तमाम लोग मौजूद रहे।

## लखनऊ मेट्रो ट्रेन में सांता क्लॉस यात्रियों को बांटेगा गिफ्ट, चॉकलेट व अन्य सामान

लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता। उत्तर प्रदेश मेट्रो रेल कॉर्पोरेशन लिमिटेड के जनसंपर्क विभाग ने बताया कि लखनऊ मेट्रो हर वर्ष पर क्रिसमस के शुभ अवसर पर आयोजन करता आया है। इस वर्ष भी लखनऊ मेट्रो हजरतगंज मेट्रो स्टेशन पर 20 से 25 दिसंबर के बीच भव्य क्रिसमस कार्निवल का आयोजन करने जा रहा है। सप्ताह भर चलने वाले कार्निवल में गैर सरकारी संगठन एवं स्वयं सहायता समूह से जुड़े करीब 50 छोटे एवं मझौले विक्रेता स्टॉल लगाएंगे। कार्निवल में लगे स्टॉल में होममेड चॉकलेट, हस्तशिल्प उत्पाद, खिलौने, बेकरी, सूखे मेवे, पौधे, कपड़े, साज-सजावट का सामान, मोमबत्ती, स्नैक्स, आभूषण जैसे अन्य सामानों का प्रदर्शन करने के साथ बिक्री के लिए भी रखा जाएगा। 25 दिसंबर को शाम 6 से 8 बजे तक हजरतगंज मेट्रो स्टेशन पर म्यूजिक बैंड का आयोजन किया जाएगा। इसके अलावा क्रिसमस थीम पर मेट्रो यात्रियों के लिए सेल्फी प्वाइंट बनाया जाएगा। क्रिसमस को यात्रियों को साथ मनाने के लिए 25 दिसंबर को सांता क्लॉस लखनऊ मेट्रो ट्रेन में घूम कर यात्रियों को गिफ्ट, चॉकलेट एवं अन्य सामान बांटेगा।

## 06 खिलाड़ियों ने प्राप्त किया स्वर्ण एवं कांस्य पदक

लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता। भारत सरकार के खेल एवं युवा मंत्रालय द्वारा नई दिल्ली में 10 से 12 दिसंबर 2023 तक प्रथम खेलो पैरा इंडिया गेम-2023 का आयोजन किया गया। इसमें डॉ शकुंतला मिश्रा राष्ट्रीय पुनर्वास विश्वविधालय लखनऊ के 06 खिलाड़ियों ने स्वर्ण एवं कांस्य पदक प्राप्त किया। प्रतियोगिता में उत्तर प्रदेश को कुल 06 पदक प्राप्त हुए, जिनमें से 04 खिलाड़ी डा शकुंतला मिश्रा विश्वविधालय के हैं।

# दुनिया का सबसे बड़ा मेडीटेशन सेंटर है 'स्वर्वेद महामंदिर'

कैनविज टाइम्स संवाददाता

वाराणसी। स्वर्वेद मंदिर का नाम स्वः और वेद से बना है स्वः का एक अर्थ है आत्मा, वेद का अर्थ है आत्मा, वेद का अर्थ है ज्ञान। जिसके द्वारा आत्मा का ज्ञान प्राप्त किया जाता है, जिसके द्वारा स्वयं का ज्ञान प्राप्त किया जाता है, उसे ही स्वर्वेद कहते हैं। इस मंदिर की दीवारों पर 4000 वेदों से जुड़े दोहे भी लिखे गए हैं। साथ ही मंदिर की बाहरी दीवारों पर उपनिषद, महाभारत, रामायण, गीता आदि से जुड़े चितचित्र बनाए गए हैं जिससे लोग कुछ प्रेरणा लें सकें। जबकि मंदिर की आकृति कमल के फूल जैसा है। इसके शिखर पर 125 पंखुड़ियों वाला कमल की आकृति बनी है। दावा है कि यह दुनिया का सबसे बड़ा मेडीटेशन सेंटर है, जिसकी नक्काशी कुछ इस कदर है, देखने वालों की निगाहे ठहर सी जाती है। देखने में यह बेहद खूबसूरत है। खास है कि इसमें ध्यान के लिए एक समय में 20,000 लोग बैठ सकते हैं। सात मंजिला इस गुंबद की दीवारों पर स्वर्वेद के छंद उकेरे गए हैं

- ❐ मंदिर की दीवारों पर 4000 वेदों से जुड़े दोहे भी लिखे गए हैं
- ❐ मंदिर की बाहरी दीवारों पर उपनिषद, महाभारत, रामायण, गीता आदि से जुड़े चितचित्र बनाए गए हैं
- ❐ मंदिर की आकृति कमल के फूल जैसा है
- ❐ इसके शिखर पर 125 पंखुड़ियों वाला कमल की आकृति बनी है
- ❐ इसमें ध्यान के लिए एक समय में 20,000 लोग बैठ सकते हैं
- ❐ सात मंजिला इस गुंबद की दीवारों पर स्वर्वेद के छंद उकेरे गए हैं

मंदिर का नाम स्वर्वेद से लिया गया है, जो शाश्वत योगी और विहंगम योग के संस्थापक सद्गुरु श्री सदाफल देवजी महाराज द्वारा लिखित एक आध्यात्मिक ग्रंथ है। संत सदाफल महाराज ने 17 वर्षों तक हिमालय में स्थित आश्रम में गहन साधना की। वहां से उन्हें जो ज्ञान प्राप्त हुआ उसे



ही ग्रंथ के रूप में पिरोया। उसी ग्रंथ का नाम स्वर्वेद है। यह महामंदिर वाराणसी के चौबेपुर स्थित उमरहा में है। स्वर्वेद महामंदिर की सबसे बड़ी विशेषता है कि यहां पर भगवान की नहीं, योग- साधना की पूजा होती है। जहां स्व में आत्मा और परमात्मा से सीधा जुड़ाव है। स्वर्वेद महामंदिर का उद्देश्य मानव जाति को अपनी शानदार आध्यात्मिक आभा से रोशन करना है, जिससे दुनिया को शांतिपूर्ण सतर्कता की स्थिति में आच्छादित किया जा सके।

मंदिर स्वर्वेद की शिक्षाओं को बढ़ावा देता है, ब्रह्म विद्या पर विशेष जोर देता है। ज्ञान का एक समूह जो आध्यात्मिक साधकों को संपूर्ण ज़ोन की स्थिति बनाए रखने के लिए सशक्त बनाता है, जो शांति और खुशी में अटूट स्थिरता की विशेषता है। स्वर्वेद के सिद्धांतों की वकालत करते हुए, मंदिर आध्यात्मिक साधकों को स्थिर शांति और खुशी द्वारा चिह्नित पूर्ण शांति की स्थिति प्राप्त करने के लिए प्रोत्साहित करता है। ऐसे सद्विचारों से परिपूर्ण महामंदिर का लोकार्पण प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने किया है। स्वर्वेद महामंदिर एक मंत्रमुग्ध कर देने वाला वास्तुशिल्प चमत्कार है, जो पारंपरिक और आधुनिक डिजाइन तत्वों का सहज मिश्रण है। जटिल संगमरमर की नक्काशी इसकी संरचना को सुशोभित करती है, और विशाल कमल के आकार के गुंबद वाराणसी की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत को दर्शाते हैं। सात मंजिला अधिरचना समकालीन सौंदर्यशास्त्र को अपनाते हुए शहर की आध्यात्मिक विरासत के प्रमाण के रूप में स्थित है।

बता दें, संत सदाफल महाराज के विश्व के दर्जनों देशों में आश्रम हैं। वाराणसी का यह आश्रम सबसे बड़ा है। करीब 20 वर्षों से इस आश्रम के निर्माण की योजना पर काम किया जा रहा है। मकराना मार्बल से बने इस मंदिर की खासियत की चर्चा हर तरफ है। इसे स्थापत्य कला का बेजोड़ नमूना करार दिया जा रहा है। सात मंजिला यह मंदिर दुनिया का सबसे बड़ा मेडिटेशन सेंटर कहा जा रहा है। इस मंदिर में 20 हजार लोग एक साथ योग और ध्यान कर सकते हैं। यह मंदिर 64 हजार वर्गफीट में बना हुआ है। इसकी ऊंचाई 180 फीट है। स्वर्वेद महामंदिर के निर्माण कार्य की शुरु।आत साल 2004 में हुई थी। सात मंजिला स्वर्वेद महामंदिर 68,000 वर्ग फुट में फैला हुआ है और यह शिल्प और अत्याधुनिक तकनीक के अद्भुत सामंजस्य का प्रतीक है। यह एक आध्यात्मिक मंदिर है जो स्वर्वेद को समर्पित है, एक आध्यात्मिक पाठ जिसमें सात मंजिलें हैं जो मूल रूप से 7 चक्रों को समर्पित हैं। स्वर्वेद महामंदिरको कमल के फूल जैसा स्वरूप दिया गया है। स्वर्वेद मंदिर को 'विहंगम योग' यानि कि योग साधकों के लिए बनाया गया है। इस मंदिर में 3000 लोगों के एक साथ बैठ कर प्राणायाम, ध्यान और योग करने की सुविधा है। साथ ही इस महामंदिर में 125 पंखुड़ी वाला कमल गुंबद तैयार किया गया है। इस महामंदिर में सामाजिक कुरीतियों और सामाजिक बुराइयों का उन्मूलन शामिल है। इसको ग्रामीण भारत की भलाई के लिए अनेक सामाजिक-सांस्कृतिक परियोजनाओं का केंद्र भी बनाया गया है। मंदिर की नक्काशी में भारतीय विरासत की झलक दर्शाती जटिल नक्काशीदार बलुआ पत्थर की संरचनाएं हैं।

मंदिर की दीवारों के चारों ओर गुलाबी बलुआ पत्थर की सजावट भी हैं। मोदी इसके लोकार्पण मौके पर कहा कि स्वर्वेद महामंदिर के उद्घाटन का अर्थ वाराणसी में आध्यात्मिकता, सांस्कृतिक समृद्धि और आधुनिक प्रौद्योगिकी के एकीकरण को बढ़ावा देने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। यह केंद्र शांति के प्रतीक के रूप में खड़ा है, जो भक्तों को अपनी शानदार दीवारों के भीतर शांति का अनुभव करने के लिए आमंत्रित करता है। सरकार, समाज और संतगण, सब साथ मिलकर काशी के कायाकल्प के लिए कार्य कर रहे हैं। आज स्वर्वेद मंदिर का बनकर तैयार होना इसी ईश्वरीय प्रेरणा का उदाहरण है। उन्होंने कहा, ''ये महामंदिर, महर्षि सदाफल देव जी की शिक्षाओं, उनके उपदेशों का प्रतीक है। इस मंदिर की दिव्यता जितनी आकर्षित करती है, इसकी भव्यता हमें उतना ही अचंभित भी करती है। इसलिए मंदिर का भ्रमण करते हुए मैं खुद भी मंत्र-मुग्ध हो गया था।'' ''स्वर्वेद महामंदिर भारत के सामाजिक और आध्यात्मिक सामर्थ्य का एक आधुनिक प्रतीक है। ये महामंदिर एक योग तीर्थ भी है और साथ-साथ ये ज्ञानतीर्थ भी है।

# पत्नी की चाकू से गोद कर हत्या करने वाला पति धरा गया

कैनविज टाइम्स संवाददाता



लखनऊ। कमिश्नरेट पुलिस ने ठाकुरगंज थाना क्षेत्र में दो बच्चे की मां संध्या साहू की चाकू से गोद कर हत्या करने वाले उसके पति को गिरफ्तार करने में कामयाबी हासिल की है।

आपको बता दें राजधानी लखनऊ के थाना ठाकुरगंज क्षेत्र के चोरघाटी इलाक़े में न्यू हैदर गंज, रोशन नगर में 5 दिसम्बर को एक दिल दहला देने वाली घटना सामने आई थी जहां एक दो बच्चे की मां 38 वर्षीय संध्या साहू की चाकू से गोद कर हत्या कर दी गई थी जिसमे मृतिका के परिवार वालों ने उसके पति आनंदेश्वर आग्रहरी पर हत्या का आरोप लगाते हुए पुलिस को तहरीर दी थी। हत्या करने के बाद आरोपी आनंदेश्वर आग्रहरी मौके से फ़रार हो गया था। इसके बाद से पुलिस इसको तलाश कर रही थी। जिसको कड़ी मशक्कत के बाद पुलिस ने कृष्णा नगर इलाके से गिरफ्तार कर लिया।

डीसीपी पश्चिमी राहुल राज ने बताया की आरोपी ने इस हत्या को बक़ायदा प्लानिंग कर के अंजाम दिया था क्योंकि आरोपी सुबह अपने छोटे बच्चों को स्कूल भी पहुचाने गया और फिर स्कूल से लेकर भी आया और रास्ते में ही उसने अपने बेटे को कोई नशीली चीज खिला दी जिससे वह बेहोश हो गया और अपने दूसरे बेटे जो की गूंगा व बहरा था उसको भी कोई नशीली चीज खिला दी थी जिससे वह भी बेहोश हो गया था और उसके बाद घर के किचन में रखे हुए चाकू से कई वार करके अपनी पत्नी संध्या साहू की हत्या कर दी हत्या करने से पहले आरोपी ने संध्या साहू के हाथ पैर भी बांध दिए थे हत्या करने के बाद आनंदेश्वर आग्रहरी मौके से फरार हो गया था। हत्या के बाद पुलिस ने मौके पर पहुंच कर घटना स्थल का निरीक्षण किया मौके पर डॉग स्क्वायड व फॉरेंसिक टीम भी पहुंची और साक्ष्यों को एकत्रित किया।

तमाम सीसी फुटेज भी चेक किए गए और सर्विलेंस टीम को सतर्क किया गया जिसके बाद आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया। उन्होंने बताया आरोपी आनंदेश्वर आग्रहरी फिजियोथैरेपिस्ट है तथा एम आर का काम करता है। उन्होंने बताया कि आरोपी ने कबूल किया है कि उसके व उसकी पत्नी के बीच पैसो को लेकर व शराब पीने को लेकर तथा अवैध संबंधों के शक में आये दिन विवाद होता रहता था इन्हीं सब बातों को लेकर इसने प्लान करके इस घटना को अंजाम दे डाला। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार करके हत्या में प्रयुक्त चाकू बरामद कर लिया है और आरोपी को जेल भेजा जा रहा है।

# नेशनल हैण्डलूम एक्सपो का मंत्री राकेश सचान ने किया उद्घाटन

कैनविज टाइम्स संवाददाता



लखनऊ। उत्तर प्रदेश के वस्त्रउद्योग एवं रेशम उद्योग मंत्री राकेश सचान ने कहा कि हथकरघा उद्योग हमारी प्राचीनतम संस्कृति एवं परम्परा से जुड़ा हुआ उद्योग है। बुनकर अपने हुनर के बल पर देश की आर्थिक व्यवस्था समृद्धि करने एवं रोजगार सृजन में अपनी महती भूमिका निभा रहे हैं। हमारा उत्तर प्रदेश सदियों से दस्तकारी एवं बुनकरी में अग्रणी रहा है।

उन्होंने आम जनमानस से अपील करते हुए कहा कि हैंडलूम एक्सपो ग्राउण्ड पर अवश्य पधारें और हथकरघा बुनकरों के अनूठे उत्पादों को खरीदकर बुनकरों के मनोबल को बढ़ाये और उनकी आर्थिक स्थिति को मजबूत करने में सहयोग करें। उत्तर प्रदेश के वस्त्रउद्योग एवं रेशम उद्योग मंत्री राकेश सचान ने यह बातें अवधशिल्प ग्राम, लखनऊ में आयोजित नेशनल हैण्डलूम एक्सपो (गॉधी बुनकर मेला) के औपचारिक उद्घाटन के अवसर पर कहीं। वस्त्रोद्योग एवं रेशम उद्योग मंत्री ने इस अवसर पर हथकरघा विभाग के माध्यम से हथकरघा बुनकरों हेतु चलायी जा रही विभिन्न योजनाओं पर प्रकाश डाला, उन्होंने बताया कि हथकरघा उद्योग विकेन्द्रीकृत एवं प्रदूषण रहित उद्योग है।

वस्त्रउद्योग मंत्री ने कहा कि अनुसूचित जाति के बुनकरों को छोड़कर अन्य हथकरघा एवं पावरलूम बुनकरों को लाभान्वित करने के लिए मुख्यमंत्री हैण्डलूम एवं पावरलूम उद्योग विकास योजना में हथकरघा एवं पावरलूम बुनकरों को बुनाई हेतु अधिकतम दो लूम एवं कार्यशाला निर्माण हेतु सहायता प्रदान की जा रही है जिसमें बुनकरों से लूम की कीमत का न्यूनतम 20 प्रतिशत बुनकर अंश प्राप्त कर उन्हे 80 प्रतिशत अनुदान राज्य सरकार द्वारा प्रदान किया जा रहा है। बुनकर बहबूदी फण्ड से एकत्रित ब्याज की धनराशि से गरीब हथकरघा बुनकरों की पुत्रियों के विवाह हेतु प्रति बुनकर रूपये 30,000 आर्थिक सहयोग देने की व्यवस्था की गई है। प्रदेश के 87 हजार पावरलूम बुनकरों को विद्युत दर में छूट दिये जाने हेतु अटल बिहारी बाजपेई पावरलूम बुनकर विद्युत फ्लैट रेट योजना के लिये इस वित्तीय वर्ष में लगभग रू0 3.5 अरब का वित्तीय प्राविधान किया गया है।

# एलडीए के अभियान में कई अवैध निर्माण हुए सील

कैनविज टाइम्स संवाददाता



लखनऊ। मंगलवार को लखनऊ विकास प्राधिकरण के प्रवर्तन दस्ते ने अभियान चला कर ज़ोन 3 व जोन-2 में कार्यवाही करते हुए व्यवसायिक कॉम्पलेक्स व रो-हाउस भवन समेत चार अवैध निर्माणों को सील कर दिया। प्रवर्तन जोन-2 की जोनल अधिकारी प्रिया सिंह ने बताया कि प्रसून शुक्ला व अन्य द्वारा आलमबाग के टेढ़ी पुलिया में लगभग 800 वर्गफिट क्षेत्रफल के भूखण्ड पर शॉपिंग कॉम्पलेक्स का निर्माण करवाया जा रहा था।

जिसके खिलाफ़ विहित न्यायालय द्वारा सीलिंग के आदेश जारी किये गये थे। जिसके चलते सहायक अभियंता वाईपी सिंह व अवर अभियंता नागेन्द्र मिश्र व ऋतुपाल द्वारा निर्माणाधीन बिल्डिंग को सील कर दिया गया। वहीं प्रवर्तन जोन-3 के जोनल अधिकारी देवांश त्रिवेदी ने बताया कि अजीत सिंह व अन्य द्वारा पारा के डॉक्टर खेड़ा में पाल पैराडाइज वाली रोड पर सरोज हॉस्पिटल के पास लगभग 3000 वर्गफिट क्षेत्रफल में 3 रो-हाउस भवनों का निर्माण करवाया जा रहा था। इसके अलावा मुन्ना सिंह व उनके पुत्रों द्वारा पारा की जनता विहार कालोनी में सरोज क्लीनिक के पास लगभग 450 वर्गमीटर क्षेत्रफल के भूखण्ड पर भूतल व प्रथम तल पर दुकानों व कमरों का निर्माण करवाया जा रहा था। प्राधिकरण से मानचित्र स्वीकृत कराये बिना किये जा रहे इन अवैध निर्माणों के खिलाफ़ विहित न्यायालय द्वारा सीलिंग के आदेश जारी किये गये थे। इसके अलावा संजय कुमार द्वारा पारा के ग्राम-फतेहगंज में कराये जा रहे अवैध निर्माण के खिलाफ़ भी विहित न्यायालय द्वारा पुनः सीलिंग के आदेश दिये गये थे। जिसके चलते सहायक अभियंता वाईपी सिंह व अवर अभियंता भानु प्रकाश वर्मा अवर अभियंता भरत पाण्डेय व प्रमोद पाण्डेय द्वारा प्राधिकरण पुलिस व स्थानीय थाने के पुलिस बल के सहयोग से इन सभी स्थलों को सील कर दिया गया।

# 31 दिसम्बर को होगी महिला हॉफ मैराथन दौड़, 4008 महिलाएं लगाएंगी लखनऊ मैराथन में दौड़

कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ,। नशामुक्त समाज आंदोलन अभियान कौशल का के तत्वावधान में आगामी 31 दिसम्बर को महिला हॉफ मैराथन दौड़ आयोजित की जा रही है। नारी शक्ति अधिनियम के समर्थन में यह दौड़ आयोजित की जा रही है। इसमें उत्तर प्रदेश सहित विभिन्न राज्यों से कुल 4008 महिलाएं लखनऊ में दौड़ लगाएंगी। जबकि हजारों महिलाएं स्वयंसेवक के रूप में मैराथन का हिस्सा बनेंगी।

यह जानकारी देते हुए नशामुक्त समाज आंदोलन अभियान कौशल का प्रान्तीय सह संयोजक नागेन्द्र बहादुर सिंह चौहान ने बताया कि महिला हॉफ मैराथन दौड़ आगामी 31 दिसम्बर को 11 बजे दुबग्गा चौराहे से शुरू होगी, जो भिठौली तिराहे से यू टर्न लेकर वापस फिर दुबग्गा चौराहा आएगी। यह हॉफ मैराथन दौड़ तकरीबन 21 किमी की होगी।

इसमें पहला स्थान पाने वाली महिला को तीन लाख रुपए, दूसरा स्थान पाने वाली महिला को दो लाख रुपए और तीसरा स्थान पाने वाली महिला को एक लाख रुपए का नकद पुरस्कार दिया जाएगा। नशामुक्त सेनानी नागेन्द्र ने बताया कि इन महिलाओं के पीछे से आने वाली प्रथम दस महिलाओं को 21-21 हज़ार रुपए, द्वितीय दस महिलाओं को 11-11 हज़ार रुपए, तृतीय दस को महिलाओं को 51-51 सौ रुपए, चतुर्थ दस महिलाओं को 41-41 सौ रुपए, पंचम दस महिलाओं को 31-31 सौ रुपए, षष्ठम दस महिलाओं को 21-21 सौ रुपए और सप्तम दस महिलाओं को 11-11 सौ रुपए का प्रोत्साहन पुरस्कार दिया जाएगा। इस तरह कुल 73 महिलाओं को नकद पुरस्कार दिया जाएगा।

## श्याम विहार कॉलोनी में सुंदरकांड पाठ का आयोजन




लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता। बाल महिला सेवा संगठन की दुर्गा वाहिनी इकाई ने मंगलवार को श्याम विहार कॉलोनी में सुंदरकांड पाठ का आयोजन किया। इस मौके पर सामाजिक कार्यकर्ता व बाल महिला सेवा संगठन की अध्यक्ष ममता त्रिपाठी ने बताया कि दुर्गा वाहिनी इकाई के द्वारा विभिन्न कालोनियों में सुंदरकांड पाठ आयोजित कर महिलाओं को संगठन के मिशन से जोड़ने का कार्य किया जा रहा है। जिसके क्रम में मंगलवार को श्याम विहार कालोनी में पूजा तिवारी के आवास पर आयोजित भव्य सुंदरकांड पाठ में दुर्गा वाहिनी की अध्यक्ष गुड़िया सिंह, उपाध्यक्ष प्रियंका बाजपेई, महासचिव सरोज यादव, ज्ञान्ती शर्मा, नीलम दुबे, मोनी शुक्ला, शोभा तिवारी, कविता सिंह, सुमन पांडेय नेहा, आशा मौर्या, चांदनी शर्मा, कंचन त्रिपाठी, चमेली मौर्य, रोली व फैजुल्लागंज तृतीय वार्ड अध्यक्ष अमित शुक्ल समेत अन्य मौजूद रहे।

## केप्री ग्लोबल कैपिटल को आईआरडीएआई से मिला कॉर्पोरेट एजेंसी लाइसेंस

लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता। केप्री ग्लोबल कैपिटल लिमिटेड ने भारतीय बीमा नियामक और विकास प्राधिकरण आईआरडीएआई से एक समग्र कॉर्पोरेट एजेंसी लाइसेंस प्राप्त किया है, जिसके जरिए वह जीवन, सामान्य और स्वास्थ्य बीमा उत्पादों को वितरित कर सकता है। यह केप्री ग्लोबल कैपिटल लिमिटेड को उसके उत्पाद प्रस्तावों को और विविध बनाने और उसकी शुल्क आय को मजबूत करने में मदद करेगा।

## हनुमंत पाठशाला के बच्चों में बांटे कंबल

लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता। लेटे हुए हनुमान मंदिर में हनुमंत पाठशाला में पढ़ रहे लगभग 125 बच्चों को मंदिर में कंबल वितरित किए गए। मंदिर के मुख्य सेवादार एवं अध्यक्ष डॉ विवेक तांगडी द्वारा प्रत्येक मंगलवार को बच्चों को स्वयं, धर्म की नीति युक्त एवं जीवन उपयोगी बातों की जानकारी दी जाती है।

## थाना चिनहट पुलिस टीम ने लुटेरों को किया अरेस्ट



लखनऊ ।लूट करने की अजीबोगरीब तकनीक अपनाने वाले दो ऐसे शातिर अभियुक्त को चिनहट पुलिस ने अपनी गिरफ्त में ले लिया है जो राहगीरों को सवारी बनाकर अपनी कार में बैठाते थे फिर रास्ते में उन्हें लूट लिया करते थे।आपको बता दें कि चिनहट पुलिस ने ऐसे गिरोह के दो सदस्य आदित्य दिवेदी और नितिन यादव को अपनी गिरफ्त में लेकर उनके पास से लूट का भारी माल बरामद होने का भी दावा किया है।लूट की घटना के संबंध में स्थानीय थाने में मामला पंजीकृत था जिसमे चिनहट पुलिस को काफी समय से इन लुटेरों की तलाश थी।अभियुक्तों को डी के लॉन के पास से मुखबिर खास से मिली सूचना के आधार पर गिरफ्तार किया गया है इनके विरुद्ध विधिक कार्यवाही कर दी गई है।

# समर्थ सद्गुरू साहेब मंदिर पर द्वितीय विशाल भंडारे का आयोजन



कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ। गोसाईगंज के दहिरामऊ स्थित समर्थ सद्गुरू साहेब मंदिर के जीर्णोद्धार के बाद मंगलवार को सांस्कृतिक कार्यक्रम के साथ द्वितीय भंडारे का आयोजन किया गया। गोसाईगंज के दहिरामऊ स्थित समर्थ सद्गुरू साहेब मंदिर पर द्वितीय विशाल भंडारे का आयोजन किया गया , कार्यक्रम की शुरुआत सांस्कृतिक कार्यक्रम गणेश वंदना एवं सरस्वती वंदना के साथ शुभारंभ किया गया। पवन कुमार वर्मा एवं डॉ रमन वर्मा ने बताया कि पिछले वर्ष मंदिर का जीर्णोद्धार एवं छबिलाल दास एवं उनकी धर्मपत्नी रामरती की मूर्ति स्थापित की गई थी साथ ही मंदिर का जीर्णोद्धार किया गया था । मंगलवार को द्वितीय विशाल भंडारे का आयोजन किया गया , जिसमें हजारों की संख्या में पहुंचकर प्रसाद ग्रहण किया। इस मौके पर पवन कुमार, देवकीनंदन वर्मा, डॉ रमन , अनिल वर्मा , रोहित कुमार कैलाश वर्मा सहित तमाम लोग भंडारे में पहुंचकर प्रसाद ग्रहण किया।

# दीक्षांत समारोह में पहली बार दिया जाएगा एकेटीयू स्टूडेंट स्टार्टअप अवार्ड

लखनऊ। डॉ0 एपीजे अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय पहली बार अपने तीन छात्र को दीक्षांत समारोह में स्टूडेंट स्टार्टअप अवार्ड देगा। मंच से राज्यपाल सहकुलाधिपति आनंदीबेन पटेल छात्रों को अवार्ड देकर सम्मानित करेंगी। यह पुरस्कार विश्वविद्यालय के तीन श्रेणियों में स्टार्टअप शुरू करने वाले छात्रों को दिया जाएगा। इसके लिए 20 दिसंबर तक छात्र इनोवेशन हब की वेबसाइट पर अपना पंजीकरण करा सकते हैं। कुलपति प्रो जेपी पांडेय के निर्देशन में इस अवार्ड की परिकल्पना इनोवेशन हब ने की है। जिसके तहत तीन श्रेणी में अवार्ड दिया जाएगा। इसमें एक अवार्ड बेस्ट वुमन लेड स्टार्टअप अवार्ड दूसरा बेस्ट सोशल इम्पैक्ट स्टार्टअप अवार्ड और तीसरा बेस्ट टेक इनोवेशन स्टार्टअप अवार्ड है। बेस्ट वुमन लेड स्टार्टअप अवार्ड के लिए स्टार्टअप कंपनी में एक महिला डायरेक्टर का 25 प्रतिशत हिस्सेदारी के साथ होना जरूरी है। वहीं, बेस्ट सोशल इम्पैक्ट अवार्ड का चयन स्वास्थ्य, भारतीय भाषा, शिक्षा, जीवनशैली जैसे सामाजिक क्षेत्रों में कार्य करने वाले स्टार्टअप कंपनी को दिया जाएगा।

# भारत निर्वाचन आयोग ने लोकसभा सामान्य निर्वाचन के दृष्टिगत की समीक्षा बैठक



कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता। भारत निर्वाचन आयोग के अधिकारियों द्वारा आगामी लोक सभा सामान्य निर्वाचन-2024 के दृष्टिगत उत्तर प्रदेश के मुख्य निर्वाचन अधिकारी कार्यालय के सभागार कक्ष में मंगलवार को समीक्षा बैठक की गयी। समीक्षा बैठक में लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 की प्रगति, योजना एवं तैयारियों के सम्बन्ध में विस्तृत चर्चा की गयी। बैठक में आगामी निर्वाचन को स्वतंत्र, निष्पक्ष, प्रलोभन मुक्त और सुरक्षित मतदान संपन्न कराने हेतु प्रत्येक स्तर पर कार्य करने पर चर्चा की गयी। प्रदेश के बॉडर पर पूरी तरह सतर्कता बरती जाने के निर्देश दिए गए ताकि आगामी निर्वाचन के समय अनुकूल वातावरण बना रहे। बैठक में विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण 2024 कार्यक्रम के तहत आए फार्म 6,7 व 8 के निस्तारण पर चर्चा की गई। मतदाता सूची में एसएसआर-2024 के दौरान जुड़े हुए पात्र मतदाताओं को आगामी निर्वाचन में अधिक से अधिक मतदान हेतु जागरुक किया जाए, जिससे मतदान प्रतिशत में बढ़ोतरी हो सके।

## आपरेशन कन्विक्शन अभियान के तहत दो आरोपी दोष सिद्ध होने पर गए जेल

लखनऊ । पुलिस महानिदेशक, उत्तर प्रदेश के निर्देश पर जीआरपी अनुभाग लखनऊ में चलाये जा रहे ऑपरेशन कविक्शन दृष्टिगत पुलिस अधीक्षक रेलवे, अनुभाग लखनऊ द्वारा अपराध एवं अपराधियों पर नियंत्रण व अपराधियों को माननीय न्यायालयों में अधिकाधिक सजा कराये जाने के दृष्टिगत माननीय न्यायालयों में सघन पैरवी के क्रम में हृषीकेश यादव पुलिस उपाधीक्षक रेलवे द्वितीय नोडल अधिकारी, जीआरपी अनुभाग लखनऊ व संजीव कुमार सिन्हा पुलिस उपाधीक्षक रेलवे (प्रथम) अनुभाग लखनऊ के कुशल पर्यवेक्षण में अभियोजन अधिकारी व थाना जीआरपी चारबाग पुलिस टीम द्वारा अभियोग की प्रभावी पैरवी मा0 न्यायालय में करते हुए साक्ष्य हेतु महत्वपूर्ण गवाहों को मा0 न्यायालय में समय से प्रस्तुत कराकर गवाही करवायी गयी, जिसमें मा0 न्यायालय अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट लखनऊ एन.ई.आर. द्वारा दिनांक 19.12.2023 को थाना जीआरपी चारबाग लखनऊ पर पंजीकृत मु0अ0सं0 099/22 धारा 379/411 भादवि बनाम मोनिस सलमानी व मु0अ0सं0 016/23 धारा 379/411 भादवि बनाम अनिल पासी को उपरोक्त धाराओं में दोषसिद्ध करते हुए क्रमशः 06 माह का कारावास व 2000 रूपये के अर्थदण्ड से दण्डित व 09 माह का कारावास व 2000 रूपये का अर्थदण्ड से दण्डित किया गया। अर्थदण्ड न जमा करने पर 07-07 दिवस का अतिरिक्त कारावास भुगतना तय किया है।अभियुक्त के नाम मोनिस सलमानी पुत्र रफीक सलमानी नि0 मोहल्ला महराजगंज थाना को0 नगर जनपद गोण्डा और अनिल पासी पुत्र स्व0 महेन्द्र पासी नि0 सुन्नी थाना बधौली जनपद हरदोई है।

# पत्रकारों ने टीएसआई को बर्खास्त कर मुकदमा करने की करी मांग

## सैकड़ो की संख्या में पत्रकारों ने आशियाना थाना का किया घेराव, किया जोरदार धरना प्रदर्शन

**एसीपी ट्रैफिक ने मौके पर सुनी पीड़ित पत्रकार की गुहार, दिया उचित कार्यवाही करने का आश्वासन**

**टीएसआई द्वारा पत्रकार से अभद्रता मारपीट व मोबाइल ,माइक आईडी को तोड़ने के संबंध में दी गई तहरीर**

कैनविज टाइम्स संवाददाता



सरोजनीनगर । योगी सरकार जहां पत्रकारों के प्रति पुलिस प्रशासन को सुरक्षा व अपने व्यवहार को सुधारने पर आए दिन कड़े निर्देश दे रही है, वही पुलिस प्रशासन द्वारा किसी न किसी पत्रकार को आय दिन अपमानित करना और उनके साथ दुर्व्यवहार करने की खबरें लगातार आ रही है। ऐसा ही एक मामला एक समाचार पत्र के सरोजनी नगर संवाददाता संदीप शुक्ला जो अपने निजी कार्य हेतु दिनांक 17 दिसंबर 23 को दोपहर 3 बजे के आसपास आशियाना थाना क्षेत्र के औरंगाबाद पुल के पास गए हुए थे वहां तैनात टीएसआई आसिफ़ अख्तर ने मोटरसाइकिल रुकवाया तो पत्रकार ने अपना परिचय दिया परिचय सुनते ही टीएसआई अभद्रता करने लगे और वहां तैनात ट्राफिक पुलिस कर्मियों को साथ लेकर संदीप शुक्ला को पास बने पुलिस बूथ में बलपूर्वक घसीट ले गए जहां पत्रकार का फोन पटककर तोड़ दिया माइक भी तोड़ दी और मारपीट करने लगे उसके बाद अपराधियों की तरह थाना आशियाना लेकर पहुंचे जहां बताया कि शराब पीकर गाड़ी चला रहा था पर जांच में यह बात गलत साबित हुई तो पत्रकार संदीप शुक्ला को अन्य केस में फंसाने की कोशिश करने लगे उसमें भी सफल नहीं हुए तो धमकियां देते हुए समझौता कर लिया पर उस समझौते में पत्रकार संदीप शुक्ला की ओर से किसी भी व्यक्ति के हस्ताक्षर नहीं है। मंगलवार को बड़ी संख्या में पत्रकारों ने स्थानीय थाने पर पहुंच कर प्रदर्शन किया और फिलहाल अधिकारियों की उपस्थिति में थाना प्रभारी कार्यवाहक इंस्पेक्टर को तहरीर दी गई, जिसका एसीपी ट्रैफिक सुजीत कुमार दुबे ने संज्ञान में लेकर पत्रकारों से बताया कि टीएसआई आसिफ अख्तर को लाइन हाजिर कर दिया गया है, और टीएसआई आसिफ अख्तर के खिलाफ जांच पड़ताल की जा रही है, दिए गए साक्ष्य बयान व प्रमाण के आधार पर उचित कानूनी कार्यवाही की जाएगी।

# भोपाल के 22 विद्यार्थियों एवं दो शिक्षकों के एक समूह ने सीएसआईआर सीडीआरआई का किया दौरा



कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ। सीएसआईआर केंद्रीय औषधि अनुसंधान संस्थान सीडीआरआई लखनऊ ने भारतीय अंतर्राष्ट्रीय विज्ञान महोत्सव के एक अन्य उत्सव-पूर्व आयोजन के दौरान जिज्ञासा कार्यक्रम के तहत छात्र वैज्ञानिक कनेक्ट कार्यक्रम का आयोजन किया। कार्यक्रम में सागर पब्लिक स्कूल भोपाल, मध्य प्रदेश के 22 विद्यार्थियों एवं दो शिक्षकों के एक समूह ने सीएसआईआर सीडीआरआई का दौरा किया। सीएसआईआर सीडीआरआई मे जिज्ञासा कार्यक्रम के नोडल अधिकारी डॉ संजीव यादव ने सभी छात्रों का स्वागत किया। उन्होने छात्रों को आईआईएसएफ 2023 के महत्व के बारे में बहुमूल्य जानकारी प्रदान की। डॉ संजीव यादव ने बताया कि आईआईएसएफ, विज्ञान भारती के साथ साझेदारी में भारत सरकार के विज्ञान और प्रौद्योगिकी मंत्रालय और पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय की एक सहयोगी पहल है। 2023 में आईआईएसएफ के 9वें संस्करण का व्यापक विषय 'अमृत काल में विज्ञान और प्रौद्योगिकी सार्वजनिक आउटरीच' है। सीडीआरआई अनुसंधान मे शोध कर रहे रिसर्च स्कॉलर ने अपने शोध के बारे मे व्यख्यान दिया, उन्होने छात्रों को विभिन्न मशीनों एवं उपकरणों का प्रदर्शन किया।

## महिला कैम्पस ड्राइव में 15 महिला अभ्यर्थियों को मिला जॉब आफर

लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता। राजकीय आईटीआई लखनऊ में मंगलवार को महिला कैम्पस ड्राइव का आयोजन किया गया, जिसमें कम्पनी बरगंडी इण्डिया प्रा0 लि0 लखनऊ द्वारा 15 महिला अभ्यर्थियों को रोजगार हेतु आफर किया गया, जिसमें कुल 28 महिला अभ्यर्थियों द्वारा प्रतिभाग किया गया। ट्रेनिंग काउंसिलिंग एण्ड प्लेसमेन्ट ऑफिसर एमए खाँ ने बताया कि बृहद रोजगार मेले में 60 से अधिक कम्पनियाँ प्रतिभाग कर रही है। रोजगार मेले में 6000 से अधिक रिक्तिया होंगी। जिन अभ्यर्थियों की आयुसीमा 18 से 40 तथा कौशल विकास प्रशिक्षण, हाईस्कूल, इण्टरमीडिएट, आईटीआई, डिप्लोमा, स्नातक, परास्नातक एवं बी-टेक पास है वे ही रोजगार मेले में ही प्रतिभाग कर सकते है। वेतन 7700 से 27400 रूपये प्रतिमाह एवं अन्य सुविधाएं कम्पनी द्वारा दी जायेगी।

# लखनऊ मैराथन में दौड़ेंगी 4008 महिलाएं

## नारी शक्ति वंदन अधिनियम के समर्थन में 31 दिसम्बर को होगी महिला हॉफ मैराथन दौड़

**देश के अलग-अलग हिस्सों से लखनऊ आ रही हैं हजारों महिला धावक एवं स्वयंसेवक**

**नशामुक्त समाज आंदोलन 'अभियान कौशल का' आयोजित कर रहा है महिला हॉफ मैराथन**

**बीकेटी/लखनऊ। नशामुक्त समाज आंदोलन 'अभियान कौशल का' के तत्वावधान में**

कैनविज टाइम्स संवाददाता

सीतापुर। आगामी 31 दिसम्बर को महिला हॉफ मैराथन दौड़ आयोजित की जा रही है। नारी शक्ति अधिनियम के समर्थन में यह दौड़ आयोजित की जा रही है। इसमें उत्तर प्रदेश सहित विभिन्न राज्यों से कुल 4008 महिलाएं लखनऊ में दौड़ लगाएंगी। जबकि हजारों महिलाएं स्वयंसेवक के रूप में मैराथन का हिस्सा बनेंगी।

यह जानकारी देते हुए नशामुक्त समाज आंदोलन 'अभियान कौशल का'



प्रान्तीय सह संयोजक नागेन्द्र बहादुर सिंह चौहान ने बताया कि महिला हॉफ मैराथन दौड़ आगामी 31 दिसम्बर को 11 बजे दुबग्गा चौराहे से शुरू होगी। यह भिठौली तिराहे से यू टर्न लेकर वापस फिर दुबग्गा चौराहा आएगी। यह हॉफ मैराथन दौड़ तकरीबन 21 किमी की होगी। इसमें पहला स्थान पाने वाली महिला को तीन लाख रुपए, दूसरा स्थान पाने वाली महिला को दो लाख रुपए और तीसरा स्थान पाने वाली महिला को एक लाख रुपए का नकद पुरस्कार दिया जाएगा।

नशामुक्त सेनानी नागेन्द्र ने बताया कि इन महिलाओं के पीछे से आने वाली प्रथम दस महिलाओं को 21-21 हज़ार रुपए, द्वितीय दस महिलाओं को 11-11 हज़ार रुपए, तृतीय दस को महिलाओं को 51-51 सौ रुपए, चतुर्थ दस महिलाओं को 41-41 सौ रुपए, पंचम दस महिलाओं को 31-31 सौ रुपए, षष्ठम दस महिलाओं को 21-21 सौ रुपए और सप्तम दस महिलाओं को 11-11सौ रुपए का प्रोत्साहन पुरस्कार दिया जाएगा। इस तरह कुल 73 महिलाओं को नकद पुरस्कार दिया जाएगा।उत्तर प्रदेश के सह संयोजक नागेन्द्र ने आंदोलन के प्रणेता एवं केंद्रीय राज्यमंत्री कौशल किशोर के हवाले से बताया कि इस मैराथन में लोकसभा, राज्यसभा व उत्तर प्रदेश विधानसभा की समस्त महिला सदस्यों को विशेष रूप से आमंत्रित किया गया। केन्द्रीय रक्षामंत्री, गृहमंत्री व भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष को भी निमंत्रण दिया गया है। मैराथन के मंच से आत्मनिर्भर भारत, विकसित भारत, नशामुक्त भारत का नारा बुलंद होगा। दौड़ के दौरान मंच पर अनेक प्रकार की सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी जाएंगी।

सह संयोजक चौहान के मुताबिक महिला सशक्तिकरण के उद्देश्य से इस मैराथन में एक लाख महिलाओं को लखनऊ बुलाने का लक्ष्य है। साथ ही, हजारों की संख्या में पुरुषों को भी स्वयंसेवक के रूप आमंत्रित किया गया है। सभी से अपील की गई है कि वह अपने घर से भोजन-पानी लेकर आएं। दुबग्गा चौराहे पर सब अपना खाना मिल बाँट कर खाएं। इससे सामाजिक समरसता और मजबूत होगी।

### सड़क सुरक्षा पखवाड़े के दिन कार्यशाला का आयोजन

सीतापुर। परिवहन विभाग सीतापुर द्वारा द्वितीय सड़क सुरक्षा पखवाड़े के पाचवें दिवस वाहन चालको की कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में वाहन चालकों को ड्राइविंग लाइसेंस प्रक्रिया समेत प्रमुख यातायात नियमों की जानकारी ए0आर0टी0ओ0 प्रशासन माला बाजपेयी की ओर से दी गयी। उन्होंने वाहन चालकों को जानकारी देते हुए बताया कि लर्निंग लाइसेंस बनवाने की प्रक्रिया को पूरी तरह से ऑनलाइन किया जा चुका है। लर्निंग लाइसेंस बिना ए0आर0टी0ओ0 कार्यालय आये घर बैठे बनवाया जा सकता है। उन्होंने बताया कि हेलमेट सीटबेल्ट का नियमित प्रयोग न करने के चलते युवा हादसों में जान गवां रहे है, जो कि अत्यंत चिंता का विषय है। ए0आर0टी0ओ0 प्रतर्वन संजय कुमार गुप्ता ने चालकों को कोहरे से बचाव व घायलों को अस्पताल पहुँचाने में मदद की जानकारी दी।

# भीरा पुलिस के हाथ लगी सफलता नशीले पाउडर सहित पांच गिरफ्तार

### नशीला पाउडर के साथ पांच गिरफ्तार, भेजे गए जेल

कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखीमपुर-खीरी। भीरा थाने की पुलिस ने पांच शातिर नशा तस्करो को रंगे हाथों नशीले पाउडर के साथ गिरफ्तार किया है पकड़े गए आरोपितो के खिलाफ पुलिस ने मादक एवं द्रव्य अधिनियम में मामला दर्ज कर जेल भेजने की कार्रवाई की है।

पुलिस अधीक्षक खीरी गणेश प्रसाद साहा के निर्देशन व अपर पुलिस अधीक्षक खीरी के निकट पर्यवेक्षण में संपूर्ण जनपद में अपराध की रोकथाम व अवैध मादक पदार्थ के निर्माण, परिवहन/बिक्री पर अंकुश लगाने हेतु चलाए जा रहे अभियान के तहत थाना भीरा पुलिस द्वारा ग्राम रायपुर से 290 ग्राम अवैध नशीला पाउडर अल्प्राजोलम बरामद करके पांच नशा तस्करो में बृजमोहन सिह उर्फ खुनखुन पुत्र गिरेन्द्र सिह, मनोहर लाल उर्फ मंत्री पुत्र तौलेराम, संदीप कुमार पुत्र जसकरन लाल, प्रतीक सिह पुत्र स्व0 अनिल कुमार, अकील कुमार पुत्र सोबरन लाल नि0गण



ग्राम रायपुर थाना भीरा जनपद खीरी को मुखबिर की सूचना पर गिरफ्तार किया गया।

नशा तस्करो के खिलाफ स्थानीय थाने पर सम्बन्धित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर विधिक कार्यवाही सुनिश्चित करते हुए नशा तस्करो को माननीय न्यायालय के समक्ष पेश किया गया जहां से बाद में न्यायालय ने सुनवाई करते हुए आरोपितो को जेल भेज दिया।

थानाध्यक्ष भीरा निराला तिवारी के नेतृत्व में नशा तस्करो को रंगे हाथों गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम मे उप निरीक्षक संदीप यादव, का0 चन्द्र मोहन त्यागी,का0 विशाल कुमार, का0 सोहित कुमार शामिल रहे।

इस बाबत मे जब थानाध्यक्ष भीरा निराला तिवारी से उक्त गिरफ्तारी के मामले में जानकारी चाही गई तो उन्होंने बताया कि मुखबिर की सूचना पर नशा तस्करो को रंगे हाथों गिरफ्तार किया गया आरोपितो के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर माननीय न्यायालय के समक्ष पेश किया गया।

(थानाध्यक्ष भीरा - निराला तिवारी)

# सेठ जय दयाल इंटर कॉलेज मे खेलकूद प्रतियोगिता हुआ पुरस्कार वितरण

कैनविज टाइम्स संवाददाता

बिसवां सीतापुर। विद्यालय सेठ जय दयाल इन्टर कॉलेज मे विपिन बिहारी मेहरोत्रा क्रीडांगन पर समपन्न हुई खेल कूद प्रतियोगिता का पुरस्कार वितरण समारोह विद्यालय प्रबंधक व वरिष्ठ भाजपा नेता महेश चंद्र मेहरोत्रा की अध्यक्षता में संपन्न हुआ मंच पर विद्यालय के प्रधानाचार्य सत्यप्रकाश त्रिपाठी ,उपप्रधानाचार्य शकील अहमद अंसारी ,सेठ देवेश्वर दयाल मांटेसरी स्कूल की डायरेक्टर डॉ सविता मिश्रा उपस्थित रहीं।संचालन शिक्षक आनन्द खत्री के द्वारा किया गया।

कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन माता सरस्वती के पूजन तथा विद्यालय के संस्थापक सेठ जय दयाल जी के चित्र व सेठ जय दयाल इन्टर कॉलेज ट्रस्ट व विद्यालय के पूर्व अध्यक्ष सिद्धार्थ मेहरोत्रा के चित्र पर माल्यार्पण के साथ




हुआ।विभिन्न प्रतियोगिताओं में प्रथम स्थान पर छात्र छात्राओं में दौड़ में कक्षा 12 के छात्र ज्ञानेन्द्र ने 800 मी व 400 मीटर ,कक्षा11के छात्र नमन कुमार ने800 मीटर व 400 मीटर ,कक्षा10के छात्र करन ने 200 मीटर व 100मीटर , कक्षा9के छात्र अफजल ने 200 मी व 100 मीटर कक्षा8 के छात्र शिवा ने 100 मीटर कक्षा7 के छात्र मो नावेद ने 100 मीटर कक्षा 6 के छात्र आनन्द ने100 मीटर ,कक्षा12 की बालिका सोनिया वर्मा ने 100 मीटर ,कक्षा 11 की बालिका काजल कश्यप ने 100 मीटर ,कक्षा11 के नमन ने 100 मीटर400 मीटर 800 मीटर , लंबी कूद में कक्षा 12 के छात्र अंकुल व मनीष कुमार,कक्षा11 के छात्र ऋतुराज, कक्षा12 की बालिका अंजू देवी ,कक्षा11की बालिका काजल कश्यप, कक्षा9 की बालिका सुनीता, कुर्सी दौड़ में कक्षा8 के आदित्य कश्यप कक्षा7 के मो नावेद व कक्षा6के छात्र श्रेयांश क तीन टांग की दौड में काजल कश्यप व तबस्सुम बेगम रही ।

कार्यक्रम के अध्यक्ष महेश चंद्र मेहरोत्रा ने कहा स्वस्थ शरीर में ही स्वस्थ मष्तिष्क निवास करता है अतः खेल से शरीर को संतुलित व स्वस्थ बनाके एक श्रेष्ठ समाज का निर्माण किया जा सकता है।

विद्यालय के प्रधानाचार्य सत्य प्रकाश त्रिपाठी ने विद्यालय की आख्या प्रस्तुत की व आभार प्रदर्शन किया।

इस कार्यक्रम में सुभाष चंद्र, दुर्गा प्रसाद, कमल नयन, विशाल सक्सेना, श्री कांत,अरशद अली, मकसूद अली, ,कमल नयन शुक्ला ,नीरज द्विवेदी ,अरुण कुमार,सुधीर सिंह,चंद्रसेन,पृथ्वीपाल, तापस शाह , जनेश कुमार,पृथ्वीपाल,कपिल वर्मा,मनोज कुमार, महेश मौर्य, रविन्द्र वर्मा सहित समस्त स्टाफ व छात्र छात्रायें उपस्थित रहीं।

# विकसित भारत संकल्प यात्रा का कार्यक्रम हुआ संपन्न

कैनविज टाइम्स संवाददाता

सीतापुर। ब्लाक कसमण्डा की ग्रामपंचायत जगदीशपुर मजरा पिपरा व ग्रामपंचायत दहैया मे कार्यक्रम आयोजित किया गया कार्यक्रम का सुभारम्भ एम एल सी सीतापुर पवन सिह चौहान व बी डी ओ कसमण्डा मनोज कुमार शर्मा ने

मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण व दीप प्रज्वलित करके किया कार्यक्रम मे पहुचे सी एच सी अधीक्षक कसमण्डा डाक्टर अरबिद बाजपेई ने स्वास्थ्य से जुडी कई अहम जानकारिया साक्षा की

कार्यक्रम मे एल ई डी स्कीन पर ग्रामीणो को देश प्रदेश की मोदी योगी सरकार द्वारा चलाई जा रही योजनाओ के बारे मे दिखाया गया प्राथमिक विद्यालय के बच्चो ने देशभक्ती गीत पर सास्क्रतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया कार्यक्रम मे पी एम किसान सम्मान निधि,आयुष्मान गोल्डन कार्ड के लाभार्थिय




को प्रमाण पत्र वितरण किए गए कार्यक्रम मे एम एस सी ने सभी विभाको के स्टालो का निरीक्षण किया कार्यक्रम मे विद्यालय के बच्चो को मुख्य अतिथ ने स्कूल वैंग वितरण किया साथ ही ग्रामीणो को प्रधान मंत्री मोदी की फोटो छपे 2024 के कैलेन्डर वितरण किए गए कार्यक्रम मे मौजूद सभी लोगो को एम एल सी ने 2047 तक भारत को विकसित राष्ट्र व आत्मनिर्भर देश बनाने का संकल्प दिलाया इस मौकेपर कार्यक्रम के नोडल अप्सर एडिओ सहकारिता आशुतोष धुर्वे ,सचिव जगदीशपुर विवेक कुमार गुप्ता, सचिव दहैया सुधीर कुमार बाजपेई, प्रधान प्रतिनिध जगदीशपुर प्रेमप्रकाश,प्रधान दहैया सैलेन्द्र कुमार, अरविंद पाण्डेय,जिलापंचायत सदस्य प्रेमदीप जायसवाल , पंचायत सहायक विशुन कुमार, रोजगार सेवक नीरज कुमार, आंप्टोमेट्रिस्ट विवेक बाजपेई,के साथ सैकणो ग्रामीण उपस्थित रहे।

# ऐल्पिस ग्लोबल स्कूल में तीन दिवसीय स्पर्श वार्षिक उत्सव प्रारंभ

कैनविज टाइम्स संवाददाता

बिसवां/ सीतापुर। ऐल्पिस ग्लोबल स्कूल में तीन दिवसीय स्पर्श वार्षिक उत्सव प्रारंभ हुआ। जिसमें प्रथम दिन नर्सरी से कक्षा 5 तक के नन्हे मुन्ने बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किये जो अत्यन्त सराहनीय रहे। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि कुँवर दिनकर प्रताप सिंह ने कहा कि विद्यालय में शिक्षा के साथ अन्य गतिविधियों में भी बच्चों को उतारा जाता है यह एक अच्छी बात है। नन्हे मुन्ने बच्चों ने जिस तरह मंच पर जाकर अपना प्रदर्शन किया उसकी जितनी प्रशंसा की जाये वह कम है। विशिष्ट अतिथि के रूप में जिला वन अधिकारी विकास कुमार यादव ने विद्यालय प्रबन्ध समिति व विद्यालय के अध्यापक अध्यापिकाओं की सराहना करते हुए कहा कि यह विद्यालय बच्चों को एक नया आयाम देने का कार्य कर रहा है। छोटे



छोटे बच्चों को मंच पर लाना व उनके द्वारा सुंदर प्रस्तुतीकरण देना यह उनके शिक्षक और शीक्षिकाओं का कार्य है। वह लोग प्रशंसा के पात्र हैं। कार्यक्रम में अतिथियों द्वारा बच्चों को पुरस्कार भी दिये गये।

कक्षा नर्सरी के नन्हे मुन्ने बच्चों द्वारा जवानों की वर्दी में बहुत सुन्दर सजीव भाव नृत्य का मंचन किया जिसने सभी दर्शकों का मन मोह लिया। नर्सरी के छात्र महद खान का अभिनय देखते ही बन रहा था। सभी ने भूरि भूरि प्रशंसा की। कार्यक्रम के अंत में विद्यालय की प्रधानाचार्या दीपा चंद्रा ने आयू हुये अतिथियों के प्रति आभार प्रकट किया। अतिथियों का स्वागत विद्यालय के डायरेक्टर उमंग राजवंशी, मुदित सिंघल, अनुज सिंघल व उत्साह राजवंशी द्वारा किया गया। इस अवसर पर वन क्षेत्राधिकारी अहमद कमाल सिद्दीकी, विवेक गुप्ता, हिमांशु नाथ सिंह, सुरेंद्र पाल सिंह, मुन्ना गुप्ता व रीता गुप्ता सहित भारी संख्या में अभिभावक एवं विद्यालय परिवार मौजूद रहा।

# एक बार फिर मायानगरी मुंबई में जिले का नाम हुआ रोशन हिंदुस्तान रत्न अवॉर्ड से सम्मानित हुए गायक अमित, पद्मभूषण गायक उदित नारायण अभिजीत राणे ने किया सम्मानित




कैनविज टाइम्स संवाददाता

सीतापुर। जिले के सिहानीपारा गांव निवासी अमित कुमार पुत्र स्व राम प्रसाद (स्टेशन अधीक्षक) को मुंबई में हिंदुस्तान रत्न अवार्ड से सम्मानित किया गया जिससे जिले का नाम पुनः अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर रोशन हुआ है।

बताते चले की अमित कुमार जो कि एक समाज सेवक ,गायक,लेखक व अभिनेता हैं उन्हें यह पुरस्कार पदम भूषण उदित नारायण जी व अभिजीत राणे के हाथो से सम्मानित किया गया।अमित को इससे पहले मुंबई ग्लोबल अवार्ड,राष्ट्रीय गौरव सम्मान व जम्मू कश्मीर अन्तर्राष्ट्रीय फिल्म फ़ेस्टिवल में सम्मानित किया जा चुका है ।अमित को हिन्दुस्तान रत्न अवॉर्ड उनकी दमदार सिंगिंग के लिए दिया गया अमित एक बेहतरीन गायक हैं उनके चाहने वाले बॉलीवुड से लेकर देश विदेश कई जगह हैं अमित गायकी के साथ साथ मीडिया क्षेत्र ,अभिनय,लेखन में भी अपना योगदान देते हैं । अमित अपनी इस सफ्लता का श्रेय अपने स्व पिता ,मां निशा देवी,भैया भाभी, ग्रामवासियो, सभी प्रियजनो, मुंबई ग्लोबल संपादक राजकुमार तिवारी व रमेश जुगलान को देते हैं।

### गन्ना किसानों की आख़िर क्यों नही सुनते सक्षम अधिकारी

रेउसा सीतापुर। जनपद के विकासखंड रेउसा गन्ना क्रय केंद्र पर किसानों का समय पर गन्ना तौल न होने से आक्रोशित किसानों ने क्षेत्रीय विधायक ज्ञान तिवारी को ज्ञापन दिया । गौरतलब है कि विगत 7 तारीख से महमूदाबाद चीनी मिल चालू हो गई थी। परंतु रेउसा गन्ना क्रय केंद्र पर अव्यवस्थाओं के कारण किसानों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है जिसके चलते गत दिवस मंगलवार को किसानों ने प्रदर्शन किया और क्षेत्रीय विधायक ज्ञान तिवारी को ज्ञापन सौंपा। विधायक को दिये गए ज्ञापन में किसानों ने उल्लेख करते हुए रेउसा गन्ना केंद्र पर सुचारू रूप से गन्ना ट्रांसपोर्ट और गन्ना का उठान के बारे में शिकायत की है। अगर किसानों की बात करें तो राजेश कुमार, हरिओम, राम चन्द्र , श्रीराम, देवेंद्र,प्रदीप कुमार बाजपेयी, अखिलेश कुमार, प्रेम कुमार, संतोष कुमार पांडेय, मुनुआ सिंह, रूपेश पांडेय, राम भजन, राम लोटन, राजकिशोर, लल्लूराम, राजेश पांडेय समेत काफी किसानों ने बताया है की गन्ना क्रय केंद्र रेउसा पर अपना गन्ना समय पर लेकर आते हैं। मगर पांच पांच दिनों तक ट्रालियां गन्ना सेंटर पर खड़ी रहती है। तब जाकर कहीं छठे दिन गन्ना ट्रालियों की तौल करने का समय आता है। गन्ना सेंटर पर पांच दिनों तक गन्ना भरी ट्रालियां खड़ी होने से एक ट्राली में गन्ना में करीब पांच किलो से अधिक सुख जाता है । इन ट्रालियों की तौल कराने के चक्कर मे पहले से आई गन्ना पर्चियां भी हायर हो जाती है। जिससे किसान काफी परेशान होते हैं। इन किसानों की समस्या कोई अधिकारी नहीं सुन रहा। सभी जिम्मेदार अपना पल्ला झाड़ने में लगे रहते हैं। जिम्मेदार अधिकारीयों (सी.सी.ओ) को समस्या बताई गई तो उन्होंने किसानों से क्षेत्रीय विधायक को अपनी समस्या बताने की बात कहकर अपना पल्ला झाड़ लिया।

# 21 दिसम्बर को सीएचसी पलिया में लगेगा मानसिक स्वास्थ्य शिविर

**एमडी मेडिसिन डॉ0 अजीत सिंह और त्वचारोग विशेषज्ञ डॉ0 रामकिशोर सहित अन्य चिकित्सा विशेषज्ञ रहेंगे उपस्थित**

कैनविज टाइम्स संवाददाता

पलियाकलाँ-खीरी। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पलिया परिसर में बृहस्पति वार दिनांक 21 दिसंबर 2023 को प्रातः 10:00 बजे से मानसिक स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया जायेगा। शिविर जिले के जाने माने मानसिक रोग विशेषज्ञ डॉक्टर अखिलेश शुक्ला के मार्गदर्शन में आरम्भ किया जाएगा जिसमें मरीज के परीक्षण, चिकित्सा, देखभाल व स्वास्थ्य परामर्श दिया जायेगा। स्वास्थ्य शिविर में वरिष्ठ चिकित्सक डॉ अजीत सिंह एमडी मेडिसिन फिजिशियन एवं त्वचा रोग उन्नमूलन में कीर्तिमान स्थापित करने वाले प्रख्यात त्वचारोग विशेषज्ञ रामकिशोर वर्मा द्वारा शिविर में मरीजों को सम्पूर्ण चिकत्सकीय सेवायें निःशुल्क प्रदान की जायेंगी इस आशय की जानकारी सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र



पलिया के परामर्श दाता अंकित दीक्षित ने देते हुये बताया कि बेतरतीब व्यवहार, सामाजिक अलगाव, अत्यधिक संवेदनशीलता, आक्रामकता, खुद को नुकसान पहुंचाना, खुद पर नियंत्रण में कमी, गतिविधियों को दोहराना, दुश्मनी, लगातार कुछ करने से खुद को रोक न पाना, या व्याकुलता. लक्षणों में मामूली घटना के लिए भी बहुत ज़्यादा तनाव होना, चिंता करना छोड़ न पाना और बेचैनी आदि लक्षण मानसिक रोग के प्राथमिक लक्षणों में शामिल हैं।

# 20 लीटर कच्ची शराब के साथ आरोपी गिरफ्तार

भीरा-खीरी।शराब की अवैध बिक्री करने वाले आरोपी को 20 लीटर अवैध शराब के साथ भीरा पुलिस ने गिरफ्तार किया है कड़ाई से पूछ-ताछ करने पर आरोपी ने अपना नाम व पता बचान पुत्र छोटे (50) निवासी खुटकरा बस्ती कस्बा भीरा थाना जनपद खीरी बताया।

मंगलवार को थाना क्षेत्र के अंतर्गत मुखबिर की सूचना पर बचान पुत्र छोटे (50) निवासी खुटकरा बस्ती कस्बा व थाना भीरा जनपद खीरी को कच्ची शराब के साथ हिरासत में लिया गया पुलिस ने आरोपित के विरुद्ध आबकारी एक्ट के तहत कार्यवाही सुनिश्चित करते हुए आरोपी को माननीय न्यायालय के समक्ष पेश किया गया।थानाध्यक्ष भीरा निराला तिवारी के नेतृत्व में कच्ची शराब के साथ आरोपी को गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम मे व0 उप निरीक्षक रामानन्द शर्मा, आरक्षी संजीव कुमार शामिल रहे।इस बाबत मे जब थानाध्यक्ष भीरा निराला तिवारी से उक्त गिरफ्तारी मामले में जानकारी चाही गई तो उन्होंने बताया कि मुखबिर की सूचना पर आरोपी को कच्ची शराब के साथ गिरफ्तार किया गया विधिक कार्यवाही सुनिश्चित करते हुए आरोपी को माननीय न्यायालय के समक्ष पेश किया गया।

# 84 कोसीय होली परिक्रमा मेला-2024 एवं नैमिष महोत्सव के आयोजन के संबंध में बैठक सम्पन्न हुई

कैनविज टाइम्स संवाददाता

सीतापुर। जिलाधिकारी अनुज सिंह की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट कार्यालय में 84 कोसीय होली परिक्रमा मेला-2024 एवं नैमिष महोत्सव के आयोजन के संबंध में बैठक सम्पन्न हुयी। बैठक के दौरान जिलाधिकारी ने निर्देश दिये कि पूरी भव्यता के साथ आयोजन सुनिश्चित किये जाने हेतु तैयारियां समय से पूर्ण कर ली जायें। उन्होंने कहा कि आयोजन समिति की बैठक कराते हुये प्राप्त सुझावों के आधार व्यवस्थाएं भी सुनिश्चित की जाये। लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिये कि परिक्रमा मार्ग में पड़ने वाली सड़कों के कार्यों को समय से पूर्ण कराया जाये। उन्होंने पड़ाव स्थलों का चयन करते हुये उन पर आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के निर्देश राजस्व विभाग के अधिकारियों को दिये। विद्युत विभाग के अधिकारियों को निर्देशित किया कि परिक्रमा मार्ग में ढीले विद्युत तारों को ठीक कराया जाये तथा पड़ाव स्थलों एवं परिक्रमा मार्ग पर विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित करने हेतु




आवश्यक प्रबंध किये जायें। मुख्य चिकित्सा अधिकारी को चिकित्सा के पर्याप्त प्रबंध सुनिश्चित करने के निर्देश देते हुये कहा कि पर्याप्त संख्या में चिकित्सा टीमों की तैनाती की जाये एवं एम्बुलेंस की व्यवस्था भी सुनिश्चित की जाये। इसके साथ ही भीड़ में तेजी से चिकित्सा सेवा उपलब्ध कराने हेतु मोटरबाईक एम्बुलेंस एवं फस्टऐड बाक्स की व्यवस्था हेतु भी आवश्यक प्रबंध किये जायें। विकास खण्ड एवं जिला पंचायत के अधिकारियों को निर्देश दिये कि ठहरने, पानी एवं साफ-सफाई आदि का पर्याप्त प्रबंध सुनिश्चित किया जाये। पुलिस विभाग के अधिकारियों को सुरक्षा व्यवस्था हेतु पर्याप्त प्रबंध सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिये।

जिलाधिकारी ने नैमिष महोत्सव के व्यापक स्तर पर आयोजन हेतु आवश्यक निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिये। उन्होंने कहा कि रचनात्मकता के साथ नैमिष महोत्सव का आयोजन किया जाये तथा शिल्प मेला आदि का आयोजन भी कराया जाये। इसके साथ ही उन्होंने नैमिष महोत्सव के आयोजन हेतु एक समिति बनाये जाने तथा इसे पंजीकृत कराये जाने के निर्देश भी दिये। उच्च कोटि के सांस्कृतिक कार्यक्रमों के आयोजन एवं इनमें व्यापक जनभागीदारी सुनिश्चित करने हेतु विस्तृत कार्ययोजना बनाये जाने के निर्देश भी जिलाधिकारी ने दिये।

नैमिष के महत्व को आमजनमानस तक प्रसारित करने हेतु भी विभिन्न स्तरों पर प्रयास किये जाने के निर्देश देते हुये जिलाधिकारी ने स्वदेश दर्शन योजना के अन्तर्गत कराये जा रहे कार्यों की समीक्षा भी की। उन्होंने कहा कि जनपद के विभिन्न क्षेत्रों के विद्यार्थियों को नैमिष क्षेत्र का शैक्षणिक भ्रमण कराते हुये उन्हें नैमिष के इतिहास के विषय में जानकारी प्रदान की जाये। उन्होंने कहा कि नैमिषारण्य के लिये लोगो एवं टैग लाइन प्रतियोगिता का व्यापक स्तर पर प्रचार-प्रसार किया जाये, जिससे अधिक से अधिक विद्यार्थी इसमें प्रतिभाग कर सकें। पी0डी0एम0सी0 नैमिषारण्य के परियोजना प्रबंधक विजय प्रकाश ने जानकारी देते हुये बताया कि ''ट्रांसफार्मिंग नैमिष'' की थीम पर लोगो एवं टैग लाइन प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है, जिसमें प्रविष्टियां एन0आई0सी0 वेबसाइट एवं गूगल फार्म के माध्यम से प्रेषित की जा सकती हैं।

# तीन साल भी नहीं चली सीएम के आदेश पर बनी सड़क

## 824.91 लाख की लागत से बनी सड़क में गड्ढे धनऊपुर-समोखपुर संपर्क मार्ग का मामला

कैनविज टाइम्स संवाददाता




सुल्तानपुर। सीएम योगी के ड्रीम प्रॉजेक्ट को लोकनिर्माण विभाग के भ्रष्ट अधिकारियों और उनके चहेते ठेकेदारों ने पलीता लगा दिया है। मुख्यमंत्री के आदेश पर ?824.91 लाख की लागत से बने मझुई नदी का पुल व धनऊपुर-समोखपुर संपर्क मार्ग तीन वर्षों में ही जर्जर हो गया है। जगह-जगह हुए गड्ढों ने सरकार के जीरो टॉलेंस पर प्रश्न चिंह लगा दिया है। स्थानीय लोगों ने इसकी लिखित शिकायत सीएम करते हुए कार्रवाई की मांग की है।

पूरा मामला कादीपुर विधानसभा क्षेत्र के तहसील अंतर्गत अल्देमऊ परगना धनऊपुर गांव का है। स्थानीय लोगों की माने तो यहां धनऊपुर-समोखपुर संपर्क मार्ग सालों से खस्ताहाल पड़ा था। इसी मार्ग पर मझुई नदी पर पीपे का बना रामघाट पुल भी जर्जर हो गया था। जिससे बड़ी अनहोनी का खतरा बना हुआ था। वर्ष 2018 में जब सीएम योगी पूर्वांचल एक्सप्रेस-वे के निरीक्षण के लिए जयसिंहपुर पहुंचे तो स्थानीय लोगों ने उनसे वहां शिकायत की। जिस पर सीएम ने अधिकारियों को मौखिक निर्देश दिए। इसके बाद कादीपुर विधायक राजेश गौतम ने दिसंबर 2018 में मुख्यमंत्री को स्वयं पत्र लिखा। तत्कालीन डीएम विवेक कुमार ने 22 दिसंबर 2018 को पत्रांक संख्या 92/एसटी-डीएम/12 के अपने पत्र के माध्यम से सेतु निर्माण निगम के अधिशाषी अभियंता को तीन दिन में इस्टीमेट तैयार कर रिपोर्ट मांगा था। इसके बाद लोकनिर्माण विभाग और सेतु निगम द्वारा सड़क और पुल का निर्माण कराया गया। जून 2020 में डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्या ने सांसद मेनका गांधी की मौजूदगी में इसका शिलान्यास किया था। लेकिन अभी करीब 6 माह पूर्व सड़क गड्ढों में बदल गई और पुल जर्जर हो गया। अगस्त माह में ग्रामीणों ने इसकी शिकायत मुख्यमंत्री से की है।

### ठेकेदार ने काली मिट्टी डालकर बनवायी सड़क

धनऊपुर गांव के निवासी आशीष कुमार शुक्ला, आदर्श तिवारी, शैलेंद्र कुमार, अर्चित शुक्ला, राजन कुमार, रवि प्रकाश, अनिल तिवारी, शेखर शुक्ला, पंकज शुक्ला आदि की माने तो सड़क पूरी तरह खस्ताहाल हो गई है। इनका आरोप है कि ठेकेदार द्वारा काली मिट्टी के प्रयोग से ऐसी समस्या आई है। जहां-जहां अच्छी मिट्टी का प्रयोग हुआ है वहां सड़के ठीक हैं। इन ग्रामीणों का कहना है कि इसकी शिकायत जेई व अन्य अधिकारियों से की गई लेकिन भ्रष्टाचार में लिप्त अधिकारियों ने एक नहीं सुनी। ग्रामीणों ने सीएम से कार्रवाई की अब मांग किया है।

# जिला अस्पताल में पहली बार लगाया गया अंबलाइकल कैथेटर



कैनविज टाइम्स संवाददाता

सुलतानपुर। जिला चिकित्सालय में खुशी की लहर बताते चलें कि अंबलाइकल कैथेटर तब लगाया जाता है जब बॉडी में नस नही मिलती। अंबलाइकल कैथेटर एक लंबी, मुलायम, खोखली ट्यूब होती है जो नाभि कैथेटर (यूएसी) बिना सुई चुभोए अलग अलग समय पर शिशु से रक्त लेने साथ ही दवा देने के लिए प्रयोग किया जाता है। इसका उपयोग बच्चे के रक्तचाप की लगातार निगरानी के लिए भी किया जा सकता है। जिला अस्पताल में नॉर्मल पैदा हुए एक नवजात बच्चे की तबियत खराब होने के बाद परिजनों ने उसे जिला महिला चिकित्सालय में दिखाया। वहां के डॉक्टर ने उस बच्चे को जिला महिला चिकित्सालय के एस एन सी यू वार्ड में भेज दिया । जहां डॉक्टर श्याम करन, डॉली तिवारी, स्टॉफ नर्स शिप्रा सिंह ने उस बच्चे को भर्ती कर लिया और इलाज शुरू कर दिया।

# छापे में पकड़ी गई अवैध शराब व लहन, दो लोगों पर मुकदमा दर्ज

कैनविज टाइम्स संवाददाता



सुल्तानपुर। आबकारी आयुक्त उत्तर प्रदेश, जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक के आदेश के क्रम में एवं जिला आबकारी अधिकारी के कुशल नेतृत्व में सुभाष चंद्र सिंह आबकारी निरीक्षक क्षेत्र प्रथम मय स्टाफ साकेत कुमार राय प्रधान आबकारी सिपाही, शशि प्रकाश गुप्ता आबकारी सिपाही, मोहम्मद इरफान आबकारी सिपाही एवं संजय कुमार श्रीवास्तव आबकारी निरीक्षक के साथ ग्राम बल्लीपुर थाना कोतवाली नगर में दबिश दी गई। दबिश के दौरान लगभग 30 लीटर अवैध कच्ची शराब बरामद हुई, मौके पर लगभग 200 किलोग्राम लहन नष्ट कर, 02 अभियोग पंजीकृत करते हुए आबकारी अधिनियम की सुसंगत धाराओं में नियमानुसार कार्रवाई की गई। दबिश के दौरान मौके पर उपस्थित लोगों को अवैध शराब के सेवन से होने वाले दुष्परिणामों के बारे में भी जागरूक किया गया।

### चीनी मिल पर लगा सड़क सुरक्षा पखवाड़ा कैंप

सुल्तानपुर। मंगलवार को मुख्य सचिव के निर्देश पर चीनी मिल में सड़क सुरक्षा पखवाड़ा मनाया गया। एआरटीओ ने चीनी मिल में गन्ना ट्रॉली लेकर आए ड्राइवरों को शपथ दिलाया। उनसे अपील किया कि शराब पीकर गाड़ी ना चलाए। आज यातायात पखवाड़े के पंचम दिवस को सहायक सम्भागीय परिवहन अधिकारी (प्रशासन) नन्द कुमार के नेतृत्व में चीनी मिल एवमं मंडी में ट्रैक्टर ट्रॉली और लोडिंग वाहनो पर रिफ्लेक्टिव टेप लगवाने के कैम्प का आयोजन किया गया। चीनी मिल पर देशभक्ति के गाने के साथ सड़क सुरक्षा नियमों का पालन करने के लिए लोगों को जागरूक किया गया है। इस कड़ी में गन्ना लेकर आए ट्रैक्टर चालकों को जागरूक करते हुए अधिकारियों ने कहा कि शराब पीकर वाहन न चलाए। अधिकारियों ने गलत दिशा में वाहन न चलाने, सड़क पर स्टंट न करने के विषय में जागरूक किया गया। वाहन चालकों को सड़क सुरक्षा के संबंध में शपथ दिलाई गई व उनको यातायात के नियमों के प्रति जागरूक किया। तत्पश्चात कार्यालय परिसर में रोडवेज चालकों कार्यालय में आए हुए चालको ट्रांसपोर्ट यूनियन के अध्यक्षों के साथ बैठक की गई। बैठक के उपरांत सभी को सड़क सुरक्षा संबंधी शपथ दिलाई गई।

# आप करेंगे भूल, हम भूल सुधारने के लिए आपको देंगे फूल : एसपी

कैनविज टाइम्स संवाददाता



सुलतानपुर। सोमेन बर्मा के निर्देशन में सड़क सुरक्षा पखवाड़ा 2023 के अंतर्गत जनपद के थाना चौकी पर लगे पीए सिस्टम पर सड़क सुरक्षा जागरूकता अभियान कराया जा रहा है। यातायात नियमों का उलंघन करने वालों को यातायात पुलिस ने पुष्प देकर उन्हें पुनः नियम का उलंघन ना करने की हिदायत दी, साथ ही देशभक्ति के गाने के साथ सड़क सुरक्षा नियमों का पालन करने हेतु जनमानस को जागरूक किया जा रहा है। वाहन चालक सीटबेल्ट का प्रयोग करें दो पहिया वाहन चलाते समय हेलमेट का प्रयोग करें शराब पीकर वाहन न चलाएं, गलत दिशा में वाहन न चलाएं, सड़क पर स्टंट ना करें, अपने आप को सुरक्षित रखें सड़क पर सुरक्षित चले अपना जीवन बचाएं। रोडवेज परिसर पर वाहन चालकों तथा जनमानस को एकत्रित कर यातायात प्रभारी परवेज आलम तथा अन्य यातायात कर्मियों के द्वारा सड़क सुरक्षा के संबंध में शपथ दिलाई गई व जागरूक किया गया। सड़क सुरक्षा जागरूकता अभियान में यातायात पुलिस नगर व जनपद के समस्त क्षेत्रों में वाहन स्वामियों को यातायात नियम का पाठ पढा़ रही है। इसी क्रम में यातायात प्रभारी परवेज आलम ने मंगलवार को ट्रैक्टरों पर रेडियम स्टीकर लगाकर चालकों को सर्दियों के मौसम में कोंहरे में चलने का नियम बताते हुए सुरक्षित गंतव्य तक पहुंचने का तरीका समझाया।

### काशी तमिल संगमम के प्रथम दल सदस्यों के आगमन पर हुआ भव्य स्वागत

**प्रयागराज।** ''काशी तमिल संगमम'' कार्यक्रम के प्रथम दल के सदस्यों का मंगलवार को संगमनगरी आगमन पर टीम के सदस्यों का पुष्पवर्षा एवं मां तमिल की वंदना के साथ भव्य रूप से स्वागत किया गया। संगम क्षेत्र में पहुंचने पर जिलाधिकारी नवनीत सिंह चहल, अपर जिलाधिकारी नगर मदन कुमार, अपर जिलाधिकारी नजूल प्रदीप कुमार, सिटी मजिस्ट्रेट विनोद कुमार सिंह सहित पुलिस एवं प्रशासनिक अधिकारियों के द्वारा टीम के सदस्यों का भव्य रूप से स्वागत किया गया। काशी तमिल संगमम्‌ पर्यटकों के स्वागत में स्कूली बच्चों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम एवं गीत प्रस्तुत किए गए।काशी तमिल संगमम्‌ टीम के सदस्यों को सुसज्जित नावों से वीआईपी घाट से संगम ले जाकर मां गंगा, यमुना एवं अदृश्य सरस्वती के संगम का अवलोकन व स्नान कराया गया तथा तीर्थराज प्रयागराज के महत्व के बारे में बताया गया। संगम क्षेत्र के अद्‌भुत एवं मनोहारी दृश्य देखकर सदस्यगण मंत्रमुग्ध हो गये। सदस्यगणों ने संगम क्षेत्र में वीआईपी घाट पर बनाये गये सेल्फी प्वाइंट पर सेल्फी भी लिया तथा सैण्डआर्ट का अवलोकन किया। इस अवसर पर जिलाधिकारी ने टीम के सदस्यों को मोमेंटो एवं अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया। संगम क्षेत्र कार्यक्रम के पश्चात टीम के सदस्यगणों ने लेटे हनुमान जी का दर्शन एवं पूजन किया। इसके उपरांत टीम के सदस्य स्वामी नारायण मंदिर एवं चन्द्रशेखर आजाद पार्क भी गये। इस अवसर पर दल के सदस्यों के अलावा काफी संख्या में लोग उपस्थित रहे।

### तत्परता दिखाकर रोकी दुर्घटना, रेलवे ने दिया सम्मान

**बरेली।** पूर्वोत्तर रेलवे इज्जतनगर मंडल ने अपने दो कर्मचारियों को पुरस्कार राशि के साथ प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया और उनका हौंसला बढ़ाया। बीते 16 दिसंबर को रामपुर–रुद्रपुर सिटी स्टेशनों के बीच चमरूआ रेलवे स्टेशन पर रात्रि में पैट्रोलिंग के दौरान पैट्रोलमैन सुबोध कुमार के द्वारा देखा गया कि रेलपथ बीट संख्या–2 पर किमी संख्या 6/1–10/1 के बीच स्विच एक्सपेंशन ज्वाइंट (एसइजे) संख्या–2 की बांयी तरफ की स्टाक रेल टूट गयी है। सुबोध ने तत्काल स्थानीय स्टेशन मास्टर एवं अपने सीनियर सेक्शन इंजीनियर (रेलपथ), रूद्रपुर सिटी को इसकी सूचना दी इसके बाद रेल यातायात का सुचारु रुप से संचालन सुनिश्चित किया। वहीं 17 दिसम्बर को सीनियर सेक्शन इंजीनियर (रेलपथ), फतेहगढ़ के अधीन कार्यरत कीमैन राजेश कुमार मीना रुदायन–दरियावगंज ब्लाक सेक्शन के मध्य रेलपथ पर तैनात थे। उन्होंने देखा कि किमी संख्या 190/3–4 में रेलवे ट्रैक का एक वैल्ड क्रैक हो गया है। जिससे रेलगाड़ी के संचालन में खतरा उत्पन्न कर सकता है। राजेश ने संरक्षा नियमों का अनुपालन करते हुए अपनी पूरी मुस्तैदी से रेल ट्रैक को संरक्षित करते हुए स्थानीय स्टेशन मास्टर एवं जूनियर इंजीनियर (रेलपथ), कायमगंज को मोबाइल फोन से तुरंत अवगत कराकर आने–जाने वाली गाड़ियों को संरक्षापूर्वक आवागमन सुनिश्चित कराया। दोनों कर्मचारियों की सूझ–बूझ एवं त्वरित निर्णय लेने की क्षमता के कारण रेल संचालन सुचारू रूप से हो पाया। जिसको लेकर मंडल रेल प्रबंधक रेखा यादव ने दोनों कर्मचारियों को दों हज़ार रुपए नकद व प्रशस्ति पत्र देकर उनका हौंसला बढ़ाया।

### अपने बच्चों को न दें जहर, अपनाएं जैविक खेती: रविंद्र द्विवेदी

**बांदा।** फसलों की पैदावार बढ़ाने के उद्देश्य से किसान खेतों में रासायनिक खादों का बेझिझक इस्तेमाल कर रहे हैं। इससे मिट्टी की उर्वरक क्षमता तो कम हो रही है, इसके अलावा स्वास्थ्य पर भी असर पड़ रहा है। गंभीर बीमारियां हो रही हैं। अपने बच्चों को इससे बचाने के लिए जैविक खादों का इस्तेमाल करें। अपने परिवार के लिए कम से कम एक बीघा में जैविक तरीके से अनाज व सब्जी उगाएं। यह बातें कुलकुम्हारी गांव स्थित पंचायत भवन में सोमवार को आयोजित जैविक खेती पर महिला किसानों के प्रशिक्षण में रविंद्र द्विवेदी (कानपुर) ने कहीं। उन्होंने बताया कि श्रमिक भारती व सीएफएलआई द्वारा जनपद के बड़ोखर ब्लाक में महिला किसानों के साथ जैविक खेती पर ''जलवायु अनुकूल कृषि पद्धतियां'' परियोजना के अंतर्गत कार्य किया जा रहा है। कहा कि कृषि क्षेत्र में महिलाओं का महत्वपूर्ण योगदान रहता है। इसलिए यह कार्यक्रम महिलाओं के साथ चलाया जा रहा है। प्रशिक्षक जय नारायण सिंह ने बताया कि लो टनल पाली हाउस विधि से सब्जी की खेती कर किसान अपनी किस्मत संवार सकते हैं। यह खेती की एक ऐसी विधि है, जिसमें किसान बे–मौसम सब्जियों की खेती कर सकते हैं। किसान लो–टनल पाली हाउस तकनीक से खेती की ओर आगे बढ़ रहे हैं। इस विधि का उपयोग करके 45 से 60 दिन पहले बाजार में सब्जी लाई जा सकती है। प्रशिक्षक रोहित श्रीवास्तव ने जैविक खादों और उसके उपयोग के बारे में विस्तार से चर्चा की। उन्होंने बताया कि घर में इस्तेमाल होने वाली सामग्री से यह खादें आसानी से तैयार हो जाती हैं। जैंसे जीवामृत, घनजीवामृत, बीजामृत, कंडा पानी, मट्ठा खाद इत्यादि। सीईओ मनोज यादव ने कहा कि खेती की लागत कम करने और किसानों की आय बढ़ाने के उद्देश्य से बामदेव किसान उत्पादक संगठन बनाया गया है।

# नदी की जलधारा में अवैध खनन पाए जाने पर लेखपाल, कानूनगो व चौकी इंचार्ज निलंबित

एजेंसी

बांदा। जिले के बालू खदानों में पट्टेधारक पट्टे की आड़ में बालू का अवैध खनन कर रहे हैं। उनके इस काम में राजस्व विभाग से लेकर पुलिस कर्मी भी सहयोग कर रहे हैं। इन पर शिकंजा कसने का काम डीएम द्वारा लगातार किया जा रहा है। इसी कड़ी में पैलानी तहसील के ग्राम साड़ी खादर में पट्टेधारक द्वारा केन नदी की जलधारा में अवैध खनन पाए जाने पर लेखपाल, कानूनगो और पुलिस चौकी इंचार्ज को निलंबित करने के आदेश दिए गए हैं। साथ ही उप जिलाधिकारी, क्षेत्राधिकारी, तहसीलदार, नायब तहसीलदार, खनिज अधिकारी बांदा एवं थानाध्यक्ष पैलानी से स्पष्टीकरण मांगा गया है। डीएम के आदेश से संबंधित विभाग के अफसर में खलबली मच गई है। जानकारी मिली है कि जिलाधिकारी को तहसील पैलानी जनपद बांदा के ग्राम साड़ी खादर में पट्टेधारक द्वारा जलधारा में खनन किए जाने की शिकायत प्राप्त हुई थी। जिसकी जांच उप जिलाधिकारी पैलानी एवं खनिज अधिकारी बांदा से कराई गई। जांच में मामला सही पाए जाने पर जिलाधिकारी ने कड़ा एक्शन लेते हुए मंगलवार को राजस्व निरीक्षक राजेश त्रिपाठी, क्षेत्रीय लेखपाल अशोक कुमार एवं चौकी इंचार्ज खपटिहा कला मनोज कुमार पांडे को निलंबित किए जाने के निर्देश दिए तथा उप जिलाधिकारी क्षेत्राधिकारी, तहसीलदार, नायब तहसीलदार, खनिज अधिकारी बांदा एवं थानाध्यक्ष पैलानी को स्थिर पर्यवेक्षण के लिए स्पष्टीकरण देने को कहा गया है। साथ ही यह भी कहा गया है कि भविष्य में यदि इस प्रकार की घटना की पुनरावृत्ति होती है तो उपरोक्त अधिकारियों के विरुद्ध विभागीय कार्रवाई की जाएगी। इस बारे में बताया गया है कि अवैध खनन की मात्रा की जांच करायी गयी। अवैध खनन पाये जाने पर पट्टेधारक पर 20 लाख रुपये का जुर्माना किया गया तथा पट्टेधारक के विरूद्ध सुसंगत धाराओं में अभियोग पंजीकृत कराया जा रहा है।डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल बांदा के सभी पट्टेधारकों को हिदायत दी है कि किसी भी दशा में न तो जलधारा में खनन करे और न ही जलधारा में अस्थाई रास्ते का निर्माण करें, अन्यथा उनके विरूद्ध भी कठोर कार्यवाही की जायेगी। बताते चलें कि इसी तरह पिछले महीने खनिज अधिकारी अर्जुन कुमार और एसडीएम ने लेखपाल के साथ केन नदी स्थित कनवारा बालू खदान खंड-5 में छापा मारकर खनन की पैमाइश कराई। तो यहां पर स्वीकृत क्षेत्र से इतर 1,808 घनमीटर बालू का अवैध खनन मिला था। इन पर 17 लाख आठ हजार 200 रुपये जुर्माना किया गया। यह पट्टा संयुक्त रूप से अर्चिशा माइंस प्राइवेट लिमिटेड नौरंग हाउस केजी मार्ग नई दिल्ली के निदेशक योगेश सिंह कुशवाहा निवासी भिंड ग्वालियर मध्य प्रदेश के नाम है। इसी प्रकार मरौली खादर पट्टा खदान खंड-पांच में पैमाइश कराई गई तो यहां स्वीकृत क्षेत्र से इतर 3,699 घन मीटर बालू का अवैध खनन मिला था। पट्टाधारक पर 33 लाख 29 हजार 100 का जुर्माना किया गया ।

# रबी फसल की बुआई में दर्ज हुई गिरावट

एजेंसी

कानपुर। मोटे अनाजों में बुवाई का रकबा 42.35 लाख हेक्टेयर से 2 प्रतिशत कम होकर 41.48 लाख हेक्टेयर तक पहुंच गया है। यह जानकारी मंगलवार को चन्द्रशेखर आजाद कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय कानपुर के कृषि मौसम वैज्ञानिक डॉ.एस.एन.सुनील पांडेय ने दी।

उन्होंने बताया कि इस सीजन में मोटे अनाजों में बुवाई का रकबा 42.35 लाख हेक्टेयर से 2 प्रतिशत कम होकर 41.48 लाख हेक्टेयर तक पहुंच गया। ज्वार का रकबा 18.32 लाख हेक्टेयर है, जो कि पिछले साल की समान अवधि से 6 प्रतिशत कम है। 2023-24 के रबी फसल सीजन में, 8 दिसंबर तक 515 लाख हेक्टेयर से अधिक क्षेत्रफल पर रबी फसल की बुवाई हो चुकी है, जिनमें से लगभग 80 प्रतिशत क्षेत्र सामान्य है। हालांकि इसके बावजूद भी, इस वर्ष का रकबा पिछले साल के समय के मुकाबले 3 प्रतिशत कम है। जबकि 8 दिसंबर तक 529.82 लाख हेक्टेयर पर रबी फसल की बुवाई हुई थी। वहीं पिछले सप्ताह गेहूं की बुवाई में तेजी देखने को मिली, जिससे गेहूं के रकबे में थोड़ी कमी हुई।

नए आंकड़ों के मुताबिक इस साल 8 दिसंबर तक 248.94 लाख हेक्टेयर में गेहूं की बुवाई हुई, जो कि पिछले साल की इसी अवधि में 251.19 लाख हेक्टेयर थी। इस बार गेहूं का रकबा पिछले वर्ष की समान अवधि के मुकाबले 0.9 प्रतिशत कम है। यहां तक कि उत्तर प्रदेश में 3.22 लाख हेक्टेयर और मध्य प्रदेश में 2.88 लाख हेक्टेयर से अधिक क्षेत्रफल पर गेहूं की बुवाई हुई है। उन्होंने बताया कि दलहन के रकबे में भी इस वर्ष गिरावट आई है, जिसमें 8 दिसंबर तक 19.16 लाख हेक्टेयर में दलहन की बुवाई हुई, जबकि पिछले साल इस समय यह आंकड़ा 130.03 लाख हेक्टेयर था।

# ज्ञानवापी : 45 दिनों तक हुई सुनवाई, तीन साल नौ महीने एक दिन बाद हुआ निस्तारण

कैनविज टाइम्स संवाददाता



प्रयागराज। ज्ञानवापी मस्जिद और विश्वेश्वर मंदिर विवाद मामले में इलाहाबाद हाईकोर्ट ने 45 दिनों में सुनवाई पूरी की। जबकि, इसके लिए तीन साल नौ महीना एक दिन का समय लगा। पूरा मामला चार न्यायमूर्तियों के सामने प्रस्तुत किया गया और इसके पहले दो बार फैसले के लिए सुरक्षित कर लिया गया था।

सबसे पहले यह मामला न्यायमूर्ति अजय भनोट की पीठ के सामने प्रस्तुत किया गया। न्यायमूर्ति भनोट की पीठ 17 मार्च 2020 को इस मामले में पहली बार सुनवाई करते हुए अंजुमन इंतजामियां कमेटी की याचिका पर अंतरिम राहत देते हुए वाराणसी जिला अदालत में लम्बित सिविल वाद की सुनवाई पर रोक लगा दी। इसके बाद यह मामला न्यायमूर्ति प्रकाश पाड़िया की पीठ के सामने आया। न्यायमूर्ति प्रकाश पड़िया ने इसकी सुनवाई 35 दिन की और दो बार फैसला सुरक्षित किया। दूसरी बार सुरक्षित किए गए फैसले की तिथि के दिन यह मामला मुख्य न्यायमूर्ति प्रकाश पाड़िया के समक्ष उनके एक प्रशासनिक आदेश के तहत सुनवाई के लिए प्रस्तुत किया गया। मुख्य न्यायमूर्ति ने प्रीतिंकर दिवाकर ने इसकी चार तिथियों पर सुनवाई की।

हालांकि, इंतजामिया कमेटी और सुन्नी वक्फ बोर्ड की ओर से न्यायमूर्ति प्रकाश पाड़िया की पीठ से मुख्य न्यायमूर्ति की पीठ के समक्ष मामला स्थानांतरित किए जाने पर आपत्ति उठाते हुए अर्जी दाखिल कर पहले सुनवाई कर रही पीठ के समक्ष प्रस्तुत किया गया। मुख्य न्यायमूर्ति की पीठ ने इंतेजामिया कमेटी की अर्जी को खारिज कर दिया। मुख्य न्यायमूर्ति के इस आदेश को इंतजामिया कमेटी और सुन्नी वक्फ बोर्ड ने सुप्रीम कोर्ट में चुनौती दी। हालांकि, इंतजामिया कमेटी और सुन्नी वक्फ बोर्ड को सुप्रीम कोर्ट से राहत नहीं मिली।

नवम्बर में मुख्य न्यायमूर्ति प्रीतिंकर दिवाकर के सेवानिवृत होने के बाद यह मामला सुनवाई के लिए कार्यवाहक मुख्य न्यायमूर्ति मनोज कुमार गुप्ता ने रोहित रंजन अग्रवाल की पीठ के सामने भेज दिया। न्यायमूर्ति रोहित रंजन अग्रवाल के सामने यह मामला पांच तिथियों पर प्रस्तुत किया गया। न्यायमूर्ति अग्रवाल की पीठ के सामने इस मामले की एक बार सुनवाई टल गई। इसके बाद पीठ ने तीन तिथियों पर सुनवाई पूरी कर आठ दिसम्बर को फैसला सुरक्षित कर लिया और मंगलवार को अपना फैसला सुना दिया।

### मस्जिद पक्ष की बहस

प्लेसेस आफ वर्शिप एक्ट 1991 की धारा के तहत रामजन्म भूमि को छोड़कर देश के सभी पूजा स्थलों की 15 अगस्त 1947 की धार्मिक स्थिति में बदलाव नहीं किया जा सकता। वर्तमान सिविल वाद इस कानून के तहत पोषणीय नहीं है। इसलिए आदेश 7 नियम 11 के तहत अर्जी स्वीकार कर वाद निरस्त किया जाय। क्योंकि पूजा स्थल के धार्मिक चरित्र में बदलाव नहीं किया जा सकता। दीन मोहम्मद केस में विवाद तय हो चुका है। इसलिए हस्तक्षेप नहीं किया जा सकता। वक्फ सम्पत्ति को लेकर सिविल वाद पोषणीय नहीं है। वक्फ अधिकरण ही सुनवाई कर सकता है।

### मंदिर पक्ष की बहस

प्लाट संख्या 9130 मौजा शहर खास, परगना दोहर अमानत, वाराणसी

ज्ञानवापी परिसर-रकबा एक बीघा 9 विस्वा 6 धूर

चार मंडप-मुक्ति मंडप, ज्ञान मंडप, ऐश्वर्य मंडप,व श्रृंगार मंडप।

प्रकट-अप्रकट देवी देवता-गणेश्वर, गंगा देवी, हनुमानजी, नंदी, गौरीशंकर, गणेश जी, महाकालेश्वर, महेश्वर, श्रृंगार गौरी आदि।

तीन पेड़ व स्वयंभू ज्योतिर्लिंग भगवान विश्वेश्वर, नौबतखाना, तहखाना,

2050 साल पहले राजा विक्रमादित्य ने भगवान शिव मंदिर का निर्माण कराया। मुस्लिम शासकों ने ध्वस्त किया। अकबर के मंत्री टोडरमल की मदद से नारायण भट्ट ने पुनर्निर्माण कराया। 18 अप्रैल 1669 में मुगल शासक औरंगजेब ने मंदिर ध्वस्त करने का आदेश दिया। अवशेष से आलमगीर मस्जिद बनवाई। जमीन का मालिकाना हक नहीं लिया और न ही मस्जिद का हक तय किया। बाद में अवैध रूप से अनधिकृत तौर पर वक्फ सम्पत्ति दर्ज की गई। वक्फ एक्ट हिंदुओं पर लागू नहीं। स्मृति व पुराणों के अनुसार सतयुग से आज तक परिसर मंदिर ही रहा।

# अवैध कच्ची शराब बनाने वाले लोगों के खिलाफ कार्रवाई

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

गोंडा । जिले में जिलाधिकारी नेहा शर्मा के निर्देश पर लगातार आबकारी विभाग और पुलिस विभाग की संयुक्त टीम द्वारा अवैध कच्ची शराब बनाने वाले लोगों के खिलाफ कार्रवाई की जा रही है।आबकारी विभाग और पुलिस विभाग की संयुक्त टीम ने कार्यवाही करते हुए 24 घण्टे के अंदर 121 लीटर अवैध कच्ची शराब किया है। और 2200 किलो लहन को नष्ट करते हुए सात लोगो पर मुकदमा दर्ज भी दर्ज कराया है।टीम ने वजीरगंज थाना क्षेत्र के गणेशपुर ग्रन्ट में दबिश देकर 60 लीटर अवैध कच्ची शराब बरामद करके 1500 किलो लहन नष्ट को किया।



मौके पर दो चढ़ी भट्टी मिले उन्हें भी नष्ट किया गया है। साथ ही आबकारी अधिनियम के अन्तर्गत कुल दो अभियोग पंजीकृत किया गया।साथ ही आबकारी एवं पुलिस की संयुक्त टीम ने कार्यवाही करते हुए नगर कोतवाली क्षेत्र अंतर्गत इमलिया गुरुदयाल गांव में दबिश देकर 46 लीटर अवैध कच्ची शराब बरामद करके चार सौ किलो लहन को नष्ट किया। साथ ही आबकारी अधिनियम व आईपीसी की सुसंगत धाराओं के अन्तर्गत कुल चार अभियोग पंजीकृत किया गया।पंद्रह लीटर अवैध कच्ची शराब बरामद, तीन सौ किलो लहन नष्ट किया वही आबकारी विभाग एवं पुलिस की संयुक्त टीम द्वारा ग्राम खैरी मन्शापुरी व धोबियन पुरवा कोतवाली नगर गोण्डा में दबिश देकर पंद्रह लीटर अवैध कच्ची शराब बरामद करके तीन सौ किलो लहन नष्ट किया गया है।

मौके पर दो चढ़ी भट्टी भी नष्ट की गई है साथ ही एक अभियोग भी पंजीकृत कराया गया है।वहीं जिला आबकारी अधिकारी राजेश कुमार ने बताया कि लगातार गोंडा जिले में अवैध कच्ची शराब बनाने वाले लोगों के खिलाफ छापेमारी करके कार्रवाई की जा रही है।वही आबकारी विभाग और पुलिस विभाग की संयुक्त टीमों द्वारा छापेमारी करके 121 लीटर अवैध कच्ची शराब और 22 लीटर लहन को नष्ट किया गया है साथ ही अवैध शराब बनाने वाले सात लोगों के खिलाफ मुकदमा भी दर्ज किया गया है और यह पूरे जिले में लगातार छापेमारी की कार्यवाही चल रही है।

# एस.एस.बी महानिरीक्षक लखनऊ ने 42वीं वाहिनी का किया भ्रमण

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

नानपारा , बहराइच। महानिरीक्षक एस.एस.बी लखनऊ रत्न संजय (भा.पु.से) ने एस एस बी 42वी वाहिनी बहराइच प्रथम का भ्रमण किया । वाहिनी मुख्यालय में आगमन पर सर्वप्रथम सम्मान गार्ड द्वारा महानिरीक्षक को गार्ड ऑफ ऑनर से सम्मानित किया गया । तत्पश्चात महानिरीक्षक द्वारा वाहिनी के समस्त अधिकारी गणों के साथ बैठक का आयोजन हुआ जिसमें वाहिनी के कार्यक्षेत्र, कार्यप्रणाली तथा वाहिनी की उपलब्धियों से संबंधित विषयों पर चर्चा की गई । तत्पश्चात महानिरीक्षक द्वारा मुख्यालय के प्रांगण का निरीक्षण किया गया । निरीक्षण करने के दौरान महानिरीक्षक ने जवान मैस, ऑफिस एरिया, आर आर टी टीम एवं श्वान दस्ते आदि का निरीक्षण किया। इसके उपरांत सैनिक सम्मेलन का आयोजन किया गया जिसमें महानिरीक्षक द्वारा सभी जवानों को अपने कोई भी बिंदु, सुझाव, परेशानी




उनके साथ बेजिझक साझा करने के लिए कहा गया ।महानिरीक्षक ने सभी जवानों की परेशानियां उनके सुझाव तथा उनके बिंदुओं को सुना तथा मौके पर ही उनका निवारण करने का आदेश दिया । सैनिक सम्मेलन के दौरान महानिरीक्षक द्वारा 42वीं वाहिनी को एसएसबी में भारत-नेपाल सीमा पर ? सर्वश्रेष्ठ बटालियन का खिताब मिलने पर सभी जवानों को बधाई दी गई। जवानों ने गाना गाकर खुशी मनाईं तत्पश्चात सैनिक सम्मेलन समाप्त हुआ। शाम को महानिरीक्षक ने उपस्थित अधिकारीयों के साथ विभिन्न अधिकारिक मुद्दों पर विस्तृत रूप से चर्चा की तथा रात्रि का भोजन साथ में किया। इस अवसर पर 59वी वाहिनी के कार्यवाहक कमांडेंट, 42वीं वाहिनी के कार्यवाहक-कमांडेंट पार्थ सारथी रॉय एवं उप कमांडेंट अनिल कुमार यादव व अन्य अधिकारीगण उपस्थित रहे ।

## शमा फाउंडेशन की और से गाँव में बच्चों की प्रतिभा को निखारने के लिये बच्चों के लिए लगाई गई मस्ती की पाठशाला



बहराइच । शमा फाउंडेशन की और से जगीर गाँव (तजवापुर)में बच्चों की प्रतिभा को निखारने के लिये बच्चों के लिए लगाई गई मस्ती की पाठशाला,खुशियों की इस पाठशाला में प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। कला प्रतियोगिता,मेहदी प्रतियोगिता,भाषण प्रतियोगिता, कविता प्रतियोगिता में बच्चों ने बढ़ चढ़ कर प्रतिभाग किया और अपने हुनर से बैग,पुस्तक,मैडल,आदि ईनाम जीता।इसके इलावा कार्यक्रम में उपस्थित सभी बच्चों को बिस्किट,फ्रूटी,टाफी, मैडल, वर्णमाला और सामान्य ज्ञान की पुस्तक,कापियां, आदि वितरित किया गया।कार्यक्रम में बच्चों के साथ शमा फाउंडेशन की प्रबंधक शमा परवीन ने बच्चों का हौसला बढ़ाया साथ ही अभिभावकों से संपर्क करके बच्चों को प्रतिदिन विद्यालय भेजने का निवेदन किया।और घर भी बच्चे पुस्तक प्रतिदिन पढ़े इसके बारे में भी सफल विस्तृत चर्चा करते हुए कहा कि-एक व्यक्ति से परिवार,परिवार से समाज,और समाज से ये देश जुड़ा होता है।इसलिए बच्चों को किताबें पढ़ने के लिये हमेशा प्रेरित करे ताकि बच्चे पढ़ लिखकर अच्छे इन्सान बन देश का नाम रौशन कर सके।

## जलवायु परिवर्तन के प्रति रहे जागरूकः संतोष सिंह



जरवल बहराइच । विकासखंड जरवल के ग्राम पंचायत बीबीपुर बरवालिया के उच्च प्राथमिक विद्यालय में सुरेंद्र कुमार ब्लॉक कोऑर्डिनेटर यूनिसेफ के सहयोग से एक्शन एड द्वारा संचालित नई पहल शिक्षा परियोजना के तहत मीना मंच बच्चों साथ जलवायु परिवर्तन जागरूकता अभियान का किया गया आयोजन,आयोजित अभियान कार्यक्रम मे मुख्य अतिथि बी.ई.ओ संतोष सिंह को मीना मंच की छात्राओ द्वारा तुलसी का पौधा भेंट कर स्वागत किया गया,बच्चों को संबोधित करते हुए पर्यावरण प्रदूषण, जनसंख्या नियंत्रण से होने वाले हानिया व बचाव के उपाय बताएं व टीम मे शामिल सभी बच्चों को एक पौधा लगाने की प्रेरित किया जिससे आने वाले समय में पर्यावरण का संतुलन बना रहे। चित्रकला के माध्यम से जलवायु परिवर्तन,बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ, का स्लोगन प्रदर्शनी बनाने वाली छात्राओं पत्रकार अजय वर्मा उत्तम द्वारा पुरस्कृत किया गया, 50 छात्रों के द्वारा जलवायु परिवर्तन द्वारा शिक्षा,पोषण,स्वास्थ्य पर पड़ने वाले प्रभाव व बचाव के बारे मे गाँव में रैली निकाल कर लोगों को जागरूक किया गया, मीना मंच की टीम शामिल छात्रों व सभी छात्र छात्राओं को मुख्य अतिथि द्वारा उपहार का वितरण किया गया,इस अवसर पर साहब बख़्श सिंह,शाहिदा खातून ,सपना चौधरी, रविंद्र पटेल,पंकज दीक्षित,सहित विद्यालय स्टॉप व अन्य रहे मौजूद।

## शेरी नशिस्त में शोरा ने पेश किए अपने कलाम

नानपारा, बहराइच। नगर के मोहल्ला किला स्थित लखनऊ पब्लिक स्कूल में तरही शेरी नशिस्त का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की सदारत मंजूर बहराइची ने की। मेहमाने खुसूसी मास्टर कबीर रहे। कार्यक्रम का संचालन नज़र बहराइची ने किया। सभी शोरा ने अपने कलाम सुनाकर महफिल में वाहवाही लूटी। डा0 मुबारक बहराइची ने पढ़ा बढ़ा दी इन आँखों की तौकीर आकर इन आँखों से आँसू निकलने से पहले। लाल नानपारवी ने पढ़ा ये सोचो तो कैसे किया हमने हासिल कोई भी निवाला निगलने से पहले। कासिफ नानपारवी ने पढ़ा बगैर आपके हर नशा है अधूरा चले आइए जाम भ रने से पहले। जमीर नानपारी ने पढ़ा तुम्हें भी मुहब्बत है हमसे बता दो हमारा इरादा बदलने से पहले। हसन शंकरपुरी ने पढ़ा मैं समझा चमन पर घटा छा गयी है सुलगते नशेमन को जलने से पहले। मंजूर बहराइची ने पढ़ा चलो फिर ख़ुशी के कोई गीत गायें इन आँखों से आँसू निकलने से पहले। शम्स नानपारवी ने पढ़ा शबे गम मुशलशल बहे जा रहे है, इन आँखों से आँसू निकलने से पहले। नवाज बहराइची ने पढ़ा नवाज़ अब सुधर जाओ छोड़ो ये सब कुछ, नमाजी बनो उम्र ढलने से पहले। मेराज़ शिवपुरी ने पढ़ा ख़बर भूख से मरने वालो की रक्खो, मियां लुकमए तर निगलने से पहले। सफीर नानपारवी ने पढ़ा अज़ल से दिलों जाँ है तुझपे निछावर, बता दो अभी राज खुलने से पहले। ज़ाकिर नानपारवी ने पढ़ा मुझे छोड़ कर के कहीं जाने वाले ख़बर उसने दी घर बदलने से पहले। नज़र बहराइची ने पढ़ा मुझे याद है आज भी अपना माजी बहुत लड़खड़ाए सम्भलने से पहले। कैफ़ नानवारवी ने पढ़ा नमाज़े मिरी न कजा होने पाये, जगाओ हमें दिन निकलने से पहले। इन शोरा के अलावा शायर हाफिज जमील नानपारवी व आसिफ नानपारवी आदि ने भी अपने अपने कलाम पेश किए। कार्यक्रम में मास्टर रईस बेग, शेख जी, सैय्यद अजमी रिजवी, मास्टर आफाक मुन्ना चप्पल वाले आदि लोग मौजूद रहे।

# डीएम ने राजकीय मेडिकल कॉलेज का निरीक्षण

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

गोण्डा। जिलाधिकारी नेहा शर्मा ने निर्माणाधीन राजकीय मेडिकल कॉलेज का औचक निरीक्षण कर कार्य के प्रगति का लिया जायजा। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने 282 करोड़ की लागत से बन रहे राजकीय मेडिकल कॉलेज में पहुंचकर लेकचर्र भवन, प्राचार्य आवास, प्रशासनिक भवन, महिला छात्रावास, पुरुष छात्रावास एवं अन्य सभी तैयार हो रहे सभी बिल्डिंग भवनों में जाकर कार्य प्रगति एवं गुणवत्ता की जानकारी ली।

साथ ही संबंधित कार्यदाई संस्था एवं अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा है कि राजकीय मेडिकल कालेज के निर्माण में और तेजी लाएं ताकि सत्र प्रारंभ से पहले पूरी गुणवत्ता के साथ तैयार हो सके।

निरीक्षण के दौरान कार्यदाई संस्था एवं संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि निर्माणाधीन राजकीय मेडिकल कॉलेज में बचे हुए कार्यों को पूरी गुणवत्ता के साथ जल्द से जल्द तैयार करना सुनिश्चित करें इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही न की जाय।इस अवसर पर अपर उप जिलाधिकारी अशोक कुमार गुप्ता, प्राचार्य राजकीय मेडिकल कॉलेज गोंडा, राजकीय नोडल अधिकारी डॉक्टर



कुलदीप पाण्डेय, एई भवन निर्माण खंड बलरामपुर, सहित सभी संबंधित अधिकारी एवं कार्यदायी संस्था के अधिकारीगण उपस्थित रहे।

## अवैध खनन के परिवहन व भंडारण पर होगी कार्यवाही




गोण्डा । जिलाधिकारी नेहा शर्मा ने कहा कि जनपद में किसी भी सूरत में अवैध खनन को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। ऐसा करने वालों के विरुद्ध कार्रवाई की जाएगी। जिलाधिकारी ने जनपद में सभी एसडीएम व क्षेत्राधिकारी को निर्देशित किया है कि तहसील स्तर पर गठित टास्कफोर्स टीम को क्रियाशील करते हुए अवैध खनन के परिवहन व भंडारण में संलिप्त व्यक्तियों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई जाये। जिलाधिकारी ने बताया कि तहसील गोण्डा में साधारण मिट्टी के खनन के चार अनुज्ञाधारी और कर्नलगंज तहसील में साधारण मिट्टी के छह अनुज्ञाधारी हैं। जिलाधिकारी ने कहा कि इसके अतिरिक्त खनन निदेशालय के माइनमित्रा पोर्टल पर 100 घन मीटर हेतु किसानो के निजी उपयोग हेतु अनुज्ञा प्राप्त कर सकते है। इसके अलावा कोई भी खनन, परिवहन व भंडारण अवैध होगा।

## अनियंत्रित ट्रैक्टर ट्रॉली के नीचे दबकर छात्रा की मौत



उमरीबेगमगंज,गोण्डा। मंगलवार की सुबह साईकिल से स्कूल जा रही एक हाईस्कूल की छात्रा को एक अनियंत्रित ट्रैक्टर-ट्रॉली ने रौंद डाला। इस दर्दनाक हादसे में छात्रा की मौके पर ही मौत हो गयी। घटना की सूचना पाकर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है? और ट्रैक्टर ट्राली को कब्जे में लेकर विधिक कार्यवाही में जुटी है?।मिली जानकारी के मुताबिक उमरीबेगमगंज थाना क्षेत्र के पूरेडाल (भटपुरवा) गांव के निवासी उदयभान शर्मा की पुत्री शशि हाईस्कूल की छात्रा थी।मंगलवार की सुबह वह साईकिल से स्कूल जा रही थी।डिक्सिर के बख्खापुरवा गांव के मोड़ पर एक अनियंत्रित ट्रैक्टर ट्राली ने साईकिल सवार छात्रा को रौंद दिया। इस दर्दनाक हादसे में शशि की मौके पर ही मौत हो गई।हादसे के बाद मौके पर काफी भीड़ जुट गयी। तत्काल इसकी सूचना पुलिस को दी गई तो पुलिसकर्मी मौके पर पहुंचे और शव का पंचनामा भरकर उसे पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस ने हादसे को अंजाम देने वाली ट्रैक्टर ट्राली को कब्जे में ले लिया है? और चालक की तलाश शुरू कर दी है।

## सिंध बेकर्स नें स्वीकृत नक्शा के विपरीत बना ली दुकान जिम्मेदार खामोश

गोण्डा। शहर के गुड्डू मल चौराहे के पास स्थित सिंध बेकर्स के भू स्वामी नें स्वीकृत नक्शा के विपरीत व्यवसायिक कांप्लेक्स निर्माण भी पार्किंग की समस्या उतपन्न हुई है।शहर के गुड्डू माल चौराहे पर स्थित सिंध बेकर्स के नाम से व्यवसायिक कांप्लेक्स है जहां बेसमेंट पार्किंग की सुबिधा ही नहीं है। स्वीकृत नक्शा में इसका प्राविधान किया गया है लेकिन निर्माणकर्ताओं ने इसे नजरअंदाज कर दिया है।बेसमेंट में पार्किंग की जगह पर फिर दुकान का निर्माण कर लिया है।इस कारण भी वाहनें व्यवसायिक कांप्लेक्स के सामने सड़कों के आसपास बेतरतीब ढंग से खड़ी होती है।शासन स्तर से इसके लिए नियमतिकरण का नया नियम लागू किया गया है। नगर पालिका प्रशासन द्वारा ऐसे आवासीय और व्यवसायिक निर्माणकर्ताओं को नोटिस जारी कर नियमितीकरण कराए जाने का निर्देश जारी किया है। आवेदन लिए जा रहे हैं। ऐसे निर्माणकर्ताओं को शासन के नियमों के तहत शुल्क अदा कर भवन का नियमितीकरण करा लेने समझाइश भी दी जा रही है।शहर में कई ऐसे व्यवसायिक कांप्लेक्स हैं जहां बेसमेंट पार्किंग का नक्शा स्वीकृत कराया गया है लेकिन निर्माण में इसका पालन न करते हुए उस क्षेत्र का भी व्यवसायिक उपयोग करना शुरू कर दिया है।

# शातिर चोर गिरफ्तार, कब्जे से चोरी का माल बरामद



**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

गोण्डा। पुलिस अधीक्षक गोण्डा विनीत जायसवाल द्वारा जनपद में आगमन के उपरान्त अपराध एवं अपराधियों के विरूद्ध अभियान चलाकर शातिर चोरों की जल्द से जल्द गिरफ्तारी करने के निर्देश जनपद के समस्त प्रभारी निरीक्षक थानाध्यक्षों को दिए थे।उक्त निर्देश के अनुक्रम मे थाना कोतवाली नगर पुलिस द्वारा अपर पुलिस अधीक्षक श्री राधेश्याम राय के नेतृत्व में सुरागरसी-पतारसी कर थाना कोतवाली नगर क्षेत्र के अन्तर्गत हुई चोरी की घटना में वांछित अभियुक्त शहबान पुत्र इस्लाम को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से एक जोड़ी पायल व 1830 रुपए नगद बरामद किया गया। थाना कोतवाली नगर क्षेत्र के अन्तर्गत ग्राम गंगापुर डिहवा के रहने वाले वादी ओमप्रकाश पुत्र बृजलाल के घर में चोरी की घटना घटित हुई थी। जिसके सम्बन्ध में वादी द्वारा थाना कोतवाली नगर में अभियुक्त शहबान के विरूद्ध अभियोग पंजीकृत कराया गया था। गिरफ्तार अभियुक्त के विरूद्ध थाना कोतवाली नगर पुलिस द्वारा विधिक कार्यवाही करते हुए माननीय न्यायालय रवाना किया गया।

# यौन हिंसा और लैंगिक भेदभाव विषयक संगोष्ठी सम्पन्न, युवक-युवतियां सम्मानित

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

नानपारा, बहराइच। नगर के प्रतिष्ठित गोल्डन पॉम स्थित बैंक्वेट हॉल में सवेरा परियोजना की ओर से यौन हिंसा और लैंगिक भेदभाव गोष्ठी आयोजित की गई जिसमें पियर एजुकेटर्स एवं जागरूक युवक युवतियों को पुरस्कृत व सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि क्षेत्रीय प्रबन्धक अरुनव बासु एवं वन स्टॉप सेंटर प्रभारी रचना कटियार तथा मुख्य वक्ता ध्यान प्रकाश श्रीवास्तव एडवोकेट रहे। कार्यक्रम का संचालन परियोजना प्रबन्धक आदर्श मिश्रा ने किया। बताते चलें कि हेल्थ इंस्टीट्यूट फार मदर एंड चाइल्ड दिल्ली के साझा प्रयास से उत्तर प्रदेश के बहराइच जनपद में सवेरा परियोजना संचालित है।

जो विकासखंड बलहा के 15 ग्राम पंचायतों के अन्तर्गत 59 गांवों में सेवा प्रदाता के रूप में कार्य कर रही है जिसका उद्देश्य 15 से 24 वर्ष के विवाहित/अविवाहित युवक/युवतियों एवं उनके माता पिता को लिंग आधारित हिंसा/यौनिक हिंसा व लिंग आधारित भेदभाव के प्रति जागरूक करना एवं उनके व्यवहार में परिवर्तन लाना है। इसके साथ




ही साथ समय समय पर सेवा प्रदाताओं के साथ संवेदीकरण प्रशिक्षण भी परियोजना का अहम हिस्सा है। इसी क्रम में आदर्श मिश्रा ने कार्यक्रम में उपस्थित प्रतिभागियों को विभिन्न प्रकार की गतिविधियों के माध्यम से संवाद स्थापित करते हुए कहा कि हमे सबसे पहले अपने अधिकारों के प्रति जागरूक होना है अपने अंदर बदलाव लाकर भेदभाव व हिंसा के प्रति संवेदनशील होना पड़ेगा ताकि हम सब सक्रियता के साथ समाज को सही दिशा देने में सफल हो सकें। इसके साथ ही हमे यह भी सुनिश्चित करना होगा कि उत्तरजीवी अपनी बात को पुलिस थाना, वन स्टाप सेंटर, महिला शक्ति केंद्र एवं सरकार द्वारा स्थापित निशुल्क मंचो तक अपनी बात पहुंचाने में सहज महसूस कर सके। कार्यक्रम में 15 गांवों से सैकड़ों युवक युवतियां अपने अभिभावकों सहित शामिल हुए जिन्हें संबोधित करते हुए अधिवक्ता ध्यान प्रकाश श्रीवास्तव ने बताया कि आज के समय में स्त्रियों को आगे बढ़ने के लिए समुचित अवसर उपलब्ध कराना परिवार की जिम्मेदारी है, किसी भी समस्या के दौरान असहज महसूस करने पर हमें घर की लड़कियों या महिलाओं से बात करके जरूरी मदद करनी चाहिए तथा लड़के व लड़कियों को विकास के समान अवसर देने चाहिए। उन्होंने यह भी कहा कि सरकार द्वारा तमाम लाभकारी योजनाएं विशेष तौर पर महिलाओं के लिए चलाई जाती हैं और महिलाओं के संरक्षण व विकास संबंधी तमाम कानून भी हैं जिनका जरूरत पड़ने पर उपयोग कर सकते हैं। वन स्टॉप सेंटर प्रभारी रचना कटियार ने जिला स्तर पर महिलाओं के लिए हर संभव मदद करने का आश्वासन दिया।

# गौरी-साक्षी बहनों की जोड़ी ने मचाया धमाल मेरे बालाजी सरकार डंका बाजें मेंहदीपुर में, रोहित शर्मा

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

गोंडा। श्री मेंहदीपुर बालाजी परिवार द्वारा आयोजित तीन दिवसीय कार्यक्रम में सोमवार की रात्रि श्री मेंहदीपुर बालाजी के नाम रहा।शहर के नगर कोतवाली के सामने श्री मेहंदीपुर बालाजी परिवार द्वारा दि हेरिटेज इन पर छठवां वार्षिक उत्सव धूमधाम से मनाया गया जिसमें भजनों की शुरुआत जनपद के सुप्रसिद्ध भजन गायक रोहित शर्मा दीपक ने गाया ''' देना हो तो दीजिए जनम-जनम का साथ लाल लंगोटो हाथ में सोठो कीर्तन की है रात बाबा आज थाने आनो है पलकें ही पलकें बिछाए गे एक दिन बालाजी घर मेरे आयें गे मेरी झोपड़ी के भाग्य आज खुल जायेंगे राम आयेगे फिर मथुरा-वृंदावन से चलकर



गोन्डा जनपद में पहली बार आयी भजन गायिका गौरी - साक्षी की जोड़ी ने भजनों की हाजिरी लगाई। उन्होंने गाया '' दुनिया रचने वाले को भगवान कहते हैं,संकट हरने वाले को हनुमान कहते हैं मेरी राम जी से कह देना सिया राम मेरे सिर पर हमेशा तेरा हाथ रहें बालाजी सदा मेरे साथ रहें वो बालाजी मुझे तेरी ज़रूरत है साथी हमारा कौन बनेगा वृंदावन जाऊंगी सखी मैं लौट के न आऊंगी कानपुर से भजन गायक ने गाया ''' संदीप मस्ताना ने गाया श्री राम जानकी बैठे हैं मेरे सीने में मेरे प्रभु जानते हैं बजाएं जा तू प्यारे हनुमान चुटकी ..तेरी जीवन नैया को प्रभु पार लगाएंगे,तू राम नाम रट ले हनुमान जी आयेंगे सीता से जाकर बोलें अंजनी के लाला काले काले बालों में कारोबार मेरा बालाजी चलावें और पियूष चावला बरेली और चिराग दिल्ली द्वारा श्री राम दरबार, राधाकृष्ण, फूलों की होली, भोले नाथ आदि कई तरह की झांकी दिखाई गई। कार्यक्रम में भजन गायिका गौरी -साक्षी का सम्मान ऊषा रस्तोगी ने दुप्पटा पहनाकर सम्मानित किया। कार्यक्रम में श्री मेंहदीपुर उसके बाद सभी भजन गायकों को कमेटी द्वारा सम्मानित किया गया।

जागरण में बालाजी धाम के गुरूवर अरविंद शर्मा जी,गोंडा कामाख्या दरबार की माता पूजा मिश्रा, भाजपा नेता उमेश शुक्ला,के डी मिश्रा,आलोक सिंह,रविन्द्र कमलापुरी बलरामपुर,सोनी सिंह सहित कई गणमान्य लोग मौजूद रहे। आर एस एस के नगर कार्य धर्मेन्द्र जी ने आयोजक श्री मेंहदीपुर बालाजी परिवार को 22 जनवरी को श्री राम मंदिर अयोध्या के लिए निमंत्रण पत्र दिया और अयोध्या चलने के लिए आह्वान भी किया। जागरण में बाबा का भव्य व मनमोहक दरबार सजा हुआ था।भक्त पंक्ति में लाइन लगाकर बाबा का दर्शन किया और आर्शीवाद लिया। म्यूजिक में विनय म्यूजिशियन ग्रुप रहा।मंच का संचालन रोहित शर्मा ने किया।दरबार पर पं राजनाथ उपाध्याय रहे।जागरण में बलरामपुर, पयागपुर, मोतीगंज,मनकापुर,आदि कई जगहों से बालाजी के भक्त शामिल हुए।इस कार्यक्रम में अंकित मिश्रा, अनुराग शर्मा, प्रखर, रोहित,शिवम सहित भारी संख्या में भक्त मौजूद रहे।

# समाजसेवी ने कराया कंबल का वितरण



**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

### नगर पंचायत जरवल के समाजसेवी फिरोज जौहरी द्वारा नगर मे 1000 कम्बल का कराया वितरण

जरवल बहराइच। नगर पंचायत जरवल में समाज सेवी फिरोज जौहरी द्वारा शीत लहर को देखते हुए गरीब असहाय लोगों को 1 हजार कंबल वितरण, किया बताते चले इससे पहले जौहरी ने दिनांक 20/11/2023 को 2 हजार कंबल वितरण किया था और कहा था की जो लोग कंबल पाने से छूट गए हैं उनको भी कंबल दिया जाएगा उसी को देखते हुए आज समाज सेवी ओमान खान की अगुवाई में फिरोज जौहरी के द्वारा लोगों को कंबल वितरण किया गया कार्यक्रम में समाज सेवी अशोक सोनी हाजी मोहम्मद उमर मोहम्मद रफी सभासद शावेज़ काजमी सभासद जलील सभासद कैफ सभासद एहसान वारिश सभासद अफजाल अंसारी सभासद पवन कुमार श्रीवास्तव सभासद आदि लोग मौजूद रहे ।

# गाय के गोबर से बने दीये अयोध्या दीपोत्सव में लगाएंगे चार चाँद: अंकित

## अयोध्या में 22 जनवरी को राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव दिवाली की तरह सजेगा शहर व हर घर

कैनविज टाइम्स संवाददाता



उन्नाव। मंगलवार को राष्ट्रीय सैनिक छात्र सेवा परिषद के अध्यक्ष अंकित शुक्ला ने जिलाधिकारी को आगामी 22 जनवरी को होने वाली प्रधानमंत्री एवं मुख्यमंत्री के आवाहन पर पौष शुक्ल द्वादशी विक्रम संवत 2080 आने वाली दिन सोमवार दिनांक 22 जनवरी 2024 को 495 वर्ष बाद अपने जन्मस्थान श्री रामलला के अयोध्या पुनःआगमन के रूप में श्री राम जन्म भूमि मन्दिर के गर्भ गृह में रामलला के प्राण प्रतिष्ठा के पावन अवसर पर इतिहास की विशालतम दीपावली मनाने के लिए देश व प्रदेश के समस्त जनपद के कोने कोने मे दीप प्रज्वलन हेतु संस्था अध्यक्ष अंकित शुक्ला ने अपील कि समस्त देश वासियो से कि हम सब मिलकर 22 जनवरी को घरों घरों मन्दिरों मन्दिरों सड़को चौराहो पर दीप जलाये अभूतपूर्व दीवाली मनाये प्रभू श्रीराम को नमन करे और 495 वर्षों से जगह रही जो खाली 22 जनवरी 2024 को जन्म भूमि पर आई पुनः दिवाली इस सन्देश को दूर दूर तक फैलाये संस्था अध्यक्ष अंकित शुक्ला ने ठाना है अयोध्या में दीपोत्सव का एक नया विश्व रिकार्ड बनाना है और जनपद में तैयारियां तेज हो गईं 22 जनवरी को दीपोत्सव मनाया जाएगा दीपोत्सव में इस बार सरयू तट पर 50 हजार और गंगा में 51 हजार दीप जलाने का भी लक्ष्य है ।

अंकित शुक्ला ने सभी लोगो से वहीं 22 जनवरी को रात को दिवाली की तरह ही मनाने का यह ऐलान किया है अयोध्या में 22 जनवरी को राम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव का आयोजन होगा उसी को लेकर जनपद में विभिन्न आयोजन किये जाएंगे उन्होंने बताया की श्रीराम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव को लेकर जनपद में रंगोली बनाई जायेगी 21 जनवरी को विभिन्न हनुमान मंदिर में हनुमान चालीसा का पाठ व प्रसाद का आयोजन होगा इसके साथ ही 22 जनवरी को गाय के गोबर से निर्मित 51 हजार दीप जलाए जाएंगे वहीं हर घर पर भगवा ध्वज लगाने के साथ लाइटिंग व दीपक जलाए जायेंगे।

## हत्यारे बेटे ने मां के साथ किया आत्मसमर्पण

उन्नाव। गुड वर्क के तमगा तलाशने में जुटी पुलिस को उस समय हताशा हांथ लगी जब शहर के राम नगर मोहल्ले में पिता की गोली मारकर हत्या करने वाले बेटे ने मां के साथ चौकी पहुंच कर गुनाह कबूल कर लिया। सूत्र बताते है कि पुलिस मामले को रात से दबाए रही और गुड वर्क के प्रयास जुटी थी। इसी बीच मामला चर्चा में आने से सारा मामला खुल गया। हालाकि आत्म समर्पण की बात की पुष्टि करने को कोई तैयार नहीं हैबता दे शहर के राम नगर मोहल्ले में शिव नगर के रहने वाले पवन यादव का कूड़े के ढेर में शव मिला था। जांच के बाद शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया तो दिवंगत पवन के शरीर में दो गोलियां फंसी मिली और दो शरीर के पार निकल गई थी।दूसरी पत्नी जमुना की तहरीर पर पहली पत्नी नीलम उसके बेटे प्रदीप पर हत्या की रिपोर्ट दर्ज की गई थी। पुलिस आरोपी की तलाश में जुटी थी। सूत्र बताते है कि बढ़ते दबाव को देखते हुए आरोपी प्रदीप और उसकी मां नीलम ने किला चौकी सरेंडर कर दिया था। हालाकि पुलिस अभी भी आत्म समर्पण की पुष्टि नहीं कर रही हैं।

## पहली बार आज आयोजित होगा कवियित्री सम्मेलन तैयारियां जोरों शोरों पर



कैनविज टाइम्स संवाददाता

**स्वाति शुक्ला,निष्ठा श्रीवास्तव,सरोज सरगम, सुल्तान जहां,सुगंध अग्रवाल ,गीता राठौर,नीता अग्रवाल,संजीता सिंह, सुषमा आर्य,रमा वर्मा सहित दर्जनों कवियित्री करेंगे अपना काव्य पाठ**

पुरनपुर। टॉप फाउंडेशन की तरफ से आयोजित होने वाले कवियित्री सम्मेलन में पुरनपुर पीलीभीत बरेली सहित देश के सबसे बड़े सूबे उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ से भी कवियित्री पहुंचकर अपना काव्य पाठ प्रस्तुत करेंगी पूरनपुर में ही नहीं बल्कि जनपद पीलीभीत में पहली बार होने वाले इस कवियित्री सम्मेलन की तैयारी कई दिनों से कार्यक्रम अध्यक्ष संगीता सिंघल व डॉ नीराजना शर्मा एवं कार्यक्रम संयोजक गिरिजा शर्मा कर रही हैं।इस सम्मेलन में अतिथि के तौर पर जिला पंचायत अध्यक्ष दलजीत कौर,भाजपा विधायक बाबू राम पासवान की पत्नी राम बेटी पासवान, रोटरी क्लब ग्रीन की अध्यक्ष कल्पना गुप्ता रहेगी।

# जिलाधिकारी ने निर्माणाधीन मेडिकल कॉलेज व 200 बेड भवन का किया औचक निरीक्षण

## जिलाधिकारी ने देखी निर्माणाधीन मेडिकल कॉलेज व 200 बेड भवन की प्रगति,दिए निर्देश



कैनविज टाइम्स संवाददाता

पीलीभीत।जिलाधिकारी ने निर्माणाधीन मेडिकल कालेज व जिला अस्पताल के पीछे निर्माणाधीन 200 बेड भवन का निरीक्षण किया।उन्होंने निर्माणाधीन मेडिकल कालेज के निर्माण कार्यो को देखा।निरीक्षण के दौरान लेक्चर हॉल व प्रधानाचार्य कक्ष में कराये गये कार्यो देखा, कार्य पूर्ण पाए गये।इसके साथ ही मेडिकल कालेज में निर्माण कराये जा रहे मल्टीपरपज हॉल व ओपन एयर थिएटर के निर्माण की मैप लेआउट के माध्यम से जानकारी ली मल्टीपरपज हॉल को 03 माह में कार्य को पूर्ण कराने के निर्देश दिये।इसके उपरान्त जिलाधिकारी ने मेडिकल कालेज के निर्माणाधीन 200 बेड भवन का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने वार्डो का निरीक्षण किया तथा ब्रिक से बनाई गई दीवारों में मसाला भरने के निर्देश दिये। इस दौरान उन्होंने प्लास्टर की गुणवत्ता परखी एवं कराये जा रहे कार्यों में फिनिशिंग लाने के निर्देश दिए। इसके साथ ही जल निकासी हेतु नाला निर्माण कराने हेतु कार्यदायी संस्था को निर्देशित किया। सम्बन्धित कार्यदायी संस्था को कड़े निर्देश देते हुये कहा कि अतिरिक्त लेबर लगाकर कार्यों को समय से पूर्ण कराना सुनिश्चित किया जाये। समस्त कार्य माह मई तक समस्त कार्य पूर्ण कराना सुनिश्चित किया जाये। निरीक्षण के दौरान कार्यदायी संस्था को कड़े निर्देश देते हुये कहा कि समस्त कार्यों को निर्धारित मानकों के अनुरूप कराना सुनिश्चित करें। उन्होंने सम्बन्धित संस्था के अधिकारियों को कड़े निर्देश दिये।निरीक्षण के दौरान सीएमओ,सहित कार्यदायी संस्था के अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित रहे।

# दो दिवसीय ब्लॉक स्तरीय ग्रामीण खेल कूद प्रतियोगिता का हुआ आयोजन

कैनविज टाइम्स संवाददाता



उन्नाव। विकास खण्ड बिछिया की ग्राम पंचायत पड़री कला के खेलकूद मैदान में युवा कल्याण एवं प्रादेशिक विकास दल उन्नाव द्वारा आयोजित दो दिवसीय ब्लॉक स्तरीय ग्रामीण खेल कूद प्रतियोगिता के प्रथम दिवस प्रतियोगिता का मुख्य अतिथि के रूप में पधारे पुरवा विधायक प्रतिनिधि मोहन सिंह व संतोष सिंह एवम विशिष्ट अतिथि बिछिया ब्लॉक प्रमुख नीरज गुप्ता ने फीता काटकर शुभारंभ किया

खेल कूद की प्रतियोगिता में 1500 मीटर दौड़ में निखिल मिश्र प्रथम अनीस द्वितीय व आनंद रावत ने तृतीय स्थान प्राप्त किया

बालिका वर्ग के कबड्डी खेल के फाइनल में तारगांव की टीम विजेता घोषित हुई वही उप विजेता पड़री कला की टीम रही

बालक कबड्डी खेल में प्रथम स्थान ग्राम गौरी शंकरपुर ग्रांट तथा दूसरा स्थान ग्राम पड़री कला की टीम ने हासिल किया

गोला फ़ेक में प्रथम स्थान अंजिता द्वितीय स्थान श्रेया तथा तृतीय स्थान काजल ने हासिल किया400 मीटर की दौड़ में प्रथम स्थान मयंक मिश्रा तथा दूसरा स्थान आयुष भारती ने हासिल किया इस कार्यक्रम का संचालन जहां भरत कुमार ने किया वही इसी ग्राम पंचायत में तैनात ग्राम विकास अधिकारी पुत्तन लाल पाल ने पूरी तन्मयता से विजेता खिलाड़ियों को मुख्य अतिथियों के साथ रहकर प्रशस्ति पत्र एवम प्रतीक चिन्ह दिलाकर सम्मानित कराने में अग्रणी भूमिका निभाई इस अवसर पर प्रधानाचार्य शिव प्रकाश सिंह व्यायाम प्रशिक्षक अरुणेश कुमार ,अशोक कुमार मोहित शर्मा ,सूर्य कुमार, शिवम त्रिवेदी ,वीरेंद्र सौरभ रावत अजय कश्यप ,अभिषेक त्रिवेदी, ज्ञानेंद्र, सर्वेश सिंह, प्रमोद कुमार, सुधाकर सैनी आदि लोग उपस्थित रहकर सभी खिलाड़ियों की हौसला अफजाई की

# विकसित भारत संकल्प यात्रा पहुंची आदिलाबाद उपस्थित रहे मंत्री



कैनविज टाइम्स संवाददाता

पीलीभीत।प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी केॎविकसित भारत संकल्प यात्रा अभियानॐ के अंतर्गत पीलीभीत बहेड़ी संसदीय क्षेत्र की विधानसभा बीसलपुर स्थित बीसलपुर ब्लॉक के ग्राम आदिलाबाद में सरकारी योजनाओं से अवगत करवाते हुए मोदी के पंच प्रण की सपथ दिलाई,तत्पश्चात केंद्र व प्रदेश सरकार की विभिन्न जनलाभ कल्याणकारी योजनाओं के लाभार्थियों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया।इस अवसर पर मंडल अध्यक्ष भाजपा बीसलपुर ग्रामीण मंडल शरदपाल सिंह,ब्लॉक प्रमुख बीसलपुर अशोक कुमार शर्मा,ग्राम प्रधान रवि मिश्रा,लालाराम मिश्रा,प्रमोद कुमार,लोकेश अवस्थी,महेश चंद्र मिश्र सहित समस्त विभाग के अधिकारीगण एवं कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

# एसडीएम ने गोमती उद्गम स्थल पर मीडिया कर्मियों को किया सम्मानित

कैनविज टाइम्स संवाददाता



पूरनपुर।विकास खंड की ग्राम माधोटांडा में स्थित उद्गम स्थल पर सात दिवसीय गोमती शरद कालीन महोत्सव का आयोजन किया गया था। इसमें अहम योगदान देने वाले मीडिया कर्मी,गोमती भक्त,छात्राएं, राजस्व विभाग के कर्मचारी और सेवादारों को एसडीएम ने सम्मानित किया है। सभी के प्रयास की सराहना की है।

उन्होने गांव-गांव गोमती कलश यात्रा निकालने को भी कहा है।कलीनगर तहसील क्षेत्र के कस्बा माधोटांडा में 25 नवंबर से 1 दिसंबर तक शरद कालीन गोमती महोत्सव का आयोजन किया गया था। आखिरी दिन कवि सम्मेलन का आयोजन हुआ था। इसमें दोपहर 2 बजे से शाम 5 बजे तक विभिन्न स्कूलों के छात्राओं ने विभिन्न कार्यक्रम प्रस्तुत किए थे। इसके अलावा रात में रामलीला का मंचन किया गया था। मंगलवार को एसडीएम आशुतोष गुप्ता ने इस उत्सव में अहम योगदान देने वाले पत्रकारों, राजस्व विभाग के कर्मचारी,गोमती भक्त, समाजसेवी,छात्राओं के अलावा आसपास क्षेत्र के गांव की महिलाओं और पुरुषों को सम्मानित किया। इस दौरान उन्होंने गोमती को स्वच्छ और निर्मल बनाने के भी विचार रखे।उन्होंने कहा प्रत्येक गांव में गोमती कलश यात्रा पहुंचाई जाए।इससे लोगों को इसके बारे में जानकारी मिल सके।उन्होंने गांव में होने वाले मांगलिक कार्यों को गोमती उद्गम स्थल पर करने को कहा है। इस मौके पर पत्रकारशैलेंद्र शर्मा व्यस्त,अकील अहमद, इजहार खान,फकरुल इस्लाम खान,बहजत खान,कुलदीप सिंह,विक्की सिंह,इमरान खान,पूर्व प्रधान पति योगेश्वर सिंह,ब्रहमपाल सिंह यादव,महेश चंद्र मिश्रा, लेखपाल देवेश यादव,गजेंद्र सिंह के अलावा कई लोग मौजूद रहे।

## ई-श्रम कार्ड धारकों की दुघर्टना होने पर अनुग्रह राशि मुआवजा दी जायेगी

पीलीभीत। ई-श्रम पोर्टल पर पंजीकृत असंगठित कर्मकार को अनुग्रह राशि मॉड्यूल के अन्तर्गत दुर्घटना में मृत्यु होने अथवा दिव्यांगता की स्थिति में उनके अश्रितों को योजना का लाभ प्रदान किया जायेगा।श्रम एवं रोजगार मंत्रालय भारत सरकार के निर्देशानुसार यूपी असंगठित कर्मकार सामाजिक सुरक्षा बोर्ड लखनऊ द्वारा ई-श्रम पोर्टल पर दिनांक 31.03.2022 के पूर्व पंजीकृत विभिन्न श्रेणी के असंगठित कर्मकार को सामाजिक सुरक्षा संबंधी योजनाओं से आच्छादित कराने के लिये जिलाधिकारी की अध्यक्षता में समिति का गठन करते हुए उन्हें हितलाभ दिये जाने के आदेश दिये गये हैं। असंगठित कर्मकार को सामाजिक सुरक्षा प्रदान करने के दृष्टिगत प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना से आच्छादित किया जा रहा है। इस योजना के अन्तर्गत दिनांक 26.08.2023 से 31.03.2022 के पूर्व ई-श्रम कार्ड धारको की दुर्घटना के कारण मृत्यु होने पर नॉमिनी को 2 लाख रुपये अथवा दिव्यंगता की स्थिति में दोनों आख या दोनों हाथ या दोनों पैर पूर्ण रुप से क्षति होने पर 02 लाख रुपये, एक आख या एक हाथ या एक पैर क्षति होने पर 01 लाख रुपये की अनुग्रह राशि प्रदान की जायेगी। उक्त योजना का लाभ लेने के लिए दुर्घटना के कारण हुई मृत्यु व दिव्यांगता की स्थिति में ई-श्रम कार्ड धारक अथवा उसके नॉमिनी को निम्नलिखित अभिलेखों अभिलेखों के साथ स्थानीय श्रम प्रवर्तन कार्यालय में दावा प्रस्तुत करना होगा। उक्त हेतु वांछित अभिलेख जैसे दावेदार का आधार कार्ड, ई-श्रम कार्ड,मृत्यु प्रमाण पत्र अस्पताल का रिकार्ड जिसमें दुर्घटना के कारण दिव्यांगता का संकेत देने वाला डिस्चार्ज सांराश शमिल हो मृत्यु चिकित्सा प्रमाण पत्र, राज्य व केन्द्र सरकार के अधिकृत संस्था द्वारा जारी दिव्यांगता प्रमाण पत्र दुर्घटना के कारण हुयी मृत्यु के समर्थन वाली पोस्टमार्टम रिर्पोट दिव्यांगता सशक्तिकरण,सामजिक न्याय और सरकार के द्वारा जारी दिव्यांग प्रमाण पत्र, दुर्घटना के समय दर्ज की गयी।

## रंगदारी न देने पर बदमाश ने बैटरी दुकानदार पर झोंका फायर

उन्नाव। सदर कोतवाली क्षेत्र के गांधी नगर तिराहे के पास बैटरी दुकानदार से रंगदारी न मिलने पर युवक ने उस पर फायर झोंक दिया। दुकानदार ने किसी तरह भागकर अपनी जान बचायी। घटना के बाद आरोपी देख लेने की धमकी देते हुये वहां से भाग गया।इस दौरान पूरी घटना सीसीटीवी फुटेज में कैद हो गयी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज की जांच की है। पीड़ित दुकानदार की तहरीर पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। बता दें कि अस्पताल चौकी क्षेत्र निवासी भरत सिंह पुत्र स्व श्याम बिहारी की गांधी नगर तिराहे के पास बैटरी की दुकान है। रोज की तरह बीती रात वह दुकान पर मौजूद ग्राहकों को बैटरी दिखा रहे थे। इसी दौरान स्थानीय निवासी धर्मपाल उनकी दुकान पहुंचा और उसने रंगदारी की मांग की।

# पैनी नजर सामाजिक संस्था की अध्यक्ष ने बिजली विभाग के खिलाफ खोला मोर्चा

कैनविज टाइम्स संवाददाता

पीलीभीत। पैनी नजर सामाजिक संस्था की अध्यक्ष ने बिजली विभाग के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है।उन्होंने बताया कि सुरेश शर्मा नगर के पास आवास विकास निवासी धनेंद्र यादव ने अपने नव निर्माणधीन मकान में बिजली कनेक्शन हेतु बिजली विभाग में आवेदन किया जिसके तहत संविदा कर्मचारी ने जेई के कहने पर 20000 उनसे रुपए लेकर हीला हवाला बताते हुए उन्हें कई दिन तक तक गुमराह करता रहा।उसने उनके कनेक्शन हेतु उसी दिन लोगिन करने के बाद टरकाने का काम शुरू कर दिया जब घनेंद्र यादव बिजली विभाग के उच्च अधिकारियों के पास पहुंचे तो उच्च अधिकारियों के कहने पर जेई ने वहां लाइन खिंचवाई कनेक्शन करवा दिया और कनेक्शन के तहत पोल पर डिब्बा लगाकर चले गए और कहा कि आपकी लाइन चालू हो गई है।कल मीटर लग जाएगा उसके पश्चात वह मीटर लगाने अगले दिन नहीं आए और तीन दिन बाद जेई ने धनेंद्र यादव के ही खिलाफ बिजली चोरी का मुकदमा दर्ज करवा दिया उसके पश्चात धनेंद्र यादव ने जब अपने 20000 की मांग की कर्मचारी ने पैसे देने से इनकार कर दिया जिसको लेकर एसएसपी बरेली के पास गए प्रार्थना पत्र देने हेतु महीना बीत जाने के पश्चात भी उनके प्रार्थना पत्र पर आरोपी कर्मचारी व जेई के खिलाफ फिर अभी तक एफआईआर दर्ज नहीं हुई विभाग के चक्कर लगाते लगाते थक हार कर घनेंद्र यादव पैनी नजर सामाजिक संस्था की अध्यक्षा एडवोकेट सुनीता गंगवार से मिले सुनीता गंगवार ने उस पर संज्ञान लेते हुए कर्मचारी से बात की तो कर्मचारी ने कहा कौन से पैसे कैसे पैसे ऐसा कहकर उसने फोन काट दिया उसके पश्चात उसने फोन उठाना बंद कर दिया उसके पश्चात संबंधित थाना बारादरी में संस्था अध्यक्ष ने जेई व कर्मचारी के खिलाफ फिर से तहरीर देते हुए कोतवाल को सारे प्रकरण से अवगत कराया उसके पश्चात पुलिस प्रशासन ने कोई जांच पड़ताल नहीं की कोई एक्शन नहीं लिया तत्पश्चात बिजली विभाग के जेई और संविदा कर्मचारी एक तरह से लुटेरों की गैंग बनकर आम जनता को लूट रहे हैं डकैती डाल रहे हैं अपनी पावर का इस्तेमाल करके आम आदमी के पास कुछ नहीं है कोई पावर नहीं है उसके लिए कोई थाना नहीं बना है कि जहां पर वह इन डकैतों के खिलाफ अपनी रिपोर्ट दर्ज करवा सके संस्था अध्यक्ष ने कहा कि बिजली विभाग की यह पहली शिकायत नहीं है इससे मिलती-जुलती कई शिकायतें संस्था के पास आ चुकी हैं। जिसमें बिजली विभाग के संविदा कर्मी व जेई पूरी मनमानी कर रहे हैं और उच्च अधिकारी उनको पूरा संरक्षण दे रहे हैंपुलिस विभाग किसी भी सरकारी कर्मचारी चाहे वह कितना भी बड़ा दोषी हो उसके खिलाफ रिपोर्ट दर्ज करने को नहीं तैयार है। ऐसी हालत में एक आम आदमी को क्या करना चाहिए उपभोक्ता को क्या करना चाहिए बड़ा सवाल सरकार के ऊपर खड़ा होता है इधर सरकार और करोड़ों रुपए खर्च करके अपना प्रचार कर रही है कि हमने बिजली से संबंधित तमाम योजनाएं जनता को लाभ पहुंचाने के लिए दे रखी है क्या वह योजनाएं जनता को मिल रही है।उन योजनाओं के नाम पर जनता को मिल रहे हैं। फर्जी मुकदमे और उन मुकदमों के जरिए मोटी उगाही की जा रही है पीड़ित घनेंद्र यादव से बिजली विभाग दंड के स्वरूप एक लाख रुपए की मांग कर रहा है अगर वह ?100000 देने में असमर्थ है।

# ट्रांसफार्मर चोरी होने से उपभोक्ता परेशान, विभाग बना अनजान

कैनविज टाइम्स संवाददाता

बीघापुर उन्नाव। गिरजा नगर विद्युत उपखंड के अंतर्गत गांव जंगली खेड़ा मजरे चिलौली में विद्युत आपूर्ति के लिए लगा 10 केवीए ट्रांसफार्मर व लगभग 80 मीटर एलटी केबल चोरी चला गया और विभागीय कर्मचारियों व अधिकारियों को इसका पता ही नहीं चला ।



सोशल मीडिया पर खबर चलने के बाद विभाग के उच्चाधिकारियों की फटकार के बाद जेई की तंद्रा टूटी ।उपकेंद्र में तैनात जेई मामले में अपनी जिम्मेदारी से बचने के लिए अज्ञात के खिलाफ बारासगवर थाने में तहरीर देने की बात बता रहे हैं वहीं एसओ ने अभी तक तहरीर न मिलने की बात बताई।एक सप्ताह से अधिक समय बीतने के बाद भी गांव में विद्युत विभाग द्वारा नया ट्रांसफॉर्मर व केबिल न लगाएं जाने से उपभोक्ता अंधेरे में रहने को विवश हैं ।

बता दे कि बारासगवर थाना क्षेत्र के गांव चिलौली के मजरा जंगली खेड़ा में गिरजानगर विद्युत उपकेंद्र से विद्युत की आपूर्ति होती है। 15 घरों में विद्युत की आपूर्ति के लिए 10 केवीए का ट्रांसफार्मर लगा था। ग्रामीणों के मुताबिक एक सप्ताह पूर्व पोल में लगा ट्रांसफार्मर और तार चोरी चला गया । ग्रामीणों का कहना है कि ट्रांसफार्मर व तार विभागीय अधिकारियों से सांठगांठ कर किसी ठेकेदार ने पार कर दिया होगा । तार व ट्रांसफार्मर चोरी होने की वजह से गांव के लोग अंधेरे में रहने के लिए मजबूर हैं । उपभोक्ताओं ने बताया कि कई बार विभागीय अधिकारियों से गुहार लगाई किंतु आज तक उसकी जगह नया ट्रांसफार्मर व केबिल नहीं लगाया जा सका। उपकेंद्र के अवर अभियंता ओमप्रकाश यादव ने बताया है कि उन्होंने अज्ञात चोर के विरुद्ध केबिल व ट्रांसफॉर्मर चोरी की सूचना थाने में दी है ।एसओ दिलीप कुमार प्रजापति ने कोई भी तहरीर न मिलने की बात बताई।


**उत्तर रेलवे**

आज़ादी का अमृत महोत्सव

**खुली निविदा सूचना (ई-निविदा)**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से मंडल रेलवे प्रबंधक (इंजीनियरिंग), उत्तर रेलवे, लखनऊ द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु **ई-निविदा** प्रणाली द्वारा जिसकी अंतिम निविदा तिथि **दिनांक 15.01.2024** को **15.00 बजे** तक आमंत्रित की जाती है। इस निविदा के मैनुयल ऑफर स्वीकार नहीं किये जायेगें, यदि कोई मैनुवल ऑफर आता है तो उस पर विचार नहीं किया जायेगा।

| | |
|---|---|
| 1 | **निविदा सूचना संख्या :** 016102023 दिनांक 18.12.2023 |
| 2 | **निविदा संख्या :** **1.** 40-Sr.DEN-III-LKO/2023-24, **2.** 41-Sr.DEN-III-LKO/2023-24 |
| 3 | **कार्य का नाम :** **1.** वरि. मण्डल इंजीनियर (तृतीय)ए उत्तर रेलवे, लखनऊ के अधिकार क्षेत्र में सहायक मण्डल इंजीनियर (जौनपुर) – अनुभाग में विविध ट्रैक रखरखाव का कार्य **2.** लखनऊ मण्डल में वरि. मण्डल इंजीनियर, उत्तर रेलवे तृतीय लखनऊ के अधीनस्थ सहायक मण्डल इंजीनियर, उत्तर रेलवे, वाराणसी और जौनपुर के अनुभाग में (कुल=350 संख्या) 60/52 किलोग्राम इन सीटू गलुड जॉइंट्स का निर्माण और फिक्सिंग का कार्य। |
| 4 | **अनुमानित लागत : 1.** रु. 89,99,278.19, **2.** रु. 73,95,440.50 |
| 5 | **धरोहर राशि : 1.** रु. 1,80,000.00, **2.** रु. 1,47,900.00 |
| 6 | **कार्य की समापन अवधि : क्र.सं. 1 व 2 के लिये :** स्वीकृत पत्र जारी करने की तिथि से 12 माह। |
| 7 | **निविदा डालने का प्रारंभ :** 01.01.2024 |
| 8 | **निविदा बंद होने की तिथि एवं समय :** 15.01.2024, 15:00 बजे |
| 9 | **बेबसाईट : www.ireps.gov.in** |

**नोट:-** **1.** निविदा संबंधी अन्य विस्तृत विवरण उक्त बेबसाईट पर उपलब्ध है। **3963/2023**

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

# क्राउड फंडिंग से कांग्रेस का बढ़ेगा जनाधार

लोकसभा चुनाव के ठीक पहले कांग्रेस ने आर्थिक मदद के नाम से जनता से जुड़ने की अभिनव पहल की है। 28 दिसंबर को पार्टी के 138 वर्ष पूरे होने जा रहे हैं, कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे इससे पहले सोमवार को डिजिटल स्वरूप में आमजन से दान लेने की मुहिम की शुरुआत कर रहे हैं। डोनेट फॉर देश के नाम से संचालित होने वाले इस अभियान की महत्ता चुनाव लड़ने के लिए धन राशि एकत्र करने तक सीमित नहीं है, वरन उसका महत्व इसलिये भी है कि वह नये सिरे से आम लोगों को अपनी विचारधारा से जोड़ने जा रही है। इसके साथ ही देश की यह सबसे पुरानी पार्टी अपनी उस परम्परा को पुनर्जीवित करने जा रही है, जिसके बल पर दुनिया की सबसे विपन्न भारतीय अवाम के समक्ष विश्व के सर्वाधिक समृद्ध ब्रितानी हुकूमत को घुटने टेकने के लिये मजबूर होना पड़ा था। देश का स्वतंत्रता संग्राम छोटी-बड़ी मदद के बल पर लड़ा गया था। कांग्रेस को इस तरह जनता के सामने झोली फैलाने की जरूरत इसलिये आन पड़ी है क्योंकि उसका मुकाबला भारतीय जनता पार्टी जैसे अति सम्पन्न राजनैतिक संगठन के साथ है। दशक भर में उसने जैसा पैसा एकत्र किया है और उसका वह व्यय करती हुई दिख भी पड़ती है, उसके सामने किसी भी सामान्य दल का टिके रहना मुश्किल है। अब तक कांग्रेस उसका जिस प्रकार से भी मुकाबला कर रही है, वह अपने समर्पित कार्यकर्ताओं के बल पर ही, लेकिन 2024 का आम चुनाव लोकतंत्र के लिहाज से जिस प्रकार महत्वपूर्ण हो गया है, उसके चलते सम्भव है कि कांग्रेस कोई कसर नहीं छोड़ना चाहती। देखना यही होगा कि जनता कांग्रेस की दान की अपील को कैसा प्रतिसाद देती है। शनिवार को दिल्ली स्थित कांग्रेस मुख्यालय में आयोजित एक प्रेस कांफ्रेंस में महासचिव केसी वेणुगोपाल एवं पार्टी के कोषाध्यक्ष अजय माकन ने बताया कि श्डोनेट फॉर देशश अभियान के अंतर्गत आमजन कांग्रेस को परम्परागत तरीकों के अलावा भुगतान के सभी डिजिटल माध्यमों के जरिये भी दान दे सकेंगे। इसके लिये एक अलग वेबसाइट भी बनाई गई है। कुछ ही दिनों में कार्यकर्ता घर-घर घूमकर चंदा एकत्र करेंगे। दान की न्यूनतम राशि 138 रुपये रखी गई है। यह सहयोग राशि उसके गुणा किये जाने वाली संख्या में अधिकतम कुछ भी हो सकती है, यानी 1380, 13800 और ऐसे ही आगे। यह राशि इसलिये चुनी गई है क्योंकि कांग्रेस अपनी स्थापना के 138 वर्ष पूर्ण करने जा रही है। यह धन संग्रह मुहिम करीब एक सौ साल पहले (1920-21) महात्मा गांधी द्वारा देश की स्वतंत्रता के लिये चलाये गये शितलक स्वराज फंडश से अभिप्रेरित बतलाई गई है। कांग्रेस को इस तरह के चंदा अभियान की आवश्यकता इसलिये महसूस हुई क्योंकि पिछले कुछ समय से भाजपा ने जहां खुद को आर्थिक दृष्टि से बेहद मजबूत किया है वहीं उसने विरोधी दलों को मदद राशि मिलने के सारे रास्ते यथासम्भव बन्द कर दिये हैं। एसोसिएशन फॉर डेमोक्रेटिक रिफॉर्म्स की एक रिपोर्ट बताती है कि इलेक्टोरल बॉड के जरिये प्राप्त हुए करीब 9188 करोड़ रुपये में से 5272 करोड़ रुपए अकेली भाजपा को मिले। शेष लगभग 1780 करोड़ रुपए अन्य 7 राष्ट्रीय व 24 क्षेत्रीय दलों के पास पहुंचे। भारी-भरकम खर्चों से होने वाले चुनावी प्रचार अभियानों के माध्यम से भाजपा ने चुनाव प्रक्रिया को ही इतना खर्चीला कर दिया है कि किसी भी दल का उसके साथ मुकाबला करना बहुत मुश्किल हो गया है। सत्ता हाथ में होने के कारण और उसकी आर्थिक नीतियों के चलते वह उद्योगपतियों व कारोबारियों की पसंदीदा पार्टी बन गई है। केन्द्र की सरकार उसकी अपनी होने के कारण देश के भीतर जहां उसके दफ्तरों के सामने चंदा देने वालों की कतारें लगती हैं, अन्य दलों द्वारा प्राप्त होने वाले धन पर उसकी वक्र दृष्टि होती है। उसके पास उपलब्ध केन्द्रीय जांच एजेंसियों का वह खुलकर उपयोग विपक्षी दलों व नेताओं के खिलाफ करती है।

# मोदीमय भारत के मायने

> मोदी सरकार ने अपने कार्यकाल में समृद्धि की विभिन्न योजनाओं को प्राथमिकता दी, जिससे शहरी और ग्रामीण दोनों क्षेत्रों का विकास हो सके। मोदी सरकार ने 'स्वच्छ भारत अभियान' के अंतर्गत स्वच्छता के प्रति जागरुकता बढ़ाने के लिए भगीरथ प्रयास किए। स्वच्छ जीवनशैली के लिए कई योजनाएं शुरू कीं। आज इनका प्रभाव दिख रहा है। इन योजनाओं ने स्वच्छता से जुड़े कई नवाचारों को प्रोत्साहित किया है जो धीरे-धीरे जन-जन के जीवन का हिस्सा बन रहे हैं। 'मेक इन इंडिया' अभियान के माध्यम से मोदी सरकार ने भारतीय उद्यमियों को प्रोत्साहित किया। इस योजना के माध्यम से रोजगार में वृद्धि हो रही है। स्वरोजगार को प्रोत्साहन मिल रहा है और आर्थिक समृद्धि हो रही है। 'आयुष्मान भारत' योजना के तहत सस्ती चिकित्सा सुविधाएं प्रदान करने का प्रयास करके सरकार ने आम और गरीब लोगों तक भी बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करने का प्रयास किया है। इस योजना का लाभ दूरदराज के ग्रामीण इलाकों तक पहुंच रहा है। गरीब और कमजोर वर्ग को मुफ्त चिकित्सा सुविधाएं प्रदान की जा रही हैं। प्रधानमंत्री आवास योजना (पीएमएवाई) के तहत, सरकार ने लोगों को सस्ते मकान प्रदान करने का लक्ष्य रखा है। गरीबी रेखा के नीचे के परिवारों को आवास के लिए सब्सिडी और वित्तीय सहायता प्रदान की जा रही है। मोदी सरकार की 'जन धन योजना'(पीएमजेडीवाई)के माध्यम से आम लोगों तक बैंक सेवाओं का अधिक से अधिक लाभ पहुंचाने का प्रयास किया गया है।

किसी भी सरकार के काम का फायदा तभी है, जब वह आबादी के अंतिम व्यक्ति तक प्रत्यक्ष और परोक्ष रूप से पहुंचे। यह फायदा अनेक क्षेत्रों से जुड़ा है, जैसे शिक्षा, स्वास्थ्य, इंफ्रास्ट्रक्चर, विकास आदि। नरेन्द्र मोदी के प्रधानमंत्री बनने के बाद सरकार ने विभिन्न क्षेत्रों में पहल करते हुए सुधार किए। इससे विभिन्न वर्गों को फायदा हो रहा है। मोदी सरकार ने अपने कार्यकाल में समृद्धि की विभिन्न योजनाओं को प्राथमिकता दी, जिससे शहरी और ग्रामीण दोनों क्षेत्रों का विकास हो सके। मोदी सरकार ने 'स्वच्छ भारत अभियान' के अंतर्गत स्वच्छता के प्रति जागरुकता बढ़ाने के लिए भगीरथ प्रयास किए। स्वच्छ जीवनशैली के लिए कई योजनाएं शुरू कीं। आज इनका प्रभाव दिख रहा है। इन योजनाओं ने स्वच्छता से जुड़े कई नवाचारों को प्रोत्साहित किया है जो धीरे-धीरे जन-जन के जीवन का हिस्सा बन रहे हैं। 'मेक इन इंडिया' अभियान के माध्यम से मोदी सरकार ने भारतीय उद्यमियों को प्रोत्साहित किया। इस योजना के माध्यम से रोजगार में वृद्धि हो रही है। स्वरोजगार को प्रोत्साहन मिल रहा है और आर्थिक समृद्धि हो रही है। 'आयुष्मान भारत' योजना के तहत सस्ती चिकित्सा सुविधाएं प्रदान करने का प्रयास करके सरकार ने आम और गरीब लोगों तक भी बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करने का प्रयास किया है। इस योजना का लाभ दूरदराज के ग्रामीण इलाकों तक पहुंच रहा है। गरीब और कमजोर वर्ग को मुफ्त चिकित्सा सुविधाएं प्रदान की जा रही हैं।प्रधानमंत्री आवास योजना (पीएमएवाई) के तहत, सरकार ने लोगों को सस्ते मकान प्रदान करने का लक्ष्य रखा है। गरीबी रेखा के नीचे के परिवारों को आवास के लिए सब्सिडी और वित्तीय सहायता प्रदान की जा रही है। मोदी सरकार की 'जन धन योजना'(पीएमजेडीवाई)के माध्यम से आम लोगों तक बैंक सेवाओं का अधिक से अधिक लाभ पहुंचाने का प्रयास किया गया है। इससे न सिर्फ लोगों को सरकारी योजनाओं का त्वरित लाभ पहुंच रहा है, बल्कि भ्रष्टाचार पर भी लगाम कसी है। प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना के माध्यम से सरकार ने गरीब गृहिणियों को मुफ्त गैस सिलेंडर प्रदान करके भोजन बनाने का सुरक्षित और स्वास्थ्यप्रद विकल्प प्रदान किया हैं। उज्ज्वला योजना का ही परिणाम है कि नीरधुर स्टोव जैसे नवाचार हो सके, जो न सिर्फ ग्रामीण गृहिणियों के लिए आरामदेह हैं, बल्कि पर्यावरण के भी अनुकूल हैं। मनरेगा (महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम ) योजना में कामगारों को रोजगार प्रदान करने के लिए केंद्र सरकार सभी राज्यों को धन आवंटित करती है और कामगारों को हर महीने निश्चित संख्या में रोजगार की गारंटी प्रदान करती है। प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना (पीएमएफबीवाई) किसानों को अपनी उपज की रक्षा के लिए सुरक्षित बीमा योजना प्रदान करती है। द्बभद्धथन्द्बद्बद्रद्धध.दधद्ब जैसी पहल न सिर्फ किसानों को समय-समय पर उचित सलाह देती है, बल्कि आपदा की स्थिति में फसल के नुकसान का सही आकलन भी करती है, ताकि किसानों को वाजिब मुआवजा मिल सके। मोदी सरकार ने भारतीय रेलवे को मॉडर्नाइज करने के लिए कई तरह की पहल की हैं। रेलवे इंफ्रास्ट्रक्चर को लगातार मजबूत किया जा रहा है। परिणामस्वरूप देश के अलग-अलग हिस्सों में तेज रफ्तार वंदे भारत ट्रेनों की शृंखला देखने को मिल रही है और भारत में बुलेट ट्रेन की परिकल्पना साकार होने की दिशा में बढ़ रही है। मोदी सरकार ने अपने कार्यकाल में कई महत्वपूर्ण और संविधानिक फैसले भी किए हैं। इनका भारतीय राजनीति पर गहरा प्रभाव पड़ा है। मसलन- राम जन्मभूमिः मोदी सरकार ने राम जन्मभूमि मुद्दे में समाधान के लिए कई महत्वपूर्ण और ऐतिहासिक कदम उठाए। सुप्रीम कोर्ट के फैसले के बाद, भगवान श्रीराम की पूजा के लिए अयोध्या में राम मंदिर का निर्माण शुरू हुआ। यह एक महत्वपूर्ण राष्ट्रीय मुद्दा था जिसने राष्ट्रीय एकता और सामाजिक समरसता को बढ़ावा दिया। 22 जनवरी, 2024 को श्रीराम लला मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा के साथ राम जन्मभूमि से जुड़ा सदियों पुराना सपना साकार हो जाएगा। अनुच्छेद 370ः मोदी सरकार ने जम्मू-कश्मीर में लागू अनुच्छेद 370 को समाप्त करके, जम्मू-कश्मीर और लद्दाख को भारतीय संघ का संपूर्ण हिस्सा बना दिया। इससे भारत की एकता और संविधानिक समानता की भावना को मजबूती मिली। पहले 370 के तहत कुछेक चुनिंदा परिवारों को ही लाभ मिलता था। इसके हटने के बाद जम्मू-कश्मीर की पूरी जनता को उनके लिए सुनिश्चित सुविधाओं का अहसास हो रहा है। महिला का सम्मान बिलःमोदी सरकार ने महिला का सम्मान बिल को पारित किया, जिसमें महिलाओं को समृद्धि, सुरक्षा, और अधिकारों की सुरक्षा के लिए कई प्रावधान हैं। इस बिल का उद्देश्य महिलाओं को समाज में अधिक समर्थन, सुरक्षा और प्रतिनिधित्व प्रदान करना है। तीन तलाक की जिल्लतः मोदी सरकार ने मुस्लिम महिलाओं के लिए तीन तलाक की प्रथा को बंद करने के लिए 'तीन तलाक' को जिल्लत घोषित किया। इससे मुस्लिम महिलाएं अब तलाक के प्रति अधिकारी बन गई हैं और उन्हें सामाजिक सुरक्षा मिली है। इन निर्णयों ने भारतीय राजनीति को सुशासन, सामाजिक समरसता, और सामंजस्य की दिशा में मजबूत किया है। इन निर्णयों को अधिकांश भारतीय समाज का समर्थन मिला है और इन्होंने राष्ट्रीय एकता और सामाजिक समृद्धि की दिशा में सकारात्मक परिणाम प्रदान किए हैं। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का कुशल नेतृत्व वैश्विक परिदृश्य पर भी दिख रहा है। आज उनकी पहचान दुनिया के सबसे सम्मानित राजनेताओं में एक है। विशेष कर उन्होंने कोरोनाकाल में भारत को अपारजनशक्ति के स्तर पर उठाने का अद्वितीय प्रयास किया, जिसके बाद उन्हें युग प्रवर्तक की भूमिका में देखा जाने लगा। अभूतपूर्व कदमः मोदी सरकार ने कोरोना महामारी के प्रसार को रोकने के लिए तत्परता से कार्रवाई की। उन्होंने राष्ट्रव्यापी लॉकडाउन, सामाजिक दूरी, वैक्सीनेशन अभियान और टेस्टिंग के माध्यम से नागरिकों को सुरक्षित रखने के लिए कई त्वरित कदम उठाए। प्रधानमंत्री के नेतृत्व ने संकटकाल में सकारात्मक रूप से प्रतिक्रियाशील वसुधैव कुटुम्बकम् का दृष्टिकोण अपनाया गया और पूरी दुनिया को सहयोग प्रदान किया। आत्मनिर्भर भारतः मोदी सरकार ने 'आत्मनिर्भर भारत' अभियान की शुरुआत की, जिसका उद्देश्य देश को आत्मनिर्भर बनाना और आर्थिक संवृद्धि करना था। इसके माध्यम से लोगों को रोजगार और आजीविका के नए स्रोत उपलब्ध कराने के प्रयास किए गए हैं। विश्वस्तरीय सहयोगः मोदी सरकार ने विश्वस्तरीय सहयोग में भी मजबूती से आगे कदम बढ़ाया है। जलवायु प्रदूषण, खाद्य सुरक्षा जैसे वैश्विक समस्याओं के समाधान में सक्रियता से भाग लेते हुए भारत ने एक सशक्त और सहयोगी राष्ट्र की भूमिका अदा की है। महिलाओं का सम्मानः मोदी सरकार ने देश की आधी आबादी को उनके अस्तित्व का सम्मानजनक अहसास कराया है। महिलाओं के सम्मान और सुरक्षा के लिए 'बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ' और 'स्वच्छ भारत अभियान' जैसी कई महत्वपूर्ण योजनाएं शुरू की हैं। ताकत और संघर्ष की भावनाः मोदी सरकार ने देश की अपारजनशक्ति को एक सशक्त और सामरिक शक्ति में तब्दील करने के लिए लोगों में ताकत और संघर्ष की भावना को प्रबल किया है। आम लोगों में आत्मनिर्भरता की भावना पहले से कहीं अधिक उद्वेलित हुई है। सामाजिक कल्याण की योजनाएंः मोदी सरकार ने गरीबी रेखा के नीचे रहने वालों, असमानता से प्रभावित वर्गों के लिए सामाजिक कल्याण योजनाएं शुरू की हैं, जो उन्हें समृद्धि की दिशा में ले जाने में मदद कर रहे हैं। मोदी सरकार ने अपने कार्यकाल के दौरान भारत की आर्थिक प्रगति को मजबूत किया और कई मानकों में सुधार किया। इनसे देश की आमदनी में वृद्धि हुई और विभिन्न आर्थिक मानकों पर बेहतरीन प्रदर्शन हुआ। आर्थिक वृद्धिः मोदी सरकार ने विभिन्न आर्थिक सुधार शुरू किए, जो देश की आर्थिक वृद्धि में सहायक हैं। 'जन धन योजना', 'गुड्स एंड सर्विसेज टैक्स (जीएसडी)', 'डिजिटल इंडिया', और 'मेक इन इंडिया' जैसी योजनाएं देश के आर्थिक सेक्टर को सुधारने में मदद कर रही हैं। आमदनी दोगुनी करनाः मोदी सरकार ने ग्रामीण और शहरी जनता की आमदनी दोगुनी करने के लिए कई योजनाएं शुरू कीं। 'मुद्रा योजना', 'उज्जीवन भारत', 'प्रधानमंत्री कौशल विकास योजना' जैसी योजनाएं लोगों को आर्थिक से समृद्ध करने में सकारात्मक परिणाम दे रही हैं। उच्चतम स्तर पर सेंसेक्सः मोदी सरकार के कार्यकाल में भारतीय स्टॉक मार्केट ने सेंसेक्स के उच्चतम स्तरों तक पहुंचने का रिकॉर्ड बनाया है। यह विश्व बाजारों के साथ भारतीय बाजार के सधे हुए कदमताल का परिणाम है कि विदेशी निवेशकों के बीच भारतीय बाजारों के प्रति अभूतपूर्व विश्वास स्थापित हुआ है। मुद्रा स्वरूपः मोदी सरकार ने आर्थिक विकास के विभिन्न क्षेत्रों में नई पहल की है, जिससे मुद्रा स्वरूप में सुधार हुआ है। भारतीय रुपया ने अपनी मजबूती बनाए रखी है और विदेशी मुद्राओं के साथ स्थिरता बनी हुई है। बैंकिंग सेक्टर में सुधारः बैंकिंग सेक्टर में सुधार से वित्तीय समावेशन और सुविधाएं बेहतर हुई हैं। जन धन योजना, उज्जीवन भारत, और बैंक में खाता खोलने की पहल जैसी योजनाएं आम लोगों तक बैंकिंग सेवाओं के पहुंचने में मदद कर रही हैं। सच्चाई यह है कि मोदी सरकार में विभिन्न क्षेत्रों में की गई पहल का सम्पूर्ण अंदाजा लगाना आकाश कुसुम जैसा है, क्योंकि यह 140 करोड़ की आबादी वाले देश में किसी निर्दिष्ट वर्ग के लिए नहीं है। **-महेश वर्मा**

# पैसे से कांग्रेस की सेहत नहीं सुधरेगी!

**शकील अख्तर**

हर पार्टी का अपना नेचर होता है। भाजपा में हवा हवाई बातें चल जाती हैं। मगर कांग्रेस में नुकसान कर जाती हैं। भाजपा के साथ एक तो मीडिया होता है दूसरे उसके और संघ के कार्यकर्ता जो इस बात को भी मिनटों में घर-घर पहुंचा सकते हैं कि गणेश जी दूध पी रहे हैं या राहुल पप्पू हैं और मोदी जो चाहे कर सकते हैं। लेकिन कांग्रेस के पास अगर ठोस बातें और जनपक्षीय कार्यक्रम नहीं हैं तो केवल प्रयोग के लिए प्रयोग से या प्रतीकात्मकता से उसे कोई फायदा नहीं होता उल्टा नुकसान ही होता है। ईवीएम एक ऐसा ही प्रयोग था जिससे आज कांग्रेस ही सबसे ज्यादा परेशान है। ईवीएम कांग्रेस ही लाई थी। नोटा भी वही लाई। आरटीआई भी। ये सब उसके लिए घातक साबित हुए। बिना जनता के स्तर को ऊपर उठाए अति आदर्शवादी व्यवस्था, नए प्रयोग, उस पार्टी के लिए हमेशा नुकसानदेह होता है जिसे जनता वास्तविक आधारों पर जांचती है। कांग्रेस जब मनरेगा लाती है, किसानों की कर्ज माफी करती है तो लाभान्वित हुए लोगों के सीधे समझ में आता है। और वह 2009 में कांग्रेस के नेतृत्व वाले यूपीए को वापस ले आते हैं। मगर 2012 के बाद जब वही कांग्रेस अन्ना जी, अन्ना जी करने लगती है तो जनता उसे पसंद नहीं करती। अन्ना जी को लाने वाले ओरिजनल लोगों के साथ चली जाती है। इन विधानसभा चुनावों में हार के लिए ईवीएम एक कारण हो सकता है! होगा। लेकिन अगर ऐसा है तो कांग्रेस ने इसके खिलाफ कौन सी मुहिम शुरू की। आडवानी ने 2009 के चुनाव हार जाने के बाद बाकायदा इसके खिलाफ एक मुहिम शुरू की थी। अपने पार्टी के नेता जीवीएल नरसिम्हा राव से किताब लिखवाई थी। खुद उस ईवीएम विरोधी किताब की प्रस्तावना लिखी थी। मगर 2019 के लोकसभा चुनाव और उससे पहले 2017 में हुए कई विधानसभा चुनावों के बाद कांग्रेस ने इस पर सवाल तो हमेशा उठाए मगर कोई निर्णायक आन्दोलन शुरू नहीं किया। हमें याद है 2017 के बाद जब राहुल कांग्रेस अध्यक्ष बन गए थे तो दिल्ली के इन्दिरा गांधी ओपन स्टेडियम के कांग्रेस सम्मेलन में उन्होंने ईवीएम पर सवाल उठाए थे। कांग्रेस ने इसके खिलाफ एक प्रस्ताव भी पारित किया था। मगर बाद में कोई फालोअप नहीं हुआ। कांग्रेस पूर्व ब्यूरोक्रेटस की, जो चुनाव कार्यों से जुड़े रहे, एक कमेटी बना सकती थी। उनसे जांच करवा सकती थी। कई रिटायर वरिष्ठ अफसरशाह कांग्रेस से जुड़े हुए हैं। मशीन में गड़बड़ी करने वालों को सख्त मैसेज दे सकती थी। जैसे गडकरी ने बोला था यूपीए के समय, जब उनकी जांच चल रही थी कि किसी भी अफसर को छोड़ेंगे नहीं। वैसे ही सख्त भाषा में बोल सकती थी। आखिर कोई भी डिपार्टमेंट हो, करता तो इंसान ही होगा ना ईवीएम में गड़बड़ी। उसे चेताया तो जा सकता है! मगर कांग्रेस ने हर हार के बाद बोला तो जरूर मगर कोई गंभीर पहल नहीं की। और फिर जनता के मन में यह भी सवाल उठता है कि 2014 में तो कांग्रेस बुरी तरह हारी। तब तो केन्द्र में उसी की सरकार थी। तब भी क्या ईवीएम मैनेज कर ली गई थी? और अगर कांग्रेस के शासन में कांग्रेस के ही खिलाफ ईवीएम मैनेज की जा सकती है तो फिर बात करना ही बेकार है! हालांकि इसमें इतने आश्चर्य की बात नहीं। 2012 से 2014 तक पूरी अफसरशाही, दूसरी संस्थाएं मीडिया सब पूरी तरह कांग्रेस के विरोध में हो गए थे। भारत के लोकतांत्रिक इतिहास में 2012 से 2014 तक सबसे कमजोर सरकार रही। इतनी तो चन्द्रशेखर की सरकार भी कमजोर नहीं थी। सत्ता से बाहर कांग्रेस को दस साल हो रहे हैं। और दो हार के बाद तीसरा चुनाव 2024 सिर पर खड़ा है। मगर अभी तक वह अपनी असली समस्या को समझ नहीं पा रही है। मामला हार्ट और ब्रेन का है। नेताओं के कमजोर दिल और निहित स्वार्थी दिमाग का! मगर पार्टी कास्मेटिक सर्जरी कर रही है। अभी एक नया शिगूफा छेड़ा। क्राउड फंडिंग। राजनीति में यह सफल प्रयोग किया था देवीलाल ने। एक वोट एक नोट! जोर वोट पर था। नोट तो उनसे ज्यादा कोई खर्च कर नहीं सकता। उस समय जिप्सी नई गाड़ी आई थी। चुनाव में पुरानी महिन्द्रा और विलीज जीपें चलती थीं। गांवों में यही जा पाती थीं। 1989 में देवीलाल ने जनता दल के अपने सारे लोकसभा प्रत्याशियों के पास नई सफ़ेद चमचमाती जिप्सी पहुंचा दी थीं। आज के उप राष्ट्रपति जगदीप धनखड़ उसी समय अपना पहला चुनाव लड़े थे। और जीते थे। राजस्थान के झुन्झुनू से। खुद देवीलाल पड़ोस के सीकर से लड़ रहे थे।

## सेहत मंत्र

# वायु प्रदूषण से श्वसन तंत्र ही नहीं, आंखें भी होती हैं प्रभावित : डॉक्टर्स

अगर आप सोचते हैं कि वायु प्रदूषण से केवल फ़ेफड़े या श्वसन तंत्र प्रभावित होते हैं, तो दुबारा विचार करें। क्योंकि मेडिकल विशेषज्ञों का कहना है कि खराब वायु गुणवत्ता से आंखों में कई समस्याएं भी हो सकती है, जिसमें कोर्निया को होनेवाली क्षति भी शामिल है। ऑल इंडिया इंस्टीट्यूय ऑफ मेडिकल साइंसेज (एम्स) के ऑफ्थामोलोजिस्ट डॉ. राजेश सिन्हा ने आईएएनएस को बताया कि नाक और मुंह की तरह आंखों को ढकना काफी मुश्किल है। इससे फ़ेफड़ों की तरह ही आंखों पर भी वायू प्रदूषण का बुरा असर पड़ता है। उन्होंने बताया कि आंख की ओकुलर सतह वातावरण के सीधे संपर्क आती है, इसलिए यह वायु प्रदूषण से सबसे ज्यादा प्रभावित होती है। सर गंगा राम हॉस्पिटल, दिल्ली के ऑफ्थामोलोजिस्ट डॉ. टिंकू बाली राजदान ने बताया कि कई सालों तक प्रदूषण के संपर्क में रहने के कारण कोरोना को क्षति पहुंचती है, यह तुरंत नहीं होता है। अगर ड्राइ आई की समस्या लंबे समय तक रहती है, तो यह भी कोरोना को क्षतिग्रस्त कर सकती है, जिससे लंबे समय में दृष्टि प्रभावित होती है। खुजली होने पर आंखों को रगड़ने से भी कोरोना पर असर पड़ता है। डॉ. राजदान ने कहा कि वायु प्रदूषण के संपर्क से ड्राइ आई की समस्या या आंखों के पानी की गुणवत्ता खराब हो जाती है। इससे आंखों में खुजली, परेशानी और लाल होने की समस्याएं होने लगती है।'' सिन्हा का कहना है, ''जो लोग कंटैक्ट लेंस पहनते हैं, उन्हें जोखिम और बढ़ जाता है, क्योंकि उनकी आंखें पहले से ही ड्राई होती है। ऑफ्थामोलोजिस्ट्स का कहना है कि प्रदूषण बढ़ने से ओपीडी में एलर्जी के इलाज के लिए आनेवाले मरीजों की संख्या बढ़ी है। मैक्स हेल्थकेयर के आंख विभाग के निदेशक और प्रमुख डॉ. संजय धवन का कहना है किआंखों में खुजली, परेशानी और नजर कमजोर होने की समस्या से पीड़ित मरीजों की संख्या बढ़ी है तथा इम्युनिटी कम होने के कारण ड्राई आई और अन्य संक्रमण बढ़े हैं।

## धर्म मंत्र

# अनिष्ट के देवता नहीं हैं शनि श्रद्धापूर्वक पूजा से करें प्रसन्न

नव ग्रहों में सातवें ग्रह माने जाने वाले शनिदेव से लोग सबसे ज्यादा डरते जरूर हैं लेकिन वह किसी का बुरा नहीं करते हैं। वह लोगों के कर्मों के हिसाब से उनके साथ न्याय करते हैं। शायद इसलिए उन्हें न्यायाधीश के रूप में भी पहचाना जाता है। शनिवार को शनिदेव की पूजा करने से व्यक्ति पर से साढ़ेसाती और ढैया समाप्त हो जाती है। इसके अलावा कुंडली में मौजूद कमजोर शनि का प्रभाव भी खत्म हो जाता है। ऐसा समझा जाता है कि शनिदेव अनिष्टकारी, दुखदायक और अशुभ के प्रतीक हैं, परंतु ये सच नहीं है। वास्तव में वे सकारात्मक प्रभाव वाले न्याय और संतुलन करने वाले ग्रह हैं। शनिवार के दिन उनको संतुष्ट करने के लिए शुद्ध मन और विधि विधान से पूजा करनी चाहिए। उनकी पूजा का एक विशेष तरीका है जिसका पालन करना जरूरी है। शास्त्रों के मुताबिक शनिदेव सूर्य देव और देवी छाया के पुत्र हैं। इनका जन्म ज्येष्ठ मास की अमावस्या हुआ था। शुद्ध मन से प्रत्येक शनिवार को व्रत रखने से शनि अत्यंत प्रसन्न होते हैं। ऐसा करने वालों पर उनकी कुपित दृष्टि नहीं पड़ती। याद रखें कि शनि में श्रद्धा रखने वाले किसी भी शनिवार से उनका व्रत एवं पूजन शुरू कर सकते हैं। शनिदेव की पूजा के लिए शनिवार को व्रत का संकल्प लेकर नहा-धोकर काले वस्त्र धारण कर पूजा शुरु करें। इस दिन सरसों या तिल के तेल से दिया जला शनिदेव को अर्पित करें। इसके साथ ही शनिदेव को तिल, काली उदड़ या कोई भी काली वस्तु भेंट में चढ़ायें। शनि गायत्री मंत्र और शनि चालीसा आदि का जाप करें। खास बात ये है कि शनि चालिसा में आपको शनि को शांत रखने के समस्त उपाय मिल जायेंगे।

## पर्यटन



# विश्व की सबसे सीधी टनल और स्कॉटिश स्टाइल रेलवे स्टेशन के लिए मशहूर है बड़ोग

हिमाचल प्रदेश के सोलन जिले में स्थित बरोग बहुत ही खूबसूरत जगह है। जहां जाकर आप 2 से 3 दिनों की छुट्टियां सुकून से बिता सकते हैं। चीड़ और देवदार के जंगलों से घिरा हुआ बड़ोग, बेशक शिमला, मनाली जैसी बहुत मशहूर जगह नहीं लेकिन वीकेंड में छुट्टियां बिताने के लिए परफ़ेक्ट डेस्टिनेशन है। हिमाचल प्रदेश के सोलन जिले में स्थित बरोग का रेलवे स्टेशन यहां देखने वाली बहुत ही खूबसूरत जगह है। जहां तक पहुंचने का रास्ता भी पहाड़ियों से होकर आता है। यहां आप टॉय ट्रेन की राइड ले सकते हैं। ज्यादातर टूरिस्ट्स शिमला की यात्रा करते समय चंडीगढ़ से 60 किलोमीटर की दूरी पर कालका-शिमला हाइवे पर स्थित बड़ोग में रुकना पसंद करते हैं। बड़ोग में कालका-शिमला रेल मार्ग पर सुरंग नंबर 33 है। इसकी लंबाई 1143.11 मीटर है। इसका निर्माण ब्रिटिश इंजीनियर एच. एस. हैरिंगटन द्वारा जुलाई 1900 से सिंतबर 1903 के बीच कराया गया। दरअसल, इस शहर का नाम इसी सुरंग के निर्माता के नाम पर पड़ा है। शहर का नाम अंग्रेज इंजीनियर बड़ोग के नाम पर रखा गया है। बड़ोग रेलवे स्टेशन के निर्माण को गति देने के लिए पर्वत के दोनों ओर खुदाई करने का आदेश दिया गया था। हालांकि बाद में यह पता चला कि इंजीनियर बड़ोग का अनुमान गलत होने के कारण टनल के दोनों सिरे आपस में नहीं मिल सके। इस पर ब्रिटिश सरकार ने उन पर एक रुपये का जुर्माना लगाया। इस शर्मिंदगी के कारण उन्होंने आत्महत्या कर ली। इंजीनियर बड़ोग का शव इस टनल के पास ही दफनाया गया और बाद में उनके नाम पर इस गांव का नाम बड़ोग रखा गया। यह विश्व की सबसे सीधी टनल के रूप में जानी जाती है। यहां का रेलवे स्टेशन स्कॉटिश स्टाइल में बना है, जो बहुत आकर्षक है। रेणुका लेक- बड़ोग की ये जगह है फ़ेमस टूरिस्ट स्पॉट। जो हिमाचल प्रदेश के सबसे बड़े नेचुरल लेक में से एक है। समुद्र तल से करीब 672 मीटर की ऊंचाई वाली इस झील का नाम भगवान परशुराम की मां रेणुका के नाम पर रखा गया है। घने जंगलों से घिरी इस झील के किनारे दो मंदिर भी हैं। ऐसा माना जाता है कि ये मंदिर 18वीं सदी के हैं।

# महामहिम राष्ट्रपति की मौजूदगी में केंद्रीय ऊर्जा मंत्री ने बजाज एनर्जी को सम्मानित किया

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**



बाराबंकी। केंद्रीय ऊर्जा मंत्री आरके सिंह ने बजाज एनर्जी को सम्मानित किया। यह सम्मान नई दिल्ली के विज्ञान भवन में आयोजित एक भव्य समारोह में गत दिवस प्रदान किया गया। समारोह की मुख्य अतिथि राष्ट्रपति श्रीमती द्रोपदी मुर्मू थीं।

बजाज एनर्जी को यह सम्मान 'राष्ट्रीय ऊर्जा संरक्षण पुरस्कार 2023' के तहत थर्मल पावर प्लांट (100 मेगावाट से कम) श्रेणी में प्रतिष्ठित 'सर्टिफिकेट ऑफ मेरिट' के रूप में मिला। इस सम्मान के लिए बजाज एनर्जी की उतरौला (बलरामपुर) की इकाई मानकों पर खरी उतरी। बजाज एनर्जी के प्रबंध निदेशक, वी के एस बनकोटी और वरिष्ठ उपाध्यक्ष व प्रमुख (संचालन), नरेंद्र वाधवा ने केंद्रीय ऊर्जा मंत्री आर के सिंह से यह सम्मान ग्रहण किया।

इस अवसर पर राष्ट्रपति मुर्मू ने जीवाश्म ईंधन आधारित बिजली की निरंतर आवश्यकता को स्वीकार करते हुए स्वच्छ ऊर्जा के प्रति भारत की प्रतिबद्धता की सराहना की। उन्होंने कहा कि ऊर्जा के क्षेत्र में भारत हमेशा से एक जिम्मेदार राष्ट्र रहा है लेकिन हम समय-समय पर यह भी स्पष्ट करते रहे हैं कि जहां जीवाश्म ईंधन पर निर्भरता निश्चित रूप से कम हो रही है, वहीं जीवाश्म ईंधन आधारित ऊर्जा भी हमारे देश में आवश्यक है। भारत स्वच्छ कोयला प्रौद्योगिकियों को बढ़ावा दे रहा है ताकि कोयला निष्कर्षण और उपयोग की प्रक्रिया अधिक कुशल और पर्यावरण के अनुकूल हो जाए, ङ्कउन्होंने एक दशक के भीतर जलवायु परिवर्तन प्रदर्शन सूचकांक में 30 वें से 7 वें स्थान पर भारत की प्रभावशाली छलांग पर प्रकाश डाला।

बजाज एनर्जी की उतरौला इकाई को केंद्रीय ऊर्जा मंत्रालय का सम्मान मिलने पर आभार व्यक्त करते हुए एमडी श्री बनकोटी ने कहा, ल्लयह पुरस्कार हमारे कर्मचारियों और हितधारकों के समर्पण का एक प्रमाण है। केंद्र सरकार से यह सम्मान पाकर हम बेहद सम्मानित और गौरवान्वित महसूस कर रहे हैं।''

श्री वाधवा ने इस जीत का श्रेय कंपनी की दक्षता पर अटूट फोकस को दिया। उन्होंने ''बजाज एनर्जी के सबसे कुशल और टिकाऊ तरीके से उत्पादित सस्ती ऊर्जा प्रदान करने की प्रतिबद्ध को दोहराया।

बजाज एनर्जी के इन वरिष्ठ अधिकारियों ने उत्तर प्रदेश पावर कॉर्पोरेशन लिमिटेड (यूपीपीसीएल) की निरंतर साझेदारी के लिए आभार व्यक्त किया। साथ ही उत्तर प्रदेश को निर्बाध, कुशल और सस्ती बिजली प्रदान करने का अपना संकल्प व्यक्त किया।

राष्ट्रीय ऊर्जा संरक्षण पुरस्कार विभिन्न क्षेत्रों में ऊर्जा संरक्षण और दक्षता में उत्कृष्ट उपलब्धियों को मान्यता देते हैं। बजाज एनर्जी की उतरौला इकाई की जीत थर्मल पावर क्षेत्र के भीतर टिकाऊ ऊर्जा प्रथाओं को बढ़ावा देने में इसके अनुकरणीय प्रयासों की एक अच्छी मान्यता है। निरंतर सुधार और नवप्रवर्तन के प्रति कंपनी का समर्पण इसे उद्योग में अग्रणी बनाता है। एक उदाहरण यह है कि बिजली दक्षता और ऊर्जा बचत को बढ़ाने के लिए 500 से अधिक कर्मचारी सुझावों और नवाचारों को आंतरिक रूप से कैसे लागू किया गया है। परिणामस्वरूप, संयंत्र संचालन के दौरान सहायक बिजली की खपत 11.2% से घटकर 9% हो गई है। इस प्रकार, हमारे देश के बिजली संरक्षण एजेंडे को आगे बढ़ाया जा रहा है।

### बजाज समूह के बारे में:

बजाज ग्रुप 2.5 बिलियन डॉलर का विविधीकृत समूह है, जिसका प्रमुख व्यवसाय चीनी, इथेनॉल, पावर और एफएमसीजी व्यवसायों में है। कंपनी के प्रमोटर और अध्यक्ष कुशाग्र एन बजाज के नेतृत्व में, समूह का संपत्ति आधार त्त 5 बिलियन से अधिक है और इसमें 12,000 से अधिक लोग कार्यरत हैं।

### बिजली व्यवसाय के बारे में:

बजाज एनर्जी लिमिटेड (बीईएल) और ललितपुर पावर जेनरेशन कंपनी लिमिटेड (एलपीजीसीएल) दोनों उत्तर प्रदेश राज्य के लाखों घरों को रोशन करते हैं। लगभग 2,500 मेगावाट की संयुक्त क्षमता वाले छह बिजली संयंत्रों के साथ, वे राज्य की 10% से अधिक बिजली आवश्यकताओं को पूरा करते हैं। इनमें से सबसे बड़ी इकाई एलपीजीसीएल है, जो 1,980 मेगावाट की स्थापित क्षमता वाली एक सुपर क्रिटिकल इकाई है।

## कोठी कस्बा में भारत संकल्प यात्रा का हुआ कार्यक्रम



**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

सिद्धौर बाराबंकी। मंगलवार को सिद्धौर क्षेत्र के कई गांव में जैसे कोठी , भोनई रुद्र , छतौरा ग्राम पंचायतों मे मुख्य अतिथियों द्वारा मां सरस्वती के चित्र पर दीप प्रज्वलित कर विकसित भारत संकल्प यात्रा को सफल बनाते हुए सरकार की विभिन्न योजनाओं का बखान किया

मंगलवार को सिद्धौर ब्लॉक की ग्राम पंचायत कोठी में विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम का आयोजन प्रधान शिवनंदनी वर्मा के द्वारा किया गया भाजपा नेता सुशील कुमार जायसवाल की अध्यक्षता में कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया ग्राम प्रधान शिवनंदनी, पूर्व प्रमुख रमेश चंद्र, सचिन रवि अवस्थी सचिन अवस्थी दीपक वर्मा द्वारा मां सरस्वती की चित्र पर दीप प्रज्वलित किया आयोजकों द्वारा किया गया मुख्य अतिथियों को पुष्प गुच्छ देकर स्वागत किया वहीं पर सिद्धौर ब्लॉक प्रमुख आरती रावत की अध्यक्षता में पुरे रूद्र में ग्राम प्रधान मोहम्मद हकीम, ग्राम विकास अधिकारी उत्तम पटेल, प्राथमिक विद्यालय के अध्यापक द्वारा सरकार की विभिन्न योजनाओं का बखान किया वहीं पर ब्लॉक प्रमुख आरती रावत ने बताया भारत तभी विकसित होगा जब हमारे देश का युवा इसमें बढ़-चढ़कर भागीदारी निभाएंगे तभी विकसित देश बनेगा विभिन्न लाभकारी योजनाएं चलाई जा रही हैं नन्हे मुन्ने बच्चों के द्वारा विभिन्न प्रकार की कविताएं सुनाई जिस पर लोगों ने जमकर तालियां बजाई विकसित भारत संकल्प यात्रा रथ में एलसीडी के माध्यम से सरकार की योजनाओं की जानकारी दी गई वहीं पर बाल विकास पुष्टाहार , कृषि विभाग , स्वास्थ्य विभाग , पूर्ति विभाग , पंजाब नेशनल बैंक के कर्मचारीयों द्वारा स्टॉल लगाकर लोगों को जागरूक किया गया।

## संदिग्धावस्था में गायब हुए व्यक्ति का तीसरे दिन मिला शव

### पांच बच्चों का बाप बैट्री रिक्शा चलाकर करता था जीवनयापन

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**



फाइल फोटो।

रामसनेही घाट बाराबंकी। मंगलवार को कोतवाली रामसनेही घाट क्षेत्र के प्रताप पुरवा गांव के निकट एक चालीस वर्षीय व्यक्ति का शव मिलने पर सनसनी फैल गई शव की शिनाख्त मे शव थाना असंद्रा क्षेत्र के एक गांव निवासी व्यक्ति का निकला,जो कि तीन दिन से गायब था, मृतक बैट्री रिक्शा चला कर जीवनयापन करता था।

प्राप्त जानकारी मुताबिक मल्लूपुर मजरे सूपामऊ थाना असंद्रा निवासी चालीस वर्षीय अजय शुक्ला पुत्र दुर्गा प्रसाद रविवार की शाम मस्तान कूटी बताकर निकले थे लेकिन वापस नही लौटने पर दूसरे दिन संतोष कुमारी जो कि मृतक की पत्नी हैं ने असंद्रा थाने में प्रार्थना पत्र दिया था, व मृतक की बाईक सोमवार को ही देवीगंज से ही बरामद हुई थी, समाचार लिखे जाने तक पुलिस ने मृतक के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है, व मौत की वजह जानने का प्रयास कर रही है, मृतक अजय शुक्ला के तीन बेटी और दो बेटे हैं, बड़ा बेटा सच्चिदानन्द आश्रम मैसूर में रहकर सनातनी शिक्षा ग्रहण कर रहा है,

### अजय की मौत सवालों के घेरे में 'आखिर वहा पहुंचा कैसे

घर से महज दो किलोमीटर दूर मस्तान आश्रम जाने को बताकर निकले अजय का शव गांव करीब दस किलोमीटर दूर बरामद होना अपने आप में एक पहेली हैं, पूरी घटना किसी बड़ी साजिश की ओर इशारा कर रही है, मृतक की पत्नी संतोष कुमारी द्वारा सोमवार को थाना असंद्रा में दिए गए प्रार्थना पत्र के मुताबिक मृतक अजय गांव से करीब दो किलोमीटर दूर मस्तान कूटी जाने को बताकर घर निकले थे किन्तु देर रात तक घर न पहुंचना अगले दिन सोमवार को मृतक अजय की बाईक का देवीगंज मे बरामद होना फिर अगले दिन मंगलवार को शव मिलना किसी साजिश का संकेत है जहां पर बाईक मिली वहां से शव बरामदगी स्थल करीब दो से तीन किलोमीटर दूर है और मल्लूपुर से घटना स्थल की दूरी करीब दस किलोमीटर है आखिर उस जगह तक अजय पहुंचा कैसे पुलिस हर बिंदु से घटना की छानबीन कर रही है,गांव के मुख्य मार्गों व चौराहो पर लगे सीसीटीवी कैमरे घटना के खुलासे के अहम बिंदु साबित हो सकते है, फिलहाल मुकामी पुलिस पूरी तत्परता से छानबीन में जुटी हुई है।

## सरकार का संकल्प अंतिम पायदान तक पहुँचे विकास की किरण : प्रियंका सिंह

### संकल्प यात्रा का हुआ जोरदार स्वागत

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**




मसौली बाराबंकी। विकसित भारत संकल्प यात्रा ग्राम पंचायत शहाबपुर एव सुरसंडा में पहुंचने पर पुष्पवर्षा कर स्वागत किया गया तथा जन जागरुकता एवं प्रमाण पत्र वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया ।

ग्राम पंचायत शहाबपुर मे भारतीय जनता पार्टी के पूर्व जिलाध्यक्ष अवधेश श्रीवास्तव एव ग्राम पंचायत पहलीपार मे पूर्व सांसद प्रियंका सिंह रावत की उपस्थित मे कार्यक्रम आयोजित किये गये। ग्राम पंचायत शहाबपुर मे प्रधान प्रतिनिधि हाजी अनीस अफ़ज़ाल अंसारी ने कहा कि मोदी सरकार में किसान सम्मान निधि योजना, उज्ज्वला योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना, स्वक्ष भारत मिशन के तहत शौचालय योजना, आयुष्मान कार्ड योजना, आदि बहुत सी योजनाएं केंद्र व राज्य सरकार द्वारा चलाई जा रही जिनका लाभ पाकर बहुत से निर्धन परिवार सकुशल जीवन यापन कर रहे। पूर्व जिलाध्यक्ष अवधेश श्रीवास्तव ने सरकार की उपलब्धियों को ग्रामीणों को बताया तथा विभिन्न योजनाओं के लाभार्थियों को प्रमाण पत्र वितरण किया।

कार्यक्रम मे भाजपा नेता शशी भुर्जी, , रोहित सिंह देवेंद्र शुक्ला, सुरजभान सिंह,उत्तम पटेल,राम हर्ष मौर्य,इस्तिखार अंसारी, पंचायत सचिव अलमाश रिजवी,यास्मीन बानो पंचायत सहायक सहित ग्रामीण उपस्थित रहे।

इसी क्रम मे ग्राम पंचायत सुरसण्डा के मजरे पहलीपार में विकसित भारत संकल्प यात्रा को सम्बोधित करते हुए पूर्व सांसद प्रियंका रावत ने केंद्र एव प्रदेश सरकार की योजनाओं की जानकारी ग्रामीणों को दी। उन्होंने कहा कि विकसित भारत संकल्प यात्रा का उद्देश्य है कि केंद्र व राज्य सरकार द्वारा चलाई जा रही सभी प्रकार की योजनाओं का लाभ हर नागरिक को मिले।

ग्राम प्रघ्न धीरज कुमार की अध्यक्षता मे आयोजित कार्यक्रम को ,प्रशांत मिश्रा, अनिल रावत,वैभव मिश्रा,भानू प्रताप यादव, आयूष भट्ट, महेंद्र प्रताप,सार्थक शुक्ला, ज्ञान सिंह,ने सम्बोधित किया।

## अतिक्रमण हटाओ अभियान का व्यापारियों ने किया विरोध



बाराबंकी। नगर पालिका प्रशासन द्वारा मंगलवार को नगर के निबलेट तिराहा से घण्टाघर के बीच अतिक्रमण अभियान चलाया गया। इस बीच, पालिका अधिकारी एवं कर्मचारियों को व्यापार मण्डल के पदाधिकारियों का कोपभाजन होना पड़ा। दरअसल, मंगलवार दोपहर को नगर पालिका कर्मचारियों ने निबलेट तिराहा से घण्टाघर तक अतिक्रमण सफाई अभियान चलाया। इस दौरान व्यापार मण्डल के राजीव गुप्ता 'बब्बी' व अन्य ने कर अधिकारी कमलेश व पालिकाकर्मियों से कहा कि, विगत कई वर्ष पूर्व नवाबगंज तहसील के एसडीएम रहे आईएएस अजय द्विवेदी द्वारा व्यापारियों से यह कहा गया था कि, चार फिट तक टीन शेट आदि रखे जा सकते हैं। ऊंचाई भी 10 फिट बताई गई थी। लेकिन, अब नगर पालिका द्वारा व्यापारियों से सब हटाने को कहा जा रहा है। इसी बीच, बेगमगंज वार्ड के पूर्व सभासद मोहम्मद आसिफ ने कहा कि, जब सोमवार को कोतवाली से लेकर निबलेट तिराहा तक अतिक्रमण सफाई अभियान चलाया गया था, तब व्यापार मण्डल कहां था? लोकतंत्र में यह कैसा भेदभाव ? उधर, नगर पालिका द्वारा भी खम्भों से होर्डिंग उतारकर और लोगों को समझा कर अतिक्रमण अभियान की इतिश्री सार्वजनिक हुई। निबलेट तिराहा से लैय्या मण्डी तक कई दुकानें बंद रहीं। लोगों ने नाले पर सरकारी दुकानें होने पर भी ऐतराज जताया। इस दौरान सभासद बृजेश यादव, व्यापारी व कई लोग मौजूद रहे।

## मादक पदार्थ तस्कर गिरफ्तार कब्जे से 60 ग्राम अवैध स्मैक बरामद

बाराबंकी थाना सुबेहा पुलिस टीम द्वारा 01 मादक पदार्थ तस्कर को किया गया गिरफ्तार, कब्जे से 60 ग्राम अवैध स्मैक बरामद थाना सुबेहा पुलिस टीम द्वारा अभियक्त अयूब पुत्र स्व0 आलमगीर निवासी बेगरिया बरावन कला शान्तिदेव मन्दिर के पास थाना दुबग्गा जनपद लखनऊ स्थायी पता मदीने शाह का इमामबाड़ा पुराना कब्रिस्तान पुराना शहर जनपद बरेली को गिरफ्तार किया गया। जिसके कब्जे से कुल 60 ग्राम स्मैक मारफीन बरामद कर अभियुक्त के विरुद्ध थाना सुबेहा मे एनडीपीएस एक्ट पंजीकृत किया गया।

## बर्तन खरीदने के बहाने दुकान मे घुसे बदमाशों ने की करोड़ो रूपये की डकैती, जेवरात को भी ले गए डकैत

### परिवार को बंधक बनाकर करीब 5 घंटे तक घर मे घुसे रहे बदमाश



**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

बाराबंकी। कुर्सी थाना क्षेत्र के कस्बा टिकैतगंज में हिस्ट्रीशीटर बर्तन व्यवसायी के घर पर बर्तन खरीदने के बहाने घुसे डकैतों ने करीब तीन घंटे तक लूटपाट की। व्यवसायी को बंधक बनाकर घर में रखे नकदी और जेवरात लूट लिए और वारदात को अंजाम देकर वापस कार में सवार होकर भाग निकले। एसपी ने कई थानों की पुलिस के साथ घटनास्थल का जायजा लिया। डॉग स्क्वायड और फॉरेंसिक टीम ने गहन छानबीन की। खुलासे के लिए चार टीमें गठित कर दी गई हैं।

कुर्सी क्षेत्र के कस्बा टिकैतगंज में शिवकुमार निगम का घर है। इसी में वह बर्तन का व्यवसाय भी करता है। शिवकुमार के मुताबिक सोमवार की शाम करीब साढ़े सात बजे उसके प्रतिष्ठान पर कुछ लोग बर्तन खरीदने के बहाने आए थे। देखते ही देखते दुकान पर करीब आधा दर्जन लोग एकत्रित हो गए। इस बीच बदमाशों ने असलहा निकालकर उसे व उसकी बहन बिट्टो निगम व लक्ष्मी निगम को घर के पिछले हिस्से में कमरे में बंधक बना लिया।इसके बाद करीब तीन घंटे तक पूरे घर को खंगाला जिसमें तिजोरी व बक्शे में रखी नकदी, सोने-चांदी के जेवरात व अन्य तमाम कीमती सामान

**इनोवा कार से आये थे डकैत, कुर्सी थानाक्षेत्र के टिकैतगंज कस्बे की वारदात,पुलिस महकमे मे मचा हड़कंप**

शामिल था। वारदात को अंजाम देने के बाद करीब 12 बजे सभी डकैत मौके से इनोवा कार में सवार होकर फरार हो गए। इस दौरान चाबियां न देने पर शिवकुमार के साथ मारपीट भी की। इसके बाद शिवकुमार ने बंधनमुक्त होकर पुलिस को सूचना दी। डकैती की खबर लगते ही पूरे महकमे में हड़कंप मच गया।

आनन-फानन मे एसपी दिनेश कुमार सिंह कई थानों की पुलिस के साथ घटनास्थल पर पहुंचे। फॉरेंसिक और डॉग स्क्वॉयड टीम ने घंटों छानबीन की। फिलहाल दुकान में काम करने वाले कर्मचारियों समेत कुछ संदिग्धों को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है। हालांकि डकैती कितने की हुई, इस पर शिवकुमार निगम ने अपनी स्थिति स्पष्ट नहीं की है लेकिन करीब पांच करोड़ के आस-पास की रकम व जेवरात लूटे जाने की आशंका है।

## सड़क पर दौड़ेंगे पिंक ई-रिक्शा, महिलाएं ही चलाएंगी



लखीमपुर-खीरी। शहर में जल्द पिंक ई-रिक्शा दौड़ते दिखेंगे। इन्हें महिलाएं ही चलाएंगी। पहले चरण में जिले की 250 महिलाओं को ई-रिक्शा उपलब्ध करवाकर उन्हें आर्थिक रूप से सशक्त बनाने की कवायद की जा रही है। जिला उद्योग कार्यालय इस योजना को अमली जामा पहनाने में जुटा है। 11 जुलाई को प्रदेश सरकार के सूक्ष्म, लघु व मध्यम उद्योग अनुभाग-2 ने इस संबंध में एक पत्र जारी किया है। इस पत्र के माध्यम से यूपीकॉन को इस प्रोजेक्ट के लिए कार्यदायी संस्था नामित किया गया है।मिशन शक्ति योजनान्तर्गत प्रशिक्षित महिला लाभार्थियों को ई-रिक्शा खरीदने के लिए मुख्यमंत्री युवा स्वरोजगार योजना से लाभान्वित किया जाएगा। योजना के लिए चयनित महिलाओं के लिए निःशुल्क ई-रिक्शा प्रशिक्षण, निःशुल्क आरटीओ द्वारा ड्राइविंग लाइसेंस, सस्ते ब्याज दरों पर ई-रिक्शा खरीदने हेतु सरल फाइनेंस प्रक्रिया की सुविधा उपलब्ध कराते हुए 25 प्रतिशत की सब्सिडी भी दी जाएगी। इसका उद्देश्य पिछड़ी, बेरोजगार व निराश्रित महिलाओं को सशक्त बनाना है।

उपायुक्त उद्योग संजय सिंह ने बताया कि योजना के तहत जरूरतमंद पात्र महिला लाभार्थियों के चयन की प्रक्रिया चल रही है। इसमें जिला प्रोबेशन विभाग की भी मदद ली जा रही है। वहीं, महिला लाभार्थियों के चयन के बाद 25-25 का बैच बनाकर उनको पिंक ई रिक्शा चलाने का प्रशिक्षण दिया जाएगा। यह प्रशिक्षण मिशन शक्ति योजना के तहत दिया जाएगा। इस प्रशिक्षण में उन्हें चार दिन थ्योरी

और शेष छह दिन रिक्शा संचालन का प्रैक्टिकल करवाया जाएगा इसके साथ उन्हें निशुल्क अस्थायी व स्थायी ड्राइविंग लाइसेंस उपलब्ध करवाया जाएगा।

यह है पात्रता!

इस योजना के तहत गरीब, बेसहारा, बेरोजगार व जरूरतमंद महिलाओं को स्वरोजगार से जोड़ा जाएगा। महिलाओं की उम्र 18 वर्ष से 40 वर्ष के बीच होनी चाहिए वहीं, वह हाईस्कूल उत्तीर्ण होनी चाहिए।

## कोई न कोई हुनर अवश्य सीखे एवं खुद को स्वरोजगार से जोड़े: धर्मवीर प्रजापति

### कारागार राज्यमंत्री ने जिला जेल में निरुद्ध 150 बंदियों को कम्बल एवं गर्म कपड़े किये वितरित



बाराबंकी। प्रदेश के कारागार एवं होमगार्ड्स राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार धर्मवीर प्रजापति ने मंगलवार की सुबह जिला जेल में पहुंचकर 150 बंदियों को कम्बल एवं गर्म कपड़े वितरित किये एवं बंदियों के साथ संवाद भी किया। यह ऐसे बंदी हैं, जिनसे मिलने कोई परिजन नहीं आता। उन्होंने कहा कि जेल अधीक्षक से जानकारी मिली कि उनकी जेलों में कुछ बुर्जुग एवं ऐसे बंदी निरुद्ध हैं, जिनसे सालों से कोई मिलने नहीं आता है। साथ ही उनके पास गर्म कपड़े भी नहीं हैं।सर्दी से बचाव के लिए गर्म कपड़ों की आवश्यकता हम सभी को पड़ती है इसी के दृष्टिगत आज जिला जेल मे 50 बंदियों को इनर भी वितरित किया गया।

धर्मवीर प्रजापति ने बंदियों से संवाद के दौरान कहा कि आपकी एक गलती की सजा आपके पूरे परिवार को भुगतनी पड़ती है।उन्होने बंदियों से संकल्प कराया कि भविष्य में ऐसी दोबारा ऐसी गलती न करें, जिससे कि पुनः जेलों में आना पड़े। उन्होंने कहा कि जिन बच्चों के माँ-बाप जेलों में निरुद्ध हैं,ऐसे बच्चों की पढ़ाई-लिखाई से लेकर सादी तक उन्हें बहुत-सी समस्याओं का सामना करना पड़ता है। बच्चे किसी तरह पढ़-लिख भी लें, तो कोई भी अच्छा परिवार सादी करने को तैयार नहीं होता।

राज्यमंत्री ने बंदियों को सरकार द्वारा संचालित कौशल विकास योजना से स्वयं को जोड़ने को कहा। उन्होंने कहा कि आप कोई न कोई हुनर अवश्य सीखें, जिससे कि जेलों से छूटने के पश्चात बाहर जाकर आप अपना स्वयं का रोजगार शुरू कर सकें। हुनर सीखने से आपकी आय होगी, जिससे कि आप अपने परिवार का भरण-पोषण कर सकेंगे। साथ ही अपने स्वरोजगार में अधिक से अधिक व्यस्त रहेंगे, तो अपराध से भी दूर रहेंगे। इस दौरान एडीएम डॉ.अरूण कुमार सिंह,एएसपी दक्षिणी डॉ.अखिलेश नारायण सिंह, कारागार अधीक्षक कुन्दन कुमार मिश्रा, जेलर आलोक शुक्ला सहित अन्य विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।

## शौचालय न साफ करने पर, छात्र की कर दी पिटाई

मसौली,बाराबंकी। शौचालय में मल साफ करने को लेकर प्रधानाध्यापिका ने एक बच्चे की पिटाई कर दी। जिससे विद्यालय के बच्चे व अभिभावक नाराज नजर आए।पूरा मामला जनपद बाराबंकी के विकासखंड मसौली के उच्च प्राथमिक विद्यालय अंबौर का है। जहां पर मंगलवार को विद्यालय की प्रधानाध्यापिका वंदना मिश्रा पर आरोप है कि कक्षा आठ के छात्र अभिषेक अवस्थी को शौचालय साफ करने के लिए कहा जिस पर अभिषेक ने कार्य को न करने के लिए मना कर दिया। मना करने से क्रोधित प्रधानाध्यापिका वंदना मिश्रा ने अभिषेक को डंडे से पीटा जिससे उसके हाथ पर सूजन भी आ गई। इतना ही नहीं जिन बच्चों ने इस कार्य को न करने के लिए मना किया उन्हें विद्यालय से बाहर भगा दिया। कक्षा आठ के छात्र शिवम्, विवेक व फरहान के अनुसार प्रधानाध्यापिका वंदना मिश्रा आए दिन हम बच्चों से ईंट उठवाना व सफाई का कार्य करवाती रहती है। कोई काम न करने पर विद्यालय से भगा देती है।विद्यालय के बच्चों के उपयोग हेतु बने शौचालयों में ताला लटकता मिला, मात्र एक शौचालय खुला मिला जिसका उपयोग विद्यालय स्टाफ करता है, बच्चों के अनुसार ताले की चाभी वंदना मिश्रा के पास ही रहती है, जिससे उन्हें भी शौच के लिए बाहर ही जाना पड़ता है। विद्यालय के सभी छात्र - छात्राओं द्वारा प्रधानाध्यापिका के सामने शौच के लिए बाहर जाने को लेकर बात पर सहमति जताई गई जिसका वीडियो सोशल मीडिया पर जमकर वायरल हो रहा है। बच्चों ने मिड डे मील मानक अनुसार न दिए जाने की भी बात कही है।इसके अतिरिक्त विद्यालय में साफ - सफाई व्यवस्था के नाम पर गंदगी का अंबार है, कायाकल्प के नाम पर पैसों का गबन कर भ्रष्टाचार को बढ़ता हुआ देखा जा सकता है। विद्यालय में लगे हैंडपंप से निकलने वाला पानी दूषित हो चुका है। कुछ समय पश्चात नल के पानी का रंग पीला पड़ जाता है। अब ऐसी स्थिति में इस अवस्था में पानी पीने वाले बच्चे कैसे स्वस्थ रह सकते है? यह एक चिंता का विषय है।

## विकसित भारत संकल्प यात्रा में चार से पांच विभाग शेष नदारद

मछरेहटा-सीतापुर । प्रधान मंत्री का सपना देश को पूर्ण विकसित भारत दो हजार सैतालिस तक बनाने का है कि देश का युवा ,किसान और महिला शक्ति संगठित होकर अपने आर्थिक, सामाजिक, सांस्कृतिक उत्थान के लिए जब संकल्प लेगा तो उसके मार्ग मे रुकावट नही आयेगी । अपने राष्ट्र को दुनिया का सिरमौर बनाने मे सभी देशवासियों की संकल्प शक्ति जरूरत है । दुनिया भारत की ताकत को पहचानती है तो जनता की बदौलत ही है । जाति मजहब के बंधन को तोड़ते हुए सभी लोगों को देश की खुशहाली और तरक्की के लिए काम करना होगा ।मछरेहटा ब्लाक की दो ग्राम पंचायत शाहपुर , पौड़ावर ग्राम मे विकसित भारत संकल्प यात्रा के आयोजन में कुछ विभागों के अधिकारी कर्मचारियों के बीच दोनों गांवों में प्रधान की अध्यक्षता में दोनों ग्राम पंचायत मे उपस्थित जनसमूह में ग्राम सचिव पवन कुमार , पौंडावर ग्राम सचिव दिनकर यादव , एडीओ कोआपरेटिव मयंक बाजपाई , लेखपाल मयंक मलिक, एएनएम, आंगन बाड़ी, आशा बहू , सफाई कर्मी , आदि काफी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे । शाह पुर प्रधान , लेखपाल मयंक सिंह ने ग्रामीणों को घरौनी बांटी ।

# आईपीएल इतिहास के सबसे महंगे खिलाड़ी बने कमिंस

**सनराइजर्स हैदराबाद ने 20.50 करोड़ रुपये में खरीदा**

**डेरिल मिचेल को सीएसके ने 14 करोड़ रुपये में खरीदा**



एजेंसी

दुबई। ऑस्ट्रेलियाई कप्तान और तेज गेंदबाज पैट कमिंस इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) इतिहास के सबसे महंगे खिलाड़ी बन गए हैं। चेन्नई सुपर किंग्स, रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर और सनराइजर्स हैदराबाद के बीच लगी जबर्दस्त बोली के बाद विश्व कप 2023 विजेता कप्तान को सनराइजर्स हैदराबाद ने 20.50 करोड़ रुपये में खरीदा। तेज गेंदबाज कमिंस इससे पहले दिल्ली कैपिटल्स और कोलकाता नाइट राइडर्स का हिस्सा रह चुके हैं। केकेआर ने उन्हें 2020 की नीलामी में 15.5 करोड़ रुपये की रिकॉर्ड राशि पर साइन किया। कमिंस को रिलीज़ कर दिया गया और दो सीज़न बाद फ्रैंचाइज़ी ने उन्हें लगभग दस लाख डॉलर (7.25 करोड़ रुपये) में वापस खरीद लिया। 2022 में मुंबई इंडियंस के खिलाफ केकेआर के लिए बनाया गया कमिंस का 14 गेंदों में अर्धशतक, आईपीएल में संयुक्त दूसरा सबसे तेज अर्धशतक है। कमिंस के अलावा न्यूजीलैंड के हरफनमौला खिलाड़ी डेरिल मिचेल को 14 करोड़ रुपये में चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) ने 14 करोड़ रुपये में खरीदा। मिचेल की बेस प्राइज़ 1 करोड़ रुपये की थी, लेकिन उन्हें 14 गुना ज़्यादा की रकम में खरीदा गया। मिचेल के लिए पहले दिल्ली और पंजाब ने बोली लगाई, लेकिन कीमत बढ़ने के साथ दिल्ली की टीम पीछे हट गई और फिर चेन्नई ने एंट्री की और बाजी मार ली। वहीं,भारतीय हरफनमौला खिलाड़ी हर्षल पटेल आईपीएल नीलामी 2024 के दूसरे महंगे खिलाड़ी बने। हर्षल को पंजाब किंग्स ने 11 करोड़ 75 लाख रुपये में खरीदा। हर्षल ने साल 2012 में आईपीएल डेब्यू किया था और तभी से ये आईपीएल के हर सीजन में खेलते हुए नजर आए। उन्होंने अब तक आईपीएल में कुल 91 मुकाबले खेले हैं जिसके 89 पारियों में 8.59 की इकॉनमी रेट से गेंदबाजी करते हुए 111 विकेट अपने नाम किया है। हर्षल के लिए आईपीएल 2021 सबसे सफल सीजन साबित हुआ था, उन्होंने उस सीजन में 15 मुकाबले खेले थे और 32 विकेट अपने नाम किया था।

# आईपीएल 2024 में गेंदबाजों को प्रति ओवर दो बाउंसर डालने की होगी अनुमति

एजेंसी



नई दिल्ली। इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2024 में गेंदबाजों को प्रति ओवर दो बाउंसर डालने की अनुमति होगी। ईएसपीएनक्रिकइंफो के अनुसार, इस समायोजन का उद्देश्य बल्ले और गेंद के बीच अधिक संतुलित प्रतिस्पर्धा पैदा करना है, जिससे ऐसे माहौल को बढ़ावा मिलेगा जहां गेंदबाज अधिक प्रभाव डाल सकें। खेल की स्थिति में इस बदलाव का परीक्षण भारत के घरेलू टी20 टूर्नामेंट, 2023-24 सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी के दौरान किया गया था। इम्पैक्ट प्लेयर नियम, जो पहली बार आईपीएल 2023 में लाया गया था, यथावत रहेगा। इस नियम के तहत, टॉस के समय एक टीम को प्लेइंग इलेवन के अलावा चार विकल्प खिलाड़ियों की सूची भी देनी होगी। वे इन चार में से किसी एक को अपने इम्पैक्ट प्लेयर के रूप में उपयोग कर सकते हैं। यदि कोई टीम अपनी शुरुआती एकादश में चार विदेशी खिलाड़ियों को शामिल करती है, तो वे इम्पैक्ट प्लेयर के रूप में केवल एक भारतीय को ही ला सकते हैं। इसका उद्देश्य प्रति खेल विदेशी खिलाड़ियों की संख्या को प्रति टीम चार तक सीमित करना है, आईपीएल ने अपनी शुरुआत के बाद से इसका पालन किया है। हालाँकि, यदि कोई टीम अपने इक्रमें तीन या उससे कम विदेशी खिलाड़ियों के साथ शुरुआत करती है, तो वे इम्पैक्ट प्लेयर के रूप में एक विदेशी खिलाड़ी को ला सकते हैं। लेकिन आने वाले विदेशी खिलाड़ी को टॉस के समय नामित चार स्थानापन्न खिलाड़ियों में से एक होना चाहिए। इम्पैक्ट प्लेयर नियम ने ऑलराउंडरों के मूल्य को कुछ हद तक कम कर दिया है, वेंकटेश अय्यर, विजय शंकर और शिवम दुबे जैसे खिलाड़ी पिछले सीज़न में बड़े पैमाने पर अपनी टीम के लिए बल्लेबाज के रूप में उतरे थे। ट्रेडिंग विंडो अभी बंद है लेकिन यह मिनी-नीलामी के एक दिन बाद 20 दिसंबर को फिर से खुलेगी, और 2024 सीज़न शुरू होने से एक महीने पहले तक खुली रहेगी। आईपीएल 2024 22 मार्च से मई के अंत के बीच खेले जाने की संभावना है, चुनाव आयोग द्वारा भारत के आम चुनावों के लिए मतदान की तारीखों को अंतिम रूप दिए जाने के बाद अंतिम कार्यक्रम की घोषणा की जाएगी।

## संक्षिप्त समाचार

### टेस्ट क्रिकेट से चार साल तक बाहर रहने के बाद मिशेल मार्श ने की जबर्दस्त वापसी

**मेलबर्न।** लगातार लचर प्रदर्शन के कारण चार साल पहले ऑस्ट्रेलिया की टेस्ट टीम से बाहर होने वाले ऑलराउंडर मिशेल मार्श ने जुलाई में इंग्लैंड के खिलाफ एशेज श्रृंखला के दौरान हेडिंग्ले में शतक जड़कर फॉर्म में वापसी के संकेत दिए थे। इसके बाद उन्होंने एक बल्लेबाज और एक गेंदबाज के रूप में अपनी उपयोगिता साबित करना जारी रखा और अब वह ऑस्ट्रेलिया की टेस्ट टीम के अहम अंग बन गए हैं। मार्श ने पाकिस्तान के खिलाफ पहले टेस्ट क्रिकेट मैच में 90 और नाबाद 63 रन की उपयोगी पारियां खेली और उन्हें मैच का सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी चुना गया। उन्होंने इसके साथ ही स्टार बल्लेबाज और पूर्व कप्तान बाबर आजम का कीमती विकेट भी लिया। मार्श को 11 पारियों में से सात पारियों में दोहरे अंक में नहीं पहुंच पाने के कारण दिसंबर 2019 में टेस्ट टीम से बाहर कर दिया गया था। इस दौरान उनका उच्चतम स्कोर 45 रन था। ऑस्ट्रेलिया के कप्तान पैट कमिंस का मानना है कि अब मार्श में सबसे बड़ा बदलाव यह देखने को मिला कि वह किसी अन्य की बल्लेबाजी शैली की नकल करने के बजाय अपने मजबूत पक्षों को ध्यान में रखकर बल्लेबाजी कर रहा है। कमिंस ने कहा,''कोई भी प्रारूप हो उसका दृष्टिकोण स्पष्ट है। वह जानता है कि रन कैसे बनाने हैं और वह वास्तव में इसकी परवाह नहीं कर रहा है कि वह एक बल्लेबाज के रूप में कैसा दिखता है। मुझे लगता है कि मार्श ने खेल के प्रति अपनी रणनीति तय कर ली है। ऑस्ट्रेलिया ने पाकिस्तान के खिलाफ अपनी धरती पर लगातार 15 टेस्ट मैच जीत लिए हैं तथा वह 26 दिसंबर से मेलबर्न में शुरू होने वाले दूसरे टेस्ट के मैच में इसे जारी रखने की कोशिश करेगा। तीसरा और अंतिम टेस्ट मैच तीन जनवरी से सिडनी में खेला जाएगा।

### आईसीएसआई ने आईएमएओ के साथ समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए

**कोलकाता।** इंस्टीट्यूट ऑफ कंपनी सेक्रेटरीज ऑफ इंडिया (आईसीएसआई) ने अपने सदस्यों के बीच व्यावसायिकता और विशेषज्ञता बढ़ाने के प्रयासों के तहत इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट अकाउंटेंट्स (आईएमएओ) के साथ समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए। बैंगलुरू में आयोजित आईसीएसआई-सीआईआरसी के कॉरपोरेट सीएस पर दूसरे क्षेत्रीय सम्मेलन में आईसीएसआई और आईएमएओ के बीच समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए गए। आईसीएसआई के अध्यक्ष सीएस मनीष गुप्ता ने बताया, 'हितधारकों की बढ़ती जरूरतों और अपेक्षाओं को समझना और पेशेवर ज्ञान और कौशल में लगातार सुधार करना जरूरी है। आईएमए के साथ सहयोग इसमें मददगार साबित होगा। इससे दक्षता बढ़ेगी और कामकाजी पेशेवरों की विभिन्न चुनौतियों के लिए नए मौके मिलेंगे। आईएमए के अध्यक्ष और सीईओ माइक डेप्रिस्को ने सहयोग के रणनीतिक महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा, 'हमारा दृष्टिकोण सहयोगात्मक प्रशिक्षण कार्यक्रमों और प्रमाणपत्रों के माध्यम से कंपनी सचिवों को उनके पेशेवर कौशल और दक्षता बढ़ा कर सशक्त बनाना है। हमारी साझेदारी वित्त, शासन और रणनीति चुनौतियों का संयुक्त रूप से समाधान करने के लिए कंपनी सचिवों और अन्य हितधारकों के बीच चर्चा और साझेदारी की सुविधा प्रदान करेगी।

### न्यूजीलैंड के खिलाफ टी20 श्रृंखला से बाहर हो सकते हैं शादाब खान

**कराची।** पाकिस्तान के ऑलराउंडर शादाब खान के न्यूजीलैंड के खिलाफ जनवरी में होने वाली टी20 श्रृंखला के लिए टीम में चुने जाने की संभावना नहीं है क्योंकि अभी वह टखने की चोट से पूरी तरह नहीं उबरे हैं। पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) के सूत्रों के अनुसार पूर्व कप्तान बाबर आजम और मोहम्मद रिजवान को पांच मैचों की शृंखला से विश्राम देने पर चर्चा चल रही थी, लेकिन राष्ट्रीय चयन समिति ने बाद में अपना मन बदल दिया। सूत्रों ने कहा,''चयन समिति के अध्यक्ष वहाब रियाज और उनके साथियों ने टीम के निदेशक मोहम्मद हफीज और टी20 टीम के नए कप्तान शाहीन शाह अफरीदी से ऑनलाइन चर्चा की। टेस्ट कप्तान शान मसूद को 12 जनवरी से न्यूजीलैंड में होने वाली श्रृंखला के लिए टी20 टीम में जगह मिलने की उम्मीद है जबकि तेज गेंदबाज हारिस रऊफ कोऑस्ट्रेलिया के खिलाफ टेस्ट श्रृंखला में खेलने से इनकार करने के बावजूद टीम में चुना जा सकता है। अनुभवी बल्लेबाज शोएब मलिक ने पाकिस्तान की तरफ से टी20 क्रिकेट खेलने की इच्छा जाहिर की है लेकिन चयन समिति ऐसा नहीं चाहती। सूत्रों ने कहा,''विश्व कप को ध्यान में रखते हुए मलिक की टीम में वापसी को लेकर भी चर्चा हुई लेकिन यह महसूस किया गया कि युवा खिलाड़ियों पर भरोसा करना बेहतर होगा, जिनमें से कुछ को न्यूजीलैंड के लिए चुना जाएगा। फखर जमा, सईम अयूब, इफ्तिखार अहमद, बाबर आजम, मोहम्मद रिजवान, शान मसूद, मोहम्मद हारिस उन बल्लेबाजों में शामिल हैं जो न्यूजीलैंड में खेलेंगे। तेज गेंदबाज नसीम शाह और एहसानुल्लाह के नाम पर भी विचार नहीं किया जाएगा क्योंकि वे अभी चोट से उबर रहे हैं।

### अलावेस को हराकर गिरोना स्पेनिश लीग में फिर से शीर्ष पर

**मैड्रिड।** गिरोना ने स्ट्राइकर आर्टेम डोवबीक के दो गोल की मदद से अलावेस को 3-0 से पराजित करके स्पेनिश फुटबॉल लीग ला लिगा में फिर से शीर्ष स्थान हासिल कर लिया। इस जीत से गिरोना ने रीयाल मैड्रिड को पीछे छोड़ा। उसके 17 मैच में 44 अंक हैं और वह रीयाल मैड्रिड से दो अंक और तीसरे नंबर पर काबिज बार्सिलोना से नौ अंक आगे हो गया है। डोवबीक ने 23वें मिनट में गिरोना की तरफ से पहला गोल किया। इसके बाद उन्होंने 59वें मिनट में पेनल्टी को गोल में बदला। इस बीच पोर्तू ने मध्यांतर से चार मिनट पहले टीम की तरफ से दूसरा गोल किया था। अलावेस ने पिछले 24 मैच से अपने घरेलू मैदान पर जीत दर्ज नहीं की है जो उसका अब तक का सबसे खराब प्रदर्शन है। अलावेस ला लिगा की अंक तालिका में अभी 13वें स्थान पर है।

### जेबी फार्मा ने चुनिंदा नेत्र विज्ञान ब्रांडों के लिए नोवार्टिस के साथ किया 1,089 करोड़ रुपये के समझौते

**नयी दिल्ली।** जेबी केमिकल्स एंड फार्मास्यूटिकल्स लिमिटेड (जेबी फार्मा) ने चुनिंदा नेत्र विज्ञान ब्रांडों के लिए नोवार्टिस के साथ प्रचार व वितरण समझौते के साथ-साथ एक ट्रेड मार्क लाइसेंस समझौता किया है। समझौते कुल 1,089 करोड़ रुपये के हैं। जेबी फार्मा ने शेयर बाजार को दी जानकारी में बताया कि निदेशक मंडल ने 19 दिसंबर 2023 को हुई बैठक में चुनिंदा नेत्र विज्ञान ब्रांडों के खंड के लिए नोवार्टिस इनोवेटिव थैरेपीज एजी के साथ एक ट्रेड मार्क लाइसेंस समझौते के निष्पादन को मंजूरी दे दी। यह जनवरी 2027 में प्रभावी होगा। इसके लिए कंपनी अन्य करों के अलावा 964 करोड़ रुपये का भुगतान करेगी। निदेशक मंडल ने चुनिंदा नेत्र विज्ञान ब्रांडों के उसी खंड के लिए नोवार्टिस हेल्थकेयर प्राइवेट लिमिटेड के साथ प्रचार व वितरण समझौते को भी मंजूरी दे दी है। यह दिसंबर 2023 से तीन साल की अवधि के लिए लागू होगा।

# आईपीएल 22 मार्च से मई के अंत तक संभावित हेजलवुड सीज़न के पहले भाग के लिए अनुपलब्ध

एजेंसी



नई दिल्ली। इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) का 2024 संस्करण 22 मार्च से मई के अंत के बीच खेले जाने की संभावना है, चुनाव आयोग द्वारा भारत के आम चुनावों के लिए मतदान की तारीखों को अंतिम रूप दिए जाने के बाद अंतिम कार्यक्रम की घोषणा की जाएगी। इसके अलावा ऑस्ट्रेलियाई तेज गेंदबाज जोश हेजलवुड को यदि नीलामी में खरीदा जाता है तो वह मई के पहले सप्ताह से ही उपलब्ध होंगे। यह समझा जाता है कि वह और उनकी पत्नी चेरिना मर्फी क्रिश्चियन अपने पहले बच्चे की उम्मीद कर रहे हैं। उन्हें आरसीबी द्वारा रिलीज़ कर दिया गया और उन्होंने 2 करोड़ रुपये (लगभग 240,000 अमेरिकी डॉलर) के आधार मूल्य के साथ नीलामी में प्रवेश किया। नीलामी में अन्य सभी ऑस्ट्रेलियाई खिलाड़ियों के पूरे आईपीएल सीज़न के लिए उपलब्ध रहने की उम्मीद है। शेफ़ील्ड शील्ड फ़ाइनल 21 से 25 मार्च तक निर्धारित होने के कारण, क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया ने खिलाड़ियों पर यह विकल्प छोड़ दिया है कि उन्हें शील्ड फ़ाइनल और आईपीएल में से किसी एक को चुनना है या नहीं। इंग्लैंड को 22 से 30 मई के बीच टी20 सीरीज के लिए पाकिस्तान की मेजबानी करनी है, लेकिन ईसीबी ने आईपीएल से कहा है कि उसके खिलाड़ी पूरे सीजन के लिए उपलब्ध रहेंगे। ईसीबी ने यह भी बताया कि यदि किसी खिलाड़ी को ''टी20 विश्व कप की तैयारी में विशिष्ट प्रबंधन की आवश्यकता होती है'' तो उसके प्रबंध निदेशक रॉब की खिलाड़ी और उसकी फ्रेंचाइजी दोनों के साथ ''सीधे संपर्क'' करेंगे। हैरी ब्रूक, फिल साल्ट, क्रिस वोक्स और आदिल राशिद इंग्लैंड के कुछ शीर्ष खिलाड़ियों में से हैं, जिन्होंने नीलामी में प्रवेश किया है। ईएसपीएनक्रिकइन्फो के अनुसार, 19 वर्षीय लेगस्पिन ऑलराउंडर रेहान अहमद, जिन्होंने अपना आधार मूल्य 50 लाख रुपये (लगभग 60,000 अमेरिकी डॉलर) सूचीबद्ध किया था, को अल्प सूचना पर नीलामी से वापस ले लिया गया है। रेहान अगले साल की शुरुआत में पांच टेस्ट मैचों की श्रृंखला के लिए भारत में होंगे और ईसीबी उन्हें कम उम्र में घर से दूर बहुत अधिक समय बिताने से बचाना चाहता है। श्रीलंका क्रिकेट ने अपने सभी प्रमुख सफ़ेद गेंद वाले खिलाड़ियों को पूरे आईपीएल 2024 के लिए उपलब्ध कराया है। इसमें चेन्नई सुपर किंग्स के लिए खेलने वाले महेश थीक्षाना, मथीशा पथिराना, वानिंदु हसरंगा और दुष्मंथा चमीरा शामिल हैं, जो क्रमशः आरसीबी और लखनऊ सुपर जायंट्स द्वारा रिलीज होने के बाद नीलामी में हैं। इन चार खिलाड़ियों में से कोई भी श्रीलंका की टेस्ट टीम का हिस्सा नहीं होगा, जो 3 अप्रैल तक बांग्लादेश के खिलाफ दो टेस्ट मैचों की श्रृंखला खेलने वाली है। नीलामी में खरीदे जाने वाले अन्य टेस्ट खिलाड़ी श्रृंखला के बाद आईपीएल के लिए उपलब्ध होंगे। बाएं हाथ के तेज गेंदबाज मुस्तफिजुर रहमान को बीसीबी ने नीलामी में खरीदे जाने पर 22 मार्च से 11 मई के बीच आईपीएल 2024 खेलने की अनुमति दी है।

## पूर्व कप्तान अजहर अली ने कहा, गेंदबाजों ने पाकिस्तान को निराश किया

कराची। पाकिस्तान के पूर्व कप्तान अजहर अली ने अपने गेंदबाजों की जमकर आलोचना करते हुए कहा कि ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ पहले टेस्ट क्रिकेट मैच में पर्थ की उस पिच पर वह अच्छा प्रदर्शन करने में नाकाम रहे जिससे असमान उछाल मिल रही थी। ऑस्ट्रेलिया ने पहला टेस्ट मैच 360 रन से जीतकर तीन मैचों की श्रृंखला में शुरुआती बढ़त हासिल की। अजहर ने कहा,''जिस तरह से चौथे दिन पिच से असमान उछाल मिल रही थी उसे देखते हुए पाकिस्तान का 89 रन पर आउट होना हैरानी भरा नहीं रहा। हर समय इस तरह की असमान उछाल से निपटना मुश्किल था। अजहर ने गेंदबाजों की कड़ी आलोचना की जिनके बारे में उनका मानना है कि उन्होंने हाल के कुछ वर्षों में ऑस्ट्रेलिया में अच्छा प्रदर्शन नहीं किया। उन्होंने कहा,''कितनी बार गेंदबाजों ने ऑस्ट्रेलिया को कम स्कोर पर आउट किया जबकि बल्लेबाजों ने समय-समय पर अच्छा स्कोर बनाया।

# स्पाइसजेट एयरलाइन ने दिवालिया गो फर्स्ट के अधिग्रहण की इच्छा जताई




नई दिल्ली। नकदी संकट से जूझ रही सस्ती हवाई सेवा मुहैया कराने वाली कंपनी स्पाइसजेट ने दिवालिया विमानन कंपनी गो फर्स्ट के अधिग्रहण में रुचि दिखाई है। स्पाइसजेट दिवालिया विमानन कंपनी गो फर्स्ट की उचित जांच-पड़ताल के बाद प्रस्ताव पेश करने की योजना बना रही है। स्पाइसजेट ने मंगलवार को शेयर बाजार को दी जानकारी में कहा कि उसने 'गो फर्स्ट के समाधान पेशेवर (आरपी) के समक्ष रुचि दिखाई है। एयरलाइन ने कहा कि वह जांच-पड़ताल के बाद अधिग्रहण की पेशकश करना चाहती है। कंपनी के मुताबिक अधिग्रहण प्रस्ताव का मकसद गो फर्स्ट को स्पाइसजेट के साथ संभावित गठजोड़ में एक मजबूत और व्यावहारिक एयरलाइन बनाना है। कंपनी ने बताया कि उसके निदेशक मंडल ने वित्तीय स्थिति को मजबूत करने और विकास योजनाओं में निवेश तथा संसाधन उपलब्ध कराने के उद्देश्य से करीब 27 करोड़ अमेरिकी डॉलर की नई पूंजी जुटाने की प्रक्रिया को मंजूरी दी है। हालांकि, स्पाइसजेट को सितंबर तिमाही के दौरान 428 करोड़ रुपये का शुद्ध घाटा हुआ था। वहीं, एयरलाइन को पूर्व प्रमोटर कलानिधि मारन को मध्यस्थता फैसले के बाद बकाया राशि का भुगतान भी करना है। उल्लेखनीय है कि गो फर्स्ट एयरलाइन ने 'प्रैट एंड व्हिटनी इंजन' समस्याओं की वजह से उत्पन्न वित्तीय संकट के बीच तीन मई से अपनी उड़ान सेवाएं बंद कर दी थी। फिलहाल कंपनी दिवाला समाधान प्रक्रिया से गुजर रही है। गो फर्स्ट पर लेनदारों का 6,200 करोड़ रुपये से ज्यादा का बकाया है।

# सीमा शुल्क मामला : डब्ल्यूटीओ के अपीलीय निकाय से संपर्क करने के भारत के कदम से ईयू निराश

नयी दिल्ली। यूरोपीय संघ (ईयू) ने कुछ सूचना एवं संचार प्रौद्योगिकी (आईसीटी) उत्पादों पर सीमा शुल्क से संबंधित मामले में डब्ल्यूटीओ के अपीलीय निकाय से संपर्क करने के भारत के कदम पर निराशा व्यक्त की है। भारत ने यूरोपीय संघ की ओर से दायर एक मामले में विश्व व्यापार संगठन (डब्ल्यूटीओ) की व्यापार विवाद निपटान समिति के फैसले के खिलाफ आठ दिसंबर को अपील की थी। यूरोपीय संघ ने कुछ सूचना एवं प्रौद्योगिकी उत्पादों पर भारत के आयात शुल्क लगाने के खिलाफ मामला दायर किया था। समिति ने अप्रैल में फैसला सुनाया था कि कुछ सूचना एवं प्रौद्योगिकी (आईसीटी) उत्पादों पर भारत द्वारा लगाया गया आयात शुल्क वैश्विक व्यापार मानदंडों का उल्लंघन है। भारत ने फैसले के खिलाफ अपील करने के अलावा मध्यस्थता के जरिए विवाद सुलझाने के ईयू के अनुरोध को भी खारिज कर दिया है। डब्ल्यूटीओ के मुख्यालय जिनेवा में 18 दिसंबर को विवाद निपटान निकाय (डीएसबी) की बैठक में यह मुद्दा उठा। इस बैठक में ईयू ने कहा कि समिति ने उसके पक्ष में फैसला सुनाया। यह भी पाया है कि इन उत्पादों पर भारत का शुल्क उसकी डब्ल्यूटीओ प्रतिबद्धताओं के खिलाफ है। ईयू ने दावा किया कि 2014 के बाद से आईसीटी उत्पादों पर भारत के अत्यधिक आयात शुल्क से यूरोपीय संघ की कंपनियों पर नकारात्मक प्रभाव पड़ा है। वह भी ऐसे समय पर, जब भारत में 4जी और 5जी नेटवर्क की शुरुआत सहित इस क्षेत्र में व्यापक वृद्धि के अवसर थे। जिनेवा स्थित अधिकारी के अनुसार, यूरोपीय संघ ने कहा '' हालांकि वह अपील करने के भारत के अधिकार को मान्यता देता है, लेकिन उसे बेहद अफसोस है कि भारत ने यूरोपीय संघ की इस मामले को अपील मध्यस्थता के जरिए निपटाने की पेशकश पर गौर नहीं किया। बैठक में जापान ने भी समिति की रिपोर्ट के खिलाफ अपील करने के भारत के फैसले पर निराशा व्यक्त की।

# पेट्रोल-डीजल की कीमत स्थिर, कच्चा तेल 78 डॉलर प्रति बैरल पार


एजेंसी



नई दिल्ली। अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल की कीमत में उतार-चढ़ाव का रुख जारी है। ब्रेंट क्रूड का मूल्य 78.02 डॉलर प्रति बैरल और डब्ल्यूटीआई क्रूड 72.40 डॉलर प्रति बैरल के करीब है। हालांकि, सार्वजनिक क्षेत्र की तेल एवं गैस विपणन कंपनियों ने मंगलवार को पेट्रोल-डीजल की कीमत में कोई बदलाव नहीं किया है। इंडियन ऑयल की वेबसाइट के मुताबिक दिल्ली में पेट्रोल 96.72 रुपये, डीजल 89.62 रुपये, मुंबई में पेट्रोल 106.31 रुपये, डीजल 94.27 रुपये, कोलकाता में पेट्रोल 106.03 रुपये, डीजल 92.76 रुपये, चेन्नई में पेट्रोल 102.63 रुपये और डीजल 94.24 रुपये प्रति लीटर की दर पर उपलब्ध है। अंतरराष्ट्रीय बाजार में हफ्ते के दूसरे दिन कारोबार की शुरुआत ब्रेंड क्रूड 0.07 डॉलर यानी 0.09 फीसदी की उछाल के साथ 78.02 डॉलर प्रति बैरल पर ट्रेंड कर रहा है। वहीं, वेस्ट टेक्सस इंटरमीडिएट (डब्ल्यूटीआई) क्रूड 0.07 डॉलर यानी 0.10 फीसदी की गिरावट के साथ 72.40 डॉलर प्रति बैरल पर कारोबार कर रहा है।

# सरकार ने कच्चे तेल पर विंडफॉल टैक्स फिर घटाया, नई दरें लागू


एजेंसी




नई दिल्ली। कच्चे तेल के दाम में उतार-चढ़ाव के बीच केंद्र सरकार ने देश में उत्पादित कच्चे तेल पर लागू अप्रत्याशित लाभ कर (विंडफॉल टैक्स) में बड़ी कटौती की है। वहीं, डीजल के निर्यात विशेष अतिरिक्त उत्पाद शुल्क (एसएईडी) में कटौती की गई है। हालांकि, एविएशन टर्बाइन फ्यूल (एटीएफ) निर्यात पर लागू लेवी में इजाफा किया गया है। नई दरें मंगलवार से लागू हो गई हैं। सरकार की ओर से जारी अधिसूचना के मुताबिक घरेलू स्तर पर उत्पादित कच्चे तेल पर विंडफॉल टैक्स की दर 5 हजार रुपये प्रति टन से घटा कर 1,300 रुपये प्रति टन कर दी गई है। इसके साथ ही डीजल के निर्यात पर मौजूदा एसएईडी को एक रुपये प्रति लीटर से घटा कर 0.50 रुपये प्रति लीटर कर दिया गया है। वहीं, एटीएफ के निर्यात पर लेवी शून्य से बढ़ा कर एक रुपये प्रति लीटर कर दी गई है। हालांकि, पेट्रोल पर एसएईडी अभी शून्य बना रहेगा। उल्लेखनीय है कि इससे पहले एक दिसंबर को केंद्र सरकार ने कच्चे पेट्रोलियम पदार्थों पर विंडफॉल टैक्स को 6,300 रुपये प्रति टन से घटा कर 5 हजार रुपये प्रति टन करने की घोषणा की थी। भारत सरकार ने अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल की बढ़ती कीमत के जवाब में जुलाई, 2022 में पहली बार विंडफॉल टैक्स लगाया था।

# मेरा अपमान कर रही है कांग्रेस : धनखड़

एजेंसी



नयी दिल्ली। राज्यसभा के सभापति जगदीप धनखड़ ने मंगलवार को सदन में कहा कि कांग्रेस उनका अपमान कर रही है और पार्टी के आधिकारिक सोशल मीडिया एकाउंट से उन पर आपत्तिजनक टिप्पणियां की जा रही हैं।

श्री धनखड़ ने भोजनावकाश के बाद सदन की कार्यवाही शुरु करते हुए कांग्रेस के वरिष्ठ नेता पी चिदंबरम को संबोधित करते हुए कहा, इंस्टाग्राम पर, श्रीमान चिदम्बरम, आपकी पार्टी ने एक वीडियो डाला था जिसे बाद में हटा लिया गया, यह शर्मनाक है। आपने मुझे अपमानित करने, मेरा अपमान करने, एक किसान के रूप में मेरी पृष्ठभूमि का अपमान करने, एक जाट के रूप में मेरे पद का अपमान करने, सभापति के रूप में मेरे पद का अपमान करने के लिए (कांग्रेस) पार्टी के आधिकारिक प्रवक्ता के ट्विटर हैंडल का इस्तेमाल किया गया। विपक्षी शोर शराबे के बीच सभापति ने कहा, मैंने सदन स्थगित कर दिया है। लोगों के मन में इस संस्था के ख़िलाफ़ किस तरह की प्रतिक्रिया है, इसका अंदाज़ा आपको नहीं है और आज हमें इसका सबसे निचला स्तर देखने का मौक़ा मिला। श्री चिदम्बरम यहां हैं। श्रीमान चिदम्बरम आप बहुत वरिष्ठ सदस्य हैं। सोचिये कि मेरे दिल पर क्या गुजर रही होगी जब आपके एक वरिष्ठ नेता, एक सांसद द्वारा सभापति का मजाक उड़ाने की वीडियोग्राफी कर रहे थे जिसमें मुझ पर व्यक्तिगत हमला किया जा रहा था। संसद का एक वरिष्ठ सदस्य, दूसरे सदस्य की वीडियोग्राफी करता है। किस लिए मैं आपको बताता हूं कि मुझे बहुत कष्ट हुआ है। श्री धनखड़ ने कहा कि यह एक किसान और एक समुदाय का अपमान मात्र नहीं है, यह राज्यसभा के सभापति के पद का निरादर है। और वह भी एक ऐसी राजनीतिक पार्टी के सदस्य द्वारा जिसने इतने लंबे समय तक शासन किया हो।

# तकनीकी ज्ञान के साथ-साथ जीवन कौशल प्राप्त करें छात्र : मुर्मु

एजेंसी




हैदराबाद। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने तकनीकी ज्ञान के साथ-साथ जीवन कौशल हासिल करने के महत्व पर जोर दिया है।

श्रीमती मुर्मु मंगलवार को यहां बेगमपेट में हैदराबाद पब्लिक स्कूल (एचपीएस) के शताब्दी समारोह के समापन पर छात्रों और पूर्व छात्रों को संबोधित करते हुए छात्रों को जीवन की चुनौतियों से प्रभावी ढंग से निपटने के लिए मानसिक शक्ति विकसित करने की सलाह दी। उन्होंने कहा कि विपरीत परिस्थितियों में साहस का प्रदर्शन करने वाले व्यक्ति भविष्य में और अधिक प्रमुख हो जाएंगे। उन्होंने इस संबंध में पर्याप्त अवसर प्रदान करने के लिए नयी राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एनईपी) को स्वीकार करते हुए पाठ्यक्रम में समग्र विकास के एकीकरण की सिफारिश की। इसके अलावा उन्होंने खेलों के सकारात्मक प्रभाव पर प्रकाश डाला और छात्रों को सकारात्मक विचारों और खुशी को बढ़ावा देने वाली गतिविधियों में भाग लेने के लिए प्रोत्साहित किया। राष्ट्रपति ने विशिष्ट पूर्व छात्रों में शामिल माइक्रोसॉफ्ट के मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) सत्या नडेला के साथ असाधारण योगदान के लिए एचपीएस की सराहना करते हुए विभिन्न क्षेत्रों, विशेष रूप से खेल में छात्रों के प्रोत्साहित करने पर खुशी व्यक्त की। उन्होंने कहा कि यह रचनात्मकता और महत्वपूर्ण सोच में योगदान देता है। तेलंगाना की राज्यपाल डॉ. तमिलिसाई सौंदरराजन ने एचपीएस द्वारा नयी राष्ट्रीय शिक्षा नीति के उत्साहपूर्वक कार्यान्वयन के बारे में आशावाद व्यक्त किया। साथ ही उन्होंने कक्षा के बाहर छात्रों को समर्थन देने के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आह्वान का जिक्र करते हुए उन्होंने खेल पर ध्यान देने की वकालत की। उन्होंने उल्लेखनीय व्यक्तियों को तैयार करने की अपनी शताब्दी-लंबी विरासत के लिए एचपीएस की सराहना की और भविष्य के नेतृत्वकर्ताओं को आकार देने में स्कूल की निरंतर सफलता पर विश्वास व्यक्त किया। कार्यक्रम में छात्रों द्वारा शास्त्रीय कुचिपुड़ी और लोक नृत्य कला की शानदार प्रस्तुति दी गयी। इस मौके पर राज्य की पंचायत राज मंत्री अनसूया सीताक्का और शिक्षा सचिव बी वेंकटेशम सहित गणमान्य व्यक्तिय उपस्थित रहे।

# जीएसटी दूसरा संशोधन विधेयक 2023 लोकसभा में पारित

एजेंसी

नयी दिल्ली। लोकसभा ने जीएसटी अपीलीय न्यायाधिकरण के अध्यक्ष और सदस्यों की आयु एवं योग्यता में संशोधन के प्रावधान वाले केंद्रीय माल एवं सेवाकर (दूसरा संशोधन) विधेयक 2023 को मंगलवार को ध्वनिमत से पारित कर दिया।

यह विधेयक वित्तमंत्री निर्मला सीतारमण ने सदन में 13 दिसम्बर को पेश किया था और इसे चर्चा तथा पारित कराने के लिए आज पेश किया गया। इस विधेयक में जीसटी अधिनियम 2017 में संशोधन करके इसके प्रावधानों को ट्रीब्यूनल सुधार अधिनियम 2021 के प्रावधानों के अनुरूप करना है।

विधेयक पर हुई चर्चा का जवाब देते हुए श्रीमती सीतारमण ने कहा कि जीएसटी न्यायाधिकरण के गठन से देश में उच्च न्यायालयों तथा उच्चतम न्यायालय में मामलों का बोझ कम होगा और जीएसटी से जुड़े मुद्दों पर न्याय के लिए लोगों को लम्बे समय तक इंतजार नहीं करना पड़ेगा। इसका मुख्यालय दिल्ली में होगा और राज्यों में एक या दो पीठ होगी ताकि स्थानीय स्तर करदाताओं को सुविधा मिल सके। उन्होंने कहा कि विधेयक में न्यायाधिकरण के सदस्यों के लिए न्यूनतम उम्र 50 साल रखी गई है जबकि अधिकतम उम्र 67 साल और अध्यक्ष के लिए अधिकतम उम्र 70 करने का प्रावधान है। फिलहाल यह आयु सीमा अध्यक्ष के लिए 67 और सदस्यों के लिए 65 वर्ष है। श्रीमती सीतारमण ने कहा, सरकार का उद्देश्य है कि हमारी सूक्ष्म एवं मझौली इकाइयों-एमएसएमई इकाइयों को कारोबार करने में आसानी हो।ङ्क उन्होंने उम्मीद जाहिर की कि जीएसटी कानून में संशोधन से लघु क्षेत्र की इकाइयों को सावर्जनिक उपक्रमों से भुगतान में देरी नहीं होगी। सरकार एसएसएमई इकाइयों के प्रति संवेदनशील होकर काम कर रही है। इससे पहले चर्चा में हिस्सा लेते हुए भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के निशिकांश दुबे ने कहा कि पूर्ववर्ती संयुक्त प्रगतिशील गठबंधन सरकार ने 2006-07 में कहा था कि जीएसटी लाएंगे लेकिन 2014 तक वह सरकार जीएसटी को लेकर सिर्फ बातें ही करती रही क्योंकि वह टैक्स छोड़ने को तैयार नहीं थी। बीजू जनता दल की शर्मिष्ठा सेठी ने कहा कि समिति की संस्तुति को क्रियानवित करने की जरूरत है ताकि जीएसटी के दायरे में आने वाले सारे काम आसानी से हो सके। शिवसेना के धैर्यशील माणे ने कहा कि न्यायाधिकरण जीएसटी करदाताओं के सामने आने वाली दिक्कतों को मिलने वाली चुनौतियों के निदान के लिए आवश्यक है। जीएसटी से जुड़े विवादों का इस विधेयक के आने से सुलझाया जा सकेगा। चर्चा में भाजपा के शंकर लालवानी तथा वाईएसआर के श्रीकृष्ण डी लावू ने भी हिस्सा लिया।

### संसद ने चालू वित्त वर्ष में 58,378 करोड़ रुपये के अतिरिक्त व्यय को मंजूरी दी

नयी दिल्ली। संसद ने मंगलवार को चालू वित्त वर्ष में 58,378 करोड़ रुपये के शुद्ध अतिरिक्त व्यय को मंजूरी प्रदान कर दी, जिसका एक बड़ा हिस्सा महात्मा गांधी राष्ट्रीय रोजगार गारंटी (मनरेगा) कानून और उर्वरकों के लिए सब्सिडी पर खर्च किया जाएगा। सरकार ने वर्ष 2023-24 के लिए अनुदानों की अनुपूरक मांगों के प्रथम बैच में 1.29 लाख करोड़ रुपये से अधिक के सकल अतिरिक्त व्यय की मंजूरी मांगी है, जिसमें से 70,968 करोड़ रुपये को बचत और प्राप्तियों से समायोजित किया जाएगा। राज्यसभा ने मंगलवार को हंगामे के बीच संक्षिप्त चर्चा के बाद अनुदानों की अनुपूरक मांगों से जुड़े विनियोग (संख्याक तीन) विधेयक और विनियोग (संख्याक चार) विधेयक को लौटा दिया। उस समय सदन में विपक्षी सदस्य संसद की सुरक्षा में चूक के मुद्दे पर केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के बयान की मांग को लेकर हंगामा कर रहे थे। हंगामे के बीच ही वित्त राज्य मंत्री पंकज चौधरी ने विनियोग (संख्याक तीन) विधेयक और विनियोग (संख्याक चार) विधेयक पेश किए। चर्चा में भाग लेने वाले अधिकतर सदस्य सत्ता पक्ष के थे क्योंकि विपक्ष के कई सदस्य सदन से निलंबित हैं। उपस्थित विपक्षी सदस्यों ने चर्चा में भाग नहीं लिया।

# नड्डा जी से अगले काम के बारे में हुई चर्चा अभी दक्षिण की यात्रा करनी है : शिवराज

एजेंसी



भोपाल। भारतीय जनता पार्टी अध्यक्ष जे पी नड्डा से मुलाकात के बाद मध्यप्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने आज कहा कि उनकी श्री नड्डा से अगले काम के लिए चर्चा हुई है और अध्यक्ष उन्हें जिस भी भूमिका में रखेंगे, वे उसे पूरा करेंगे।

श्री चौहान ने मुलाकात के बाद संवाददाताओं से चर्चा के दौरान कहा कि श्री नड्डा से उनकी अगले काम के बारे में भी चर्चा हुई है। उन्होंने कहा कि पार्टी का काम उनके लिए मिशन है, राष्ट्रीय सेवा और जनता की सेवा का। जब हम मिशन में काम करते हैं तो अपनी जिम्मेदारी के बारे में हम स्वयं कुछ तय नहीं करते हैं। मिशन ही सब कुछ तय करता है। उन्होंने कहा कि उन्हें विकसित भारत संकल्प यात्रा में कुछ जगह जाने के लिए कहा जाएगा जिसके तहत वे दक्षिण के राज्यों में जाएंगे। श्री चौहान ने कहा कि आने वाले लोकसभा चुनाव के लिए भी अध्यक्ष उनके लिए जो भूमिका तय करेंगे, वे उस पर काम करेंगे। राज्य के नए मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव के संदर्भ में श्री चौहान ने कहा कि डॉ यादव मुख्यमंत्री होने के नाते अब उनके भी नेता हैं। इसी क्रम में उन्होंने कहा कि भाजपा में कोई छोटा या बड़ा नहीं होता है। जिन कामों को मध्यप्रदेश में आगे बढ़ाया, बीमारू राज्य से विकसित प्रदेश बनाया, उसको समृद्धि की तरफ और ऊंचाइयों पर डॉ यादव ले जाएंगे। उन्होंने कहा कि वे चाहते हैं कि मुख्यमंत्री प्रदेश को समृद्धि और विकास के पद पर भी ले जाएं और जन कल्याण की योजनाएं भी चलाएं। श्री चौहान ने कहा कि उनकी श्री नड्डा से मंत्रिमंडल के गठन के संबंध में भी चर्चा हुई है।

# प्रतिभा ने भारी नुकसान के चलते गडकरी से ट्रांसपोर्ट भवन में की भेंट

नयी दिल्ली/शिमला। हिमाचल प्रदेश कंग्रेस अध्यक्ष एवं सांसद प्रतिभा सिंह ने मंगलवार को नयी दिल्ली में केंद्रीय भूतल एवं परिवहन मंत्री नितिन गडकरी से उनके ट्रांसपोर्ट भवन में भेंट कर उनसे मण्डी संसदीय क्षेत्र में फोर लेन से प्रभावित सड़कों के सुदृढ़ीकरण व इनके विस्तार के लिये राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण को अतिरिक्त धन उपलब्ध करवाने का आग्रह किया। श्रीमती सिंह ने इस संदर्भ में गडकरी को एक पत्र देते हुए आग्रह किया कि हाल ही में भारी बारिश व भूस्खलन से उनके संसदीय क्षेत्र मण्डी में सड़कों को भारी नुकसान पहुंचा है। उन्होंने कहा कि विशेष तौर पर मण्डी से कुल्लू राष्ट्रीय राज मार्ग भूस्खलन से बुरी तरह क्षतिग्रस्त हुआ है। उन्होंने कहा कि इस सड़क के पुनर्निर्माण में तेजी लाने के लिये इसके बैकल्पिक मार्ग चौलचौक गोहर पंडोह सड़क के सुधार व चौड़ा करने की आवश्यकता है जिससे इस मार्ग पर दैनिक यातायात सुचारू चल सकें। इसके लिये लोक निर्माण विभाग ने मण्डी स्थित राष्ट्रीय राज मार्ग प्राधिकरण के अधिकारियों 12 करोड़ का एक प्रस्ताव भेजा है जिसे मंजूर किया जाना चाहिए। श्रीमती सिंह ने मण्डी बजौरा कुल्लू मनाली सड़क वाया आई आई टी कमाद कटिन्डी कटौला सड़क के सुधार व विस्तारीकरण की आवश्यकता पर बल दिया। उन्होंने कहा कि हाल ही में त्रासदी के दौरान जब चक्की मोड़ से कुल्लू फोर लेन सड़क पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गई थी तो स्थानीय प्रशासन व राष्ट्रीय राज मार्ग प्राधिकरण के अधिकारियों ने संयुक्त तौर पर पुरानी सड़क का निरक्षण कर इस पर यातायात बहाल किया। उन्होंने कहा कि जब मण्डी पंडोह सड़क वाधित थी तो उस समय पठानकोट कंगड़ा का ट्रैफिक जो कुल्लू मनाली को जाता था इसी सड़क से आया गया। उन्होंने कहा कि लोक निर्माण विभाग थलौट मंडल का सड़क मरम्मत का छह करोड़ राष्ट्रीय राज मार्ग प्राधिकरण के पास लंबित पड़ा है जिसे तुरंत जारी करवाया जाना चाहिए। श्रीमती सिंह ने कहा है कि पहाड़ी क्षेत्र होने के नाते यहां सड़के लोगों की जीवन रेखा है। उन्होंने कहा प्रदेश सरकार अपने संसाधनों से इन सड़कों का रखरखाव कर रही है। प्रदेश की वित्तीय स्थिति ठीक न होने के कारण आपदा से प्रभावित सड़को के सुधार के लिए केंद्रीय सहायता बहुत ही आवश्यक है।

# पेज एक का शेष

### योगी सरकार पीजीआई ...

54 बेड आईसीयू, 28 बेड एचडीयू, 20 बेड आइसोलेशन और 45 बेड प्राइवेट के होंगे। वहीं दूसरे फ़ेज में 265 बेड और बढ़ाए जाएंगे, जिसमें अतिरिक्त 9 विभाग और 2 यूनिट को जोड़ा जाएगा। इसमें 158 नार्मल बेड, 13 आईसीयू बेड, 10 एचडीयू बेड, 21 आईसोलेशन बेड और 63 प्राइवेट बेड होंगे।डा. धीमान ने बताया कि पहले फ़ेज में 12 विभाग और 4 यूनिट काम करेंगी। इनमें जनरल पीडियाट्रिक, पीडियाट्रिक एंकोलॉजी, पीडियाट्रिक इमरजेंसी, पीडियाट्रिक क्रिटिकल केयर, पीडियाट्रिक सर्जरी, पीडियाट्रिक गेस्ट्रोइंट्रोलॉजी, पीडियाट्रिक इंडोक्राइनोलॉजी आदि विभाग शामिल हैं जबकि यूनिट में पीडियाट्रिक पल्मोनोलॉजी, पीडियाट्रिक कार्डियोलॉजी, डे केयर और पीडियाट्रिक मेडिकल जेनेटिक शामिल हैं। वहीं पहले फ़ेज में सबसे ज्यादा 60 बेड जनरल पीडियाट्रिक के होंगे। इसी तरह दूसरे फ़ेज में अतिरिक्त 9 विभाग और 2 यूनिट काम करेंगी। इनमें पीडियाट्रिक नेफ्रोलॉजी, पीडियाट्रिक न्यूरोसर्जरी, पीडियाट्रिक यूरोलॉजी और पीडियाट्रिक ऑर्थोपेडिक एंड फिजीकल मेडिसिन आदि विभाग शामिल हैं जबकि यूनिट में सोशल पीडियाट्रिक्स और डेवलपमेंटल पीडियाट्रिक यूनिट शामिल हैं।

### ज्ञानवापी-विश्वनाथ मंदिर...

कोर्ट ने कहा 1991का कानून पूजा स्थल में 15 अगस्त 1947की स्थिति में बदलाव को प्रतिबंधित करता है। किंतु कानून में पूजा स्थल का धार्मिक चरित्र तय करने की प्रक्रिया नहीं दी गई है। कोर्ट ने कहा 1991 में दाखिल सिविल वाद 32 साल से लंबित है। जिसका राष्ट्रीय हित में निस्तारण होना जरूरी है।

### हंगामा करने...

मंगलवार को सदन समवेत होते ही विपक्षी सदस्य हाथों में तख्तियां लेकर, नारे लगाते हुए और प्रधानमंत्री का फोटो लहराते हुए आसन के सामने आ गए और नारेबाजी करते हुए हंगामा करने लगे। हंगामे के बीच ही प्रश्नकाल चलाने का अध्यक्ष ने प्रयास किया लेकिन सदस्य जोर-जोर से नारे लगाने लगे। अध्यक्ष ओम बिरला ने सदस्यों को हंगामा नहीं करने और नियमों से सदन की कार्यवाही चलते रहने का आग्रह किया लेकिन किसी ने उनकी बात नहीं सुनी। उन्होंने कहा यह सदन आपका है। सदन नियम और परिपाटी से चलता है। नियम आपने ही बनाए हैं। आपने भी कहा था कि सदन में तख्तियां लेकर नहीं आना है। तख्तियां लेकर आएंगे तो सदन नहीं चलेगा। मैं किसी सदस्य के खिलाफ करवाई नहीं करना चाहता हूं लेकिन सदन में मर्यादा बनाए रखना जरुरी है, क्योंकि सदन नियम और व्यवस्था से ही चलता है। पूरा देश सदन की कार्यवाही देख रहा है। देश का यह सर्वोच्च लोकप्रिय सदन है लेकिन आप सदन की मर्यादा को तोड़ रहे हैं, नियम से सदन को नहीं चलने दे रहे है और व्यवस्था तथा परंपरा को तोड़ रहे हैं इसलिए आपको अंतिम चेतावनी दे रहा हूं कि आसन के सामने कोई सदस्य तख्तियां लेकर नहीं आए। संसदीय कार्य मंत्री प्रहलाद जोशी ने कहा कि सदस्य सदन में प्रधानमंत्री की तस्वीर लेकर जिस तरह से व्यवहार कर रहे हैं वह अमर्यादित और निंदनीय है। सदन में सदस्यों का यह व्यवहार उचित नहीं है। श्री बिरला ने हंगामे के बीच सदन चलाने का प्रयास किया लेकिन उनकी बात किसी ने नहीं सुनी और उन्होंने सदन की कार्यवाही 12 बजे तक स्थगित कर दी।

### अटल की जयंती...

आस्था इससे जुड़ी हुई है। श्री सिंह ने बताया कि इस स्थल की विशेषता यह है कि पूरे देश में जहॉ यमुना नदी पश्चिम से पूरब की ओर बहती है लेकिनयहॉ यमुना नदी पांच किमी पूरब से पश्चिम की ओर बहती है और इन मंदिर समूहों को स्पर्श करते हुए पुनः पश्चिम से पूरब की ओर चली जाती हैं। इसे सिद्ध क्षेत्र भी कहा जाता है। इस क्षेत्र की धार्मिक स्थलों की बहुत मान्यता है। पर्यटन मंत्री ने बताया कि इस स्थान की विशेषता एवं लोगों की मान्यताओं को देखते हुए पर्यटकों एवं श्रद्धालुओं के लिए बुनियादी सुविधायें विकसित की गयी हैं। ताकि अधिक से अधिक पर्यटक इन स्थलों की ओर आकर्षित हो सके। उन्होंने कहा कि आगरा में ही ताजमहल स्थित है और इसके अलावा कई यूनिस्को साइट भी हैं। देशी-विदेशी सैलानी ताजमहल का दीदार करने के बाद इन स्थलों की ओर आकर्षित होंगे, इसी के दृष्टिगत बटेश्वर में पर्यटक सुविधाओं का विकास किया जा रहा है। श्री सिंह ने बताया कि 25 दिसम्बर को हेलीकाप्टर सेवा का भी शुभारम्भ किया जायेगा। हेलीकाप्टर सेवा से दर्शन के लिए पर्यटन विभाग ने कई योजनायें तैयार की हैं। आगरा व मथुरा वृन्दावन के आसपास के पर्यटन स्थलों का एयर सफारी तथा एयर परिक्रमा की सुविधा हेलीकाप्टर से उपलब्ध करायी जायेगी। इस हेलीकाप्टर सेवा शुरू होने से देशी-विदेशी पर्यटक आगरा, मथुरा घूमने के पश्चात बटेश्वर की तरफ भी आयेंगे। इसके साथ ही वृद्ध, दिव्यांग व महिलायें हेलीकाप्टर के माध्यम से वृन्दावन की परिक्रमा कर सकेगीं। हेलीपोर्ट सेवा राजस एयरोस्पोर्ट्स एडवेंचर्स प्रालि के प्रतिनिधि मनीष सैनी ने बताया कि एयर परिक्रमा भारत में पहली बार 25 दिसम्बर से शुरू होगी जो पवित्र गोवर्धन की परिक्रमा की सुविधा उपलब्ध करायेगी। यह अद्वितीय सेवा भारत में पहली बार शुरू हो रही है जो श्रद्धालुओं को आकाश से आध्यात्मिक दर्शन का अवसर प्रदान करेगी। इसके अलावा एयर सफारी-ताजमहल का भव्य दृश्य भी देखा जा सकता है। श्री सैनी ने बताया कि इस सेवा के साथ हॉट एयर वैलून सेवा भी शुरू होगी। उन्होंने बताया कि उप्र में स्थाई और ''नवीन पर्यटन की ओर एक कदम'' पर्यटन विमानन क्षेत्र में एक नवाचार है। इसके माध्यम से पर्यटन को बढ़ावा मिलने के साथ ही क्षेत्र के विकास और आर्थिक समृद्ध में विशेष योगदान का अवसर भी है।

### सांसदों के निलंबन...

जीतने और गठबंधन के सदस्यों की संख्या बढ़ाने की है। बैठक में तय किया गया है कि गठबंधन के सभी लोग मिलकर काम करेंगे और सीटों के बंटवारे को लेकर स्थानीय स्तर पर बातचीत होगी और कहीं विवाद हुआ तो पार्टी के केंद्रीय नेता उसे सुलझाएंगे। उन्होंने कहा कि बैठक में सभी 28 दलों के नेता शामिल हुए और सभी ने बैठक को प्रभावशाली बनाया है और इसके लिए सभी दलों के नेता बधाई के पात्र हैं। उन्होंने उम्मीद जताई कि बैठक के बाद गठबंधन और मजबूत होगा। गठबंधन के नेता के सवाल पर उन्होंने कहा कि पहले मिलकर सीटें जीतनी हैं और उसके बाद मिलकर अपना नेता तय करेंगे। उन्होंने कहा कि दो-तीन राज्यों में जीत हासिल कर भाजपा का घमंड बढ़ गया है लेकिन इंडी गठबंधन पहले जीत हासिल करेंगे और उसके बाद सांसद किस तरह से अपने नेता का चुनाव करेंगे इस बारे में विचार किया जाएगा। संसद भवन की सुरक्षा में सेंध के मुद्दे पर सियासी घमासान के बीच इंडी गठबंधन की चौथी बैठक यहां अशोक होटल में बैठक हुई। बैठक में कांग्रेस की ओर से श्री खड़गे और श्री जयराम रमेश के अलावा कांग्रेस संसदीय दल की नेता सोनिया गांधी, पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी और संगठन महासचिव केसी वेणुगोपाल शामिल हुए। बैठक में जनता दल (यू) के नेता एवं बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार और पार्टी अध्यक्ष राजीव रंजन सिंह उर्फ ललन सिंह, तृणमूल कांग्रेस नेता तथा पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी, पार्टी महासचिव अभिषेक बनर्जी, राष्ट्रीय जनता दल के लालू प्रसाद यादव और बिहार के उपमुख्यमंत्री तथा राजद नेता तेजस्वी यादव, राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी के प्रमुख शरद पवार और सुप्रिया सुले, आम आदमी पार्टी के संयोजक एवं दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल और पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान, शिवसेना (उद्धव बालासाहेब ठाकरे) के प्रमुख उद्धव ठाकरे और आदित्य ठाकरे, मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी के सीताराम येचुरी, कम्युनिस्ट पार्टी के ए राजा, आरएसपी के एन के प्रेमचन्द्रन, समाजवादी पार्टी के अध्यक्ष अखिलेश यादव, महासचिव रामगोपाल यादव, द्रमुक नेता तथा तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एमके स्टालिन, लोकसभा में पार्टी के नेता टी आर बालू, नेशनल कान्फ्रेंस के फारूक अब्दुल्ला, पीपुल्स डेमोक्रेटिक पार्टी की महबूबा मुफ्ती, राष्ट्रीय लोक दल के प्रमुख जयंत चौधरी, अपना दल (कमेरावादी) की प्रमुख कृष्णा पटेल, पल्लवी पटेल तथा अन्य कई दलों के नेताओं ने हिस्सा लिया। इंडी गठबंधन की इससे पहले तीन बैठकें पटना, बेंगलुरु और मुंबई में हुई थी। नवंबर में हुए पांच राज्यों के विधानसभा चुनाव के दौरान इंडी के घटक दलों में तालमेल का आभाव दिखा था। संसद भवन में सुरक्षा के मुद्दे पर विपक्ष गृह मंत्री के बयान की मांग पर हंगामा कर रहा है और दोनों सदनों में विपक्ष के कुल मिलाकर 151 सदस्य को निलंबित किया गया है। इससे इंडी गठबंधन की चौथी बैठक से पहले घटक दलों को सरकार के खिलाफ एकजुट होकर आवाज उठाने का एक अवसर मिला है।

### शादी-ब्याह व अन्य...

मगर इस परमिट रूम में कैंटीन की सुविधा अनुमन्य नहीं होगी। किसी बार के लाइसेंसी परिसर से संबंधित भवन के दूसरे परिसर, टेरेस में लाइसेंसी द्वारा अतिरिक्त बार काउंटर की स्थापना की जा सकेगी। इसके लिए अनुमति लेनी होगी। इसके लिए बार लाइसेंस फीस का 25 प्रतिशत या ढाई लाख रुपये का शुल्क देना होगा।

पुलिस या किसी अन्य एजेंसी द्वारा किसी भी शराब, बीयर या भांग की फुटकर दुकान या थोक कारोबार का संचालन बगैर जिलाधिकारी की पूर्वानुमति के बंद नहीं किया जा सकेगा अथवा उसे सील नहीं किया जा सकेगा। आबकारी विभाग के अधिकारी या लाइसेंस जारी करने वाले प्राधिकारी यानि जिलाधिकारी द्वारा प्राधिकृत अधिकारी को छोड़ अन्य किसी अधिकारी द्वारा लाइसेंसी परिसर का निरीक्षण बिना जिलाधिकारी की अनुमति के नहीं किया जा सकेगा। आबकारी विभाग के अधिकारी और लाइसेंस जारी करने वाले जिलाधिकारी द्वारा प्राधिकृत अधिकारी को छोड़कर अन्य एजेंसियों व अफसरों द्वारा शराब, बीयर व भांग की दुकानों के निरीक्षण की अनिवार्य रूप से वीडियोग्राफी करवाई जाएगी।

अंग्रेजी शराब और बीयर बनाने वाले उत्पादक अपनी डिस्टलरी व प्लांट के परिसर का पर्यटकों को भ्रमण करवा सकेंगे। साथ ही वहां इन पर्यटकों को अपने ब्रांड का स्वाद भी चखा सकेंगे। इसके लिए शराब की डिस्टलरियों के संचालका को 50 हजार और बीयर बनाने वालों को 25 हजार रुपये का शुल्क देना होगा। तीन हजार रुपये से अधिक प्रति बोतल एमआरपी वाली देश में बनी अंग्रेजी शराब के स्कॉच व सिंगल माल्ट ब्रांण्ड की प्रदेश में बिक्री प्रोत्साहित करने के लिए बी.डब्लू.एफ.एल.-2एए लाइसेंस भी दिये जाएंगे। प्रत्येक फुटकर दुकान पर डिजिटल लेनदेन की सुविधा जरूरी होगी। अनुमति लेकर हवाई अड्डो, मैट्रो स्टेशन, रेलवे स्टेशन के अन्दर भी प्रीमियम रिटेल यानि महंगी शराब की दुकानें खोली जा सकेंगी। ऐसी दुकानों का प्रवेश व निकास द्वार मुख्य भवन के अन्दर से होगा। नई नीति में देसी शराब की चार श्रेणियां तय की गई हैं। शीरे से बनने वाली 36 प्रतिशत तीव्रता वाली 200 मिली की शराब कांच, पेट की बोतलों व टेट्रापैक में, शीरा से बनी 25 प्रतिशत तीव्रता वाली 200 मिली की कांच, पेट की बोतलों व टेट्रा पैक में बिकेगी। इसके अलावा अनाज सड़ाकर बनाई जाने वाली देसी शराब 42.8 प्रतिशत तीव्रता की 200 मिली और 36 प्रतिशत तीव्रता वाली शराब कांच, पेट व एसेप्टिक ब्रिक पैक यानि टेट्रा पैक में बिकेगी।

### प्रदेश के 57...

व्यय भार अनुमानित है। सरकार तेजी से इस पर काम करने जा रही है और जल्द ही ये थाने स्थापित किए जाएंगे। इससे न सिर्फ साइबर क्राइम पर नजर रखी जा सकेगी, बल्कि उस पर प्रभावी कार्रवाई भी संभव हो सकेगी। प्रदेश में साइबर क्राइम की मौजूदा स्थिति के बारे में जानकारी देते हुए उन्होंने बताया कि साइबर क्राइम में कन्विक्शन के मामले में यूपी सबसे ऊपर है। हमारा सजा दिलाने की दर नेशनल साइबर क्राइम के सजा दिलाने की दर से काफी बेहतर है। साइबर क्राइम के मामलों में नेशनल दर 46.5 परसेंट है, जबकि हमारा कन्विक्शन रेट 87.8 परसेंट है। अब तक प्रदेश में 838 कन्विक्शन हुए हैं, जबकि दूसरे नंबर पर मौजूद मध्य प्रदेश में सिर्फ 59 कन्विक्शन हुए हैं। प्रदेश में 7122 क्रिमिनल अरेस्ट किए गए हैं, जबकि महाराष्ट्र में 2582 क्रिमिनल अरेस्ट किए गए। उत्तर प्रदेश में 2022 में 10,117 केस रजिस्टर हुए हैं। वित्तमंत्री सुरेश कुमार खन्ना ने कैबिनेट निर्णय की जानकारी देते हुये बताया कि औद्योगिक विकास विभाग के इस निर्णय से एनसीआर के 2.40 लाख आवंटियों का फायदा होगा। असल में नीति आयोग के पूर्व सीईओ अमिताभ कंात की कमेटी की संस्तुतियों को मानते हुये कैबिनेट ने लिगेसी स्टॉल्ड रीयल इस्टेट प्रोजेक्ट्स प्रस्ताव को मंजूरी दी गई। समिति ने सिफारिश की थी यदि आवंटी ने पूरा पैसा जमा कर दिया है और उसे कब्जा नहीं मिला है तो उसे मकान का कब्जा दिलाकर उसकी रजिस्ट्री कराई जाए। यदि क्रेता मकान में निवास कर रहा है और उसकी रजिस्ट्री नहीं हुई है तो उसकी रजिस्ट्री कराई जाए।

समिति ने 1 अप्रैल 2020 से मार्च 2022 तक कोरोना से प्रभावित कालखंड को जीरो पीरियड मानते हुए बिल्डरों को इस अवधि में ब्याज में छूट देने की भी संस्तुति की थी। वित्त मंत्री सुरेश कुमार खन्ना ने बताया कि राज्य सरकार ने इन दोनों संस्तुतियों को मान लिया है। इससे एनसीआर क्षेत्र में बड़ी संख्या में आवंटियों को राहत मिलेगी। वहीं रुकी हुई आवासीय परियोजनाएं भी पूरी हो सकेंगी। और बिल्डर अपने प्रोजेक्ट में अधूरे फ्लैट पूरे करा सकेंगे। इससे स्थानीय स्तर पर रोजगार भी मिलेगा। असल में इंडियन बैंक एसोसिएशन के एक अनुमान के मुताबिक पूरे देश में 4.12 लाख ऐसे घर हैं जो डवलपर की खराब वित्तीय स्थिति के कारण पूरे नहीं हो पा रहे हैं।

# ‘विकसित भारत संकल्प यात्रा से एक छत के नीचे मिल रहा सरकारी योजनाओं का लाभ’

कैनविज टाइम्स संवाददाता




हरिद्वार। भारतीय जनता पार्टी के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष एवं हरिद्वार नगर के विधायक मदन कौशिक ने कहा कि यह प्रधानमंत्री मोदी की सरकार है, जिसने गरीबों, किसानों, छोटे व्यापारियों और समाज के विभिन्न वर्गों की मदद की है।

विधायक कौशिक आज टिबड़ी स्थित अंबेडकर पार्क में आयोजित विकसित भारत संकल्प यात्रा में बतौर मुख्य अतिथि बोल रहे थे। स्वतंत्रता के बाद लंबे समय तक विकास का लाभ कुछ बड़े शहरों तक ही सीमित था। लेकिन उनकी सरकार छोटे शहरों के विकास पर ध्यान केंद्रित कर रही है और इससे विकसित भारत की नींव मजबूत होगी। उन्होंने कहा कि जहां बाकी सभी राजनैतिक दलों और सरकारों से लोगों की उम्मीदें खत्म हो जाती हैं, वहां से मोदी की गारंटी शुरू होती है। भारत को एक विकसित देश बनाने के मोदी के संकल्प के केंद्र में छोटे शहरों का विकास है। विकसित भारत के संकल्प के साथ मोदी की गारंटी गाड़ी देश के हर कोने तक पहुंच रही है। एक महीने के अंदर ही विकसित भारत संकल्प यात्रा हजारों गांवों और शहरों, विशेषतौर पर छोटे शहरों में पहुंच गई है। उनकी सरकार परिवार के एक सदस्य की तरह हर किसी की परेशानियां कम करने का प्रयास कर रही है। यही कारण है कि आज आजाद भारत के इतिहास में यह पहली ऐसी बड़ी योजना है, जिसका लाभ हर गली, मोहल्ले बस्ती में आमजन द्वारा लिया जा रहा है। एक ही छत के नीचे सभी विभागों से जुड़े अधिकारी जनता की समस्याओं का त्वरित समाधान कर रहे हैं। भाजपा के जिला उपाध्यक्ष विकास तिवारी ने कहा कि सरकार की योजनाओं का लाभ आम जनता तक पहुंचे और अंत्योदय से सर्वोदय की परिकल्पना धरातल पर सरकार हो इस उद्देश्य से मोदी की गारंटी की गाड़ी हरिद्वार की गली-गली में घूम रही है। भाजपा महिला मोर्चा की प्रदेश उपाध्यक्ष अनु कक्कड़ ने कहा कि जिस देश का प्रधानमंत्री 140 करोड़ देशवासियों की सतत चिंता करता हो उसे देश का भविष्य उज्जवल है। आज की यात्रा में भाजपा मंडल अध्यक्ष राजेश शर्मा, विधायक प्रतिनिधि राजकुमार अरोड़ा, मंडल महामंत्री आकाश चौहान, महिला मोर्चा जिला उपाध्यक्ष पारुल चौहान, मंडल अध्यक्ष मृदुल शास्त्री, युवा मोर्चा मंडल अध्यक्ष तुषांक भट्ट, पार्षद सपना शर्मा एवं नगर निगम, स्वास्थ्य विभाग,शिक्षा विभाग और जिला खाद्य एवं आपूर्ति विभाग के तमाम अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

# तीन करोड़ के राष्ट्रीय घोटाले में राजस्थान से पहली गिरफ्तारी

कैनविज टाइम्स संवाददाता




देहरादून। उत्तराखंड एसटीएफ राष्ट्रीय साइबर पोर्टल की 74 शिकायतों पर पूरी तरह काम कर रही है और 3 करोड़ के राष्ट्रीय घोटाले में राजस्थान से पहली गिरफ्तारी की है। एसएसपी एसटीएफ आयुष अग्रवाल ने बताया कि इस राष्ट्रीय घोटाले की संदिग्ध आरोपितों पर पूरे भारत में 74 शिकायतें मिली है जिनमें उत्तराखंड के साथ-साथ आंध्र प्रदेश, बिहार, महाराष्ट्र, जम्मू कश्मीर, केरल, कर्नाटक, वेस्ट बंगाल, तेलंगाना, दिल्ली, गुजरात, हरियाणा, मध्य प्रदेश, उड़ीसा, राजस्थान तमिलनाडू, त्रिपुरा और उत्तर प्रदेश शामिल है। स्टाक मार्केट में निवेश कर जल्दी पैसे कमाने का लालच देकर ठगी करने वाले गिरोह के तीन सदस्यों को राजस्थान से गिरफ्तार किया है। मंगलवार को जानकारी देते हुए एसएसपी एसटीएफ आयुष अग्रवाल ने बताया कि कोटद्वार निवासी शिकायत कर्ता रिया शर्मा को फ़ेसबुक फ्रेंड और उनके कथित अंकल के द्वारा स्टाक मार्केट में सेल पर्चेज में हुई हानि को वापस दिलाने तथा लाभ दिलाने के लिए फोरेक्स ट्रेडिंग के नाम पर ओकेएक्स, एलईसी एप डाउनलोड करवाकर उनमें ट्रेडिंग के लिए 6,59,550 रुपये की धोखाधड़ी की गई। इस प्रकरण की जांच निरीक्षक विकास भारद्वाज को सौंपी गई। जांच के दौरान पता चला कि आरोपियों ने हानि को वापस दिलाने व लाभ दिलाने के नाम यह राशि हड़पी गई। आरोपितों ने जो मोबाइल नंबर दिए थे और जिस खाते में धनराशि प्राप्त की गई थी। उनकी जानकारी की गई, जिसमें मनोज गुज्जर पुत्र हरनाम भीलवाड़ा राजस्थान, ओम प्रकाश कुमावत भीलवाड़ा राजस्थान तथा रईस खान पुत्र मंजूर अली भीलवाड़ा राजस्थान को गिरफ्तार किया गया है। आरोपितों के पास से 4 मोबाइल, दो क्रेडिट कार्ड, दो डेबिड कार्ड, आधारकार्ड व पेनकार्ड बरामद किए गए है। आरोपियों पर पूरे देश में 74 शिकायतें दर्ज है। एसएसपी एसटीएफ आयुष अग्रवाल ने आग्रह किया है कि जनता ऐसे किसी लुभावाने नारे में न आएं ताकि उसे क्षति न हो।

## संक्षिप्त समाचार

### एसडीआरएफ टीम ने लेमन ट्री होटल के सुरक्षा कर्मियों को किया आपदा के प्रति जागरूक

ऋषिकेश। एसडीआरएफ टीम ढालवाला ने लेमन ट्री होटल तपोवन में सुरक्षा कर्मियों एवं स्टाफ के कर्मचारियों को आपदा के प्रति जागरूक करते हुए किसी भी आपदा से निपटने के लिए आवश्यक प्रशिक्षण भी दिया गया। एसडीआरएफ के निरीक्षक कविंद्र सजवान ने बताया कि वर्तमान समय में एसडीआरएफ टीम प्रदेश के विभिन्न स्थानों पर आपदा के प्रति जागरूक करने एवं प्रशिक्षण दिए जाने का कार्य कर रही है, इसी क्रम में लेमन ट्री होटल तपोवन के सुरक्षा कर्मियों एवं होटल स्टाफ को आपदा से निपटने के तरीकों के बारे में बताया गया। इसी के साथ फायर फाइटिंग का प्रशिक्षण दिया गया। इस दौरान एसडीआरएफ टीम में पंकज खारोला, हेड कांस्टेबल आशिक अली, कांस्टेबल मातवर सिंह, फायरमैन सुमित नेगी, कांस्टेबल रजत तोमर व राहुल मौजूद थे।

### अपराध पर रोक लगाने को हरिद्वार पुलिस को मिला फिनोलेक्स का सहयोग

हरिद्वार। एसएसपी प्रमेन्द्र डोबाल ने आज पुलिस लाइन रोशनाबाद में आयोजित कार्यक्रम में झबरेड़ा स्थित फिनोलेक्स कम्पनी से प्राप्त 12 बाइक और एक बोलेरो गाड़ी को हरी झंड़ी दिखाकर थानों के लिए रवाना किया। कार्यक्रम के अवसर पर फिनोलेक्स कम्पनी के एग्जीक्यूटिव डायरेक्टर रत्नाकर प्रकाश बार्वे, सीनियर वाईस प्रेजिडेंट (प्लांट हैड ) रुड़की प्लांट प्रवीन अहीरे, एसपी देहात स्वप्न किशोर सिंह, एएसपी संचार विपिन कुमार, सीओ मंगलौर बहादुर सिंह चौहान, सीओ ज्वालापुर निहारिका सेमवाल, सीएफओ अभिनव त्यागी, एसओ पथरी रविन्द्र कुमार, सीआईयू रुड़की प्रभारी आदि मौजूद रहे। फिनोलेक्स कम्पनी द्वारा इससे पूर्व भी राजकीय कार्य के लिए वर्ष 2021 मे थाना झबरेड़ा को एक बोलेरा गाडी व वर्ष 2022 में सीओ मंगलौर को एक मेहेन्द्रा टीयूबी 300 उपलब्ध कराई गई थी।

### पुलिस ने फरार बाइक चोर दबोचा, बाइक बरामद

हरिद्वार। गंगनहर कोतवाली पुलिस ने बाइक चोरी के मामले में फरार चल रहे एक आरोपित को गिरफ्तार करते हुए उसके पास से चोरी की बाइक बरामद की है। मोहम्मद जाकिर पुत्र मुस्तकीम निवासी मकरपुर पिरान कलियर ने 2 दिसम्बर को अपनी बाइक चोरी होने के संबंध में तहरीर देकर मुकदमा दर्ज कराया था। पुलिस ने आज चैकिंग के दौरान इब्राहिमपुर तिराहे से आरोपित नीतीश पुत्र अमी सिंह निवासी साखन खुर्द थाना देवबंद जनपद सहारनपुर उत्तर प्रदेश को चोरी की बाइक के साथ गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने आरोपित के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर उसका चालान कर दिया है।

### सरस्वती विद्या मंदिर को ब्लाक प्रमुख रमोला ने दिए कुर्सी-मेज

नई टिहरी। टीएचडीसी की मदद से ब्लाक प्रमुख प्रतापनगर प्रदीप चंद रमोला ने सरस्वती विद्या मंदिर लम्बगांव को 20 सेटी कुर्सी व मेज सौंपे। स्कूल को मेज-कुर्सी सौंपते हुए प्रमुख रमोला ने कहा कि विद्यालयों को बेहतर पठन-पाठन के लिए संसाधनों की उलब्धता जरूरी है। इसके लिए प्रमुख ने टीएचडीसी का आभार जताते हुए विद्यालय परिवार व छात्रों को शुभकामनाएं दी। मंगलवार को प्रतापनगर के युवा प्रमुख प्रदीप चंद रमोला की ठोस पहल पर टीएचडीसी की मदद से सरस्वती विद्या मंदिर लम्बगांव को 20 सेट कुर्सी-मेज उपलब्ध करवाये गये। जिसके लिए विद्यालय प्रधानाचार्य, शिक्षकों व अभिभावकों ने विद्यालय में प्रमुख प्रदीप चंद रमोला का शाल ओढ़ाकर सम्मान किया। इसके लिए प्रमुख ने तहे दिल से विद्यालय परिवार का आभार भी जताया। विद्यालय के प्रधानाचार्य धनवीर सजवाण ने कहा कि प्रमुख रमोला के प्रयास से विद्यालय के छात्रों जो संसाधन मिले हैं। उनसे छात्रों को पठन-पाठन में में बेहद सुविधा मिलेगी। जिसके लिए छात्र व अभिभावक प्रमुख के प्रयासों को सराह रहे हैं। विद्यालय के उत्थान के लिए स्थानीय जन प्रतिनिधियों व लोगों का सहयोग बेहद जरूरी है। इस मौके पर विद्यालय के प्रधानाचार्य धनवीर सजवाण, शीशपाल सिह, संदीप कलूडा, अमरजीत, सुमित, रंजना, अंजलि आदि ने कहा कि प्रमुख रमोला के अथक प्रयासों से विद्यालय को फर्नीचर मिलन बेहतर कदम है। इस तरह के प्रयासों से विद्यालय में साधनों का विकास होना सुनिश्चित है।

### 550 नशीले इंजेक्शन व 467 ग्राम चरस बरामद

देहरादून। एंटी नारकोटिक्स टीम एसटीएफ की संयुक्त कार्रवाई में गंगनहर पुलिस के पास पाडली गुज्जर रोड से हसीन पुत्र शकील से नशे की खेप बरामद की गई जो हरिद्वार बेचने ला रहा था। आरोपित के पास से 550 प्रतिबंधित नशीले इंजेक्शन बरामद हुए। दूसरी घटना में पटेल नगर क्षेत्र में दयाराम चौहान पुत्र सैंजीराम उत्तरकाशी को पाम सिटी के पास से 467 ग्राम चरस के साथ गिरफ्तार किया गया। दोनों आरोपियों के विरुद्ध एनडीपीएस एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज किया गया है। एसटीएफ एसएसपी आयुष अग्रवाल ने जनता से आग्रह किया है कि वह नशे से दूर रहें और ऐसी किसी घटना की जानकारी एसटीएफ को जरूर दें।

### उत्तरकाशी में धधक-धधक कर जल रहे जंगल, वन विभाग आग पर काबू पाने में नाकाम

उत्तरकाशी। जिला मुख्यालय से सटे मुखेम रेंज के कुटेटी देवी व दिलसौंड़- मातली के जंगलों में आग लगने से जंगल धधक-धधक कर जले। चीड़ के बड़े-बड़े पेड़ सुलगते रहे और कई पेड़ धराशायी होकर गिर गए। मंगलवार को सुबह से ही जंगल से आग की लपटें और धुआं उठता रहा। जंगल की आग और उसके धुएं से लोग बहुत परेशान दिखे। वन विभाग जंगलों की आग पर काबू पाने में नाकाम साबित दिख रहा है। प्रभागीय वनाधिकारी कोट बंगला डीपी बलूनी से मामले में दूरभाष पर संपर्क करने की कोशिश की तो उन्हें फोन रिसीव नहीं किया। गौरतलब है कि शीतकालीन में मुखेम रेंज सहित मातली के ठीक सामने के जंगल में मंगलवार को आग लग गई। जंगल के कई हेक्टेयर से अधिक दायरे में लगी आग से वन संपदा को खासा नुकसान पहुंचा है। चीड़ के बड़े-बड़े पेड़ सुलगते रहे और कई पेड़ धराशायी होकर गिर गए।

# रोटरी क्लब ऋषिकेश में 22 दिसंबर को लगाएगा रोजगार मेला

■ 300 से 500 बेरोजगार युवाओं को आन स्पॉट दिया जाएगा नियुक्ति पत्र

कैनविज टाइम्स संवाददाता




ऋषिकेश। रोटरी क्लब ऋषिकेश आगामी 22 दिसंबर को ऋषिकेश में वृहद रोजगार मेला लगाने जा रहा है। जिसमें उत्तराखंड के 300 से 500 बेरोजगार युवाओं को रोजगार उपलब्ध कराया जाएगा। यह जानकारी रोटरी क्लब के अध्यक्ष संजय अग्रवाल एवं असिस्टेंट गवर्नर नितिन गुप्ता ने ऋषिकेश प्रस्तुत में आयोजित पत्रकार वार्ता के दौरान दी। उन्होंने बताया कि यह मेला रेलवे मार्ग पर स्थित गुरु नानक गुरुद्वारे में आयोजित किया जाएगा। जिसमें सिडकुल, पंतनगर व नोएडा से विभिन्न राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय कंपनियां अप्रेंटिसशिप ट्रेनिंग व रोजगार के लिए युवाओं का चयन करेगी। उन्होंने बताया कि रोजगार मेले में प्रत्येक युवक को रोजगार के साथ उसे प्रमाण पत्र दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि क्लब ने मेट्रो सिटी के अंतर्गत अपने क्षेत्र के युवाओं को रोजगार दिए जाने का संकल्प लिया है। यह रोजगार मेला 22 दिसंबर को रेलवे मार्ग पर स्थित गुरु नानक गुरुद्वारे में लगाया जाएगा ,जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में शहरी विकास मंत्री प्रेमचंद अग्रवाल होंगे। इस मेले में प्रतिभाग करने वाले युवाओं का पंजीकरण अत्यंत आवश्यक है। यह पंजीकरण मेले में भी किया जाएगा इस मेले में पांच कंपनियों से टाइप किया गया है। इस मेले में उत्तराखंड के दसवीं एवं 12वीं पास बेरोजगार युवाओं को रोजगार दिया जाएगा जो इस मेले में प्रति भाग कर अपनी सभी प्रक्रियाओं को पूरा करेंगे, तो उन्हें ऑन सपोर्ट पर सिलेक्शन दिया जाएगा जिनका इंटरव्यू मौके पर ही होगा। इनका कार्य स्थल नोएडा और गाजियाबाद रहेगा। इस प्रकार का मेला कुमाऊँ मंडल में भी लगाया गया था, लेकिन गढ़वाल मंडल में इस प्रकार का मेला पहला लगाया जा रहा है। इस मेले में 300 से 500 लोगों को रोजगार दिया जाएगा जिनका वेतन 10000 से 12000 से अधिक रहेगा। इसी के तहत उन्हें जूते और ड्रेस भी कंपनी द्वारा उपलब्ध कराई जाएगी। इस मेले में सिलेक्शन पाने वाले युवाओं को आईटीआई का डिप्लोमा भी 2 साल बाद उपलब्ध कराया जाएगा। यह रोजगार स्पार्क मिंडा प्राइवेट लिमिटेड, वोल्टास लिमिटेड, जेड एफ राणा लिमिटेड, एदवइक हाईटेक प्राइवेट लिमिटेड, कंपनी मुख्य है। प्रेस वार्ता में रोटरी क्लब के अध्यक्ष संजय अग्रवाल, सचिव संजय शर्मा, कोषा ध्यक्ष पंकज नागपाल, प्रोजेक्ट मैनेजर डा रवि कौशल, गोपाल अग्रवाल ,विकास तेवतिया, असिस्टेंट गवर्नर नितिन गुप्ता, जितेंद्र बर्तवाल आदि मौजूद थे।

### पर्यावरण के क्षेत्र में भारत विकासशील देशों की आवाज बना: भूपेन्द्र यादव

नई दिल्ली। केंद्रीय पर्यावरण मंत्री भूपेन्द्र यादव ने कहा कि पर्यावरण संबंधी मामलों में वैश्विक स्तर पर भारत विकासशील देशों की आवाज बना है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में आज दुनिया ने भारत की क्षमता को न केवल पहचाना है बल्कि स्वीकार भी किया है। जी-20 शिखर सम्मेलन के दौरान दिल्ली घोषणा के तहत ‘हरित विकास’ की प्रस्तावित अवधारणा को दुनिया ने स्वीकार किया है। प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में भारत का कद विश्व में ऊंचा हुआ है। भूपेन्द्र यादव ने मंगलवार को यहां संवाददाता सम्मेलन में कहा कि चंद्रयान मिशन से हमने दुनिया को दिखा दिया कि हमारी क्षमता क्या है। इसके साथ चंद्रयान मिशन से दुनिया को यह भी बताया कि न्यूनतम बजट में हम चांद तक पहुंच सकते हैं। भारत मिशन चंद्रयान चला कर अपनी क्षमताओं को सिद्ध कर चुका है। भारत ने कम वित्तीय बजट 615 करोड़ रुपये में सफल चंद्रयान मिशन करके दिखाया है। इसके साथ कोरोना महामारी में भारत के प्रबंधन को दुनिया ने सराहा है।

# धर्मयात्रा महासंघ की बैठक में आगामी योजनाओं की दी जानकारी

कैनविज टाइम्स संवाददाता




हरिद्वार। विश्व हिन्दू परिषद के आयाम धर्मयात्रा महासंघ की बैठक गरीबदासी आश्रम में भागवताचार्य स्वामी रवि देव शास्त्री की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। बैठक में मुख्य अतिथि अंचल संगठन मंत्री शिव नारायण रहे। धर्म यात्रा महासंघ के प्रांतीय संरक्षक रविंद्र गोयल, प्रांतीय महामंत्री डॉ. चंद्रधर काला, प्रांतीय कोषाध्यक्ष डॉ. उपेंद्र गुप्ता व विशिष्ट अतिथि विहिप के जिलाध्यक्ष एवं हरकी पैड़ी प्रबंधकारिणी संस्था गंगा सभा के अध्यक्ष नितिन गौतम के सानिध्य में हरिद्वार तीर्थ पर यात्रियों की सुविधा के लिए प्रशासन के समक्ष विविध विषयों को उठाने का निर्णय लिया गया। बैठक का संचालन महासंघ के राष्ट्रीय मंत्री व धर्म प्रवाह के संपादक डॉ. रजनीकांत शुक्ल ने किया। महासंघ के संगठन मंत्री शिवनारायण द्वारा धर्मयात्रा महासंघ की स्थापना व उद्देश्य के साथ आगामी योजनाओं के सम्बंध में सभी को विस्तृत जानकारी दी गई। इस मौके पर प्रदेश महामंत्री डा. चन्द्रधर काला ने धर्मयात्रा महासंघ की नगर इकाई में श्रीप्रसाद कुकरेती को अध्यक्ष व हरिमोहन भारद्वाज को मन्त्री का दायित्व दिये जाने की घोषणा की जिसका सभी सदस्यों ने स्वागत किया। प्रांतीय संरक्षक रविन्द गोयल ने तीर्थ क्षेत्र में शराब पर प्रतिबंध होने के बावजूद शहर में बढ़ रही नशाखोरी पर चिंता व्यक्त करते हुए पुलिस प्रशासन से इस पर रोक लगाने की मांग की। अध्यक्षता कर रहे स्वामी रविदेव शास्त्री ने धर्मयात्रा महासंघ के द्वारा किये जा रहे कार्यों और ज्यादा गति प्रदान करने की अपील करते हुए गरीबदासी संस्था की तरफ से भरपूर सहयोग का आश्वासन दिया। बैठक में प्रमुख रूप से विहिप विभाग संगठन मंत्री अमित,जिला सह मंत्री विश्वास सक्सेना, प्रदेश उपाध्यक्ष ललिता मिश्रा, कार्यकारिणी सदस्य सुषमा मिश्रा, सुनीता शुक्ला, ड़घ प्रशान्त पालीवाल, रवि दत्त शर्मा श्यामलाल गौड़, ब्रह्मदेव शर्मा, मनोज चौधरी,मुनिराम शर्मा, यशपाल, वीर सेन मानव उपस्थित रहे।

# ठेका प्रथा बंद करने की मांग को लेकर सफाई कर्मियों का प्रदर्शन

कैनविज टाइम्स संवाददाता

नई टिहरी। सफाई कर्मियों ने पदोन्नति, ठेका प्रथा बंद करने व सभी जरूरी सुविधायें देने सहित विभिन्न मांगों को लेकर जिला मुख्यालय में जुलुस-प्रदर्शन करते हुए कहा कि यदि मांगों पर कार्यवाही न हुई तो एक जनवरी से अनिश्चित कालीन हड़ताल शुरू की जायेगी। सफाई कर्मियों ने मांगों को लेकर स्थानीय प्रशासन के माध्यम से सीएम धामी व मुख्य सचिव को ज्ञापन भी प्रेषित किया। मंगलवार को सफाई कर्मियों ने अखिल भारतीय सफाई मजदूर संघ के बैनर तले नई टिहरी जिला मुख्यालय पर मांगों को लेकर जुलुस-प्रदर्शन करते हुए कलेक्ट्रेट पहुंचकर सफाई कर्मियों का उत्पीड़न बंद करन की मांग की। इसके बाद कलेक्ट्रेट में सफाई कर्मियों ने सीएम व सीएस को संबोधित ज्ञापन एसडीएम संदीप कुमार को सौंपा। ज्ञापन के माध्यम से सफाई कर्मियों ने मांग की, कि उत्तराखंड के समस्त निकायों से ठेकेदारी प्रथा, संविदा प्रथा, गैंग, पुरानी समिति व दैनिक व्यवस्था पूरी तरह से समाप्त की जाये। विभिन्न विभागों में लगे सभी सफाई कर्मियों तत्काल नियमित किया जाये। डा. ललित मोहन रयाल कमेटी की सिफारिशों को तत्काल लागू किया जाय। पुरानी पेंशन लागू की जाय। साथ ही ज्ञापन के माध्यम से चेतावनी दी, कि यदि मांगों पर कार्यवाही न हुई तो समस्त सफाई कर्मी आगामी एक जनवरी से अनिश्चतकालीन हड़ताल व आंदोलन को माध्य होंगे। इस बात पर रोष जाहिर किया गया कि दो साल बीतने के बाद भी रयाल कमेटी की सिफारिशों को लागू नहीं किया गया है।

### अमृतसर में 970 ग्राम हेरोइन सहित दो ड्रोन बरामद

जालंधर। सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) ने पंजाब में अमृतसर जिले के धनोए खुर्द गांव से दो पाकिस्तानी ड्रोन और 970 ग्राम हेरोइन बरामद की है। बीएसएफ के जनसंपर्क अधिकारी ने मंगलवार को बताया कि आज तड़के सुरक्षा बल के जवानों ने एक संदिग्ध ड्रोन की आहट पर तुरंत प्रतिक्रिया देते हुए ड्रोन पर गोलीबारी की। इसके बाद पंजाब पुलिस के साथ गहराई वाले इलाके में संयुक्त तलाशी अभियान चलाया गया। तलाशी के दौरान सैनिकों ने गांव के पास खेत से एक ड्रोन के साथ 430 ग्राम हेरोइन का पैकेट बरामद किया। पीले चिपकने वाले टेप में लिपटे हुए पैकेट के साथ नायलॉन स्ट्रिंग की एक अंगूठी और एक छोटे आकार की टॉर्च बंधी हुई थी। खेप को ड्रोन के होल्ड और रिलीज तंत्र के साथ ड्रोन के साथ जोड़ा गया था। इससे पहले सुरक्षा बल के जवानों ने सोमवार की देर रात धनोए खुर्द गांव से ही एक ड्रोन और 540 ग्राम हेरोइन बरामद की थी। ड्रोन की घुसपैठ के संबंध में विशेष जानकारी पर, बीएसएफ के जवानों ने गांव धनोए खुर्द के पास एक संदिग्ध ड्रोन को रोकने के लिए जवानों ने तुरंत प्रतिक्रिया व्यक्त की।

# क्षेत्रीय विधायक डा. प्रेमचंद ने नेशनल हाईवे के अधिकारियों के साथ कोयल घाटी से पुरानी चुंगी मार्ग तक सड़क पर हुए गड्ढे, गंदे नाले और रैम्प का किया निरीक्षण

कैनविज टाइम्स संवाददाता



ऋषिकेश। क्षेत्रीय विधायक और मंत्री डा. प्रेमचंद अग्रवाल ने नेशनल हाइवे के अधिकारियों के साथ कोयल घाटी से पुरानी चुंगी मार्ग तक सड़क पर हुए गड्ढे, गंदे नाले और रैम्प का निरीक्षण किया। डा. अग्रवाल ने नाराजगी व्यक्त करते हुए विभागीय अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। इस पर अधिकारियों ने डा. अग्रवाल से 15 जनवरी तक का समय मांगा। कोयल घाटी से पुरानी चुंगी तक डॉक्टर अग्रवाल ने निरीक्षण के दौरान अधिकारियों को बताया कि यहां सड़क में कई अलग-अलग जगह पर गड्ढे हुए पड़े हैं जिन्हें शीघ्र भरा जाए। उन्होंने निरीक्षण के दौरान नेशनल हाइवे के उच्च अधिकारियों को बताया कि गंदे नाले से निकलने वाला पानी सड़कों पर बह रह रहा है, जिसके लिए नाला बनाकर दूषित पानी का मार्ग बदला जाए। डा. अग्रवाल ने इस दौरान सड़क के किनारे बनाए गए फुटपाथ में दिव्यांगों के लिए रैंप न बनाने पर नाराजगी जताई। उन्होंने इसके लिए निर्देशित किया। उन्होंने सड़क के किनारे लगी टाइल्स की क्वालिटी पर भी सवाल उठाते हुए अधिकारियों को निर्देशित किया। निरीक्षण के दौरान डा. अग्रवाल के निर्देश पर अधिकारियों ने 15 जनवरी तक का समय निर्देश के अनुपालन के लिए मांगा। इस मौके पर जिला अध्यक्ष रविंद्र राणा, अधीक्षण अभियंता रंजीत सिंह, अधिशासी अभियंता प्रवीण कुमार, सहायक अभियंता मनोज राठौर, जिला अध्यक्ष अल्पसंख्यक मोर्चा सतीश सिंह, उपाध्यक्ष मनोज ध्यानी, मंडल अध्यक्ष सुमित पवार, राधे जाटव, पार्षद शिवकुमार गौतम, राजू नरसिंम्हा, मंडल मंत्री दीपक बिष्ट, रूपेश गुप्ता, युवा मोर्चा महामंत्री अभिनव पाल सहित स्थानीय दुकानदार उपस्थित रहे।

चेयरमैन एवं प्रधान सम्पादक - राकेश कुमार पाण्डेय कार्यकारी सम्पादक* - अरशद सईद खान
स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक राकेश कुमार पाण्डेय द्वारा सरस्वती प्रिंटर्स वाटर वर्क्स रोड ऐशबाग, लखनऊ से मुद्रित एवं सी-46, कृष टॉवर, विभूति खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ, पिन-226010 से प्रकाशित। * इस अंक में प्रकाशित सभी समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पीआरबी एक्ट के तहत उत्तरदायी।
समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय क्षेत्र के ही अधीन होंगे। फोन नं। 0522-4249333 फैक्स नं.- 4249333 e-mail : info@kanwhizztimes.com RNI NO - UPHIN/2012/42063